वर्ष-31, अंक- 237, पृष्ठ-12 | असाढ़ कृष्ण पक्ष 03, संवत 2082 | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नंः आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

डालटनगंज (मेदिनीनगर)
शनिवार
14 जून 2025

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹3.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर



पेज 12

## एक नजर

### सोना फिर पहुंचा एक लाख रुपए के पार चांदी भी चमकी

**नई दिल्ली (हि.स)।** पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने की वजह से सोने की कीमत में लगातार तीसरे दिन तेजी जारी रही। सोने की प्रति 10 ग्राम का भाव फिर एक लाख रुपए के पार पहुंच गई है। चांदी की कीमत में भी बढ़ोतरी दर्ज की गई है। ईरान पर इजराइल के सैन्य हमले के बाद बढ़े तनाव के बीच राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली के सर्राफा बाजार में शुक्रवार को कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने की कीमत 2,200 रुपए उछलकर 1,01,540 रुपए प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड स्तर के करीब पहुंच गई। चांदी की कीमत भी 1,100 रुपए बढ़कर 1,08,100 रुपए प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई।

### झारखंड में कोविड के सक्रिय मामलों की संख्या 24 हुई

**रांची।** झारखंड में कोरोना संक्रमण के मामलों में पिछले 24 घंटों के दौरान वृद्धि हुई है। कोरोना डैशबोर्ड के अनुसार, शुक्रवार को झारखंड में कोरोना के सक्रिय मामलों की संख्या 24 हो गई है। पिछले 24 घंटों में राज्य में कोरोना संक्रमण के पांच नए मामले मिले हैं। पिछले 24 घंटों में एक कोरोना संक्रमित मरीज ठीक हो कर घर चला गया है। हालांकि, देश में कोरोना के मामलों में कुछ कमी आती दिखाई दे रही है।

# गुमला के रायडीह में धान व्यवसायी को मारी गोली, 4 लाख नकदी लूटे

- तीन बाइक पर आए थे अपराधी, मोबाइल भी लूट ले गए
- कांसीर साप्ताहिक बाजार में लूट को दिया गया अंजाम

**नवीन मेल संवाददाता**



**रायडीह (गुमला)।** गुमला जिले के रायडीह थाना क्षेत्र का कांसीर साप्ताहिक बाजार शुक्रवार को फायरिंग से दहल उठा। धान व्यापार के लिए पहुंचे एक स्थानीय व्यवसायी राजकुमार साहू को अज्ञात अपराधियों ने गोली मार दी और 4 लाख रुपए नकद व एक मोबाइल फोन लूटकर फरार हो गए। यह वारदात दिन में करीब 11:00 बजे उस वक्त घटी, जब तिर्रा हंसलता गांव के निवासी 30 वर्षीय व्यापारी राजकुमार साहू बाजार में अपनी बाइक खड़ी कर रहे थे।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, तीन बाइक पर सवार कुल नौ अपराधी बाजार पहुंचे और राजकुमार पर अचानक हमला कर दिया। अपराधियों ने पहले व्यापारी के पास रखा पैसों से भरा झोला छीनने की कोशिश की, लेकिन जब व्यापारी ने प्रतिरोध किया तो एक अपराधी ने पिस्टल सटाकर दो गोलियां दाग दीं। एक गोली सीधे पेट में लगी, जबकि दूसरी गोली पेट को छूती हुई निकल गई। गंभीर रूप से घायल राजकुमार को स्थानीय लोगों की मदद से तत्काल गुमला सदर अस्पताल पहुंचाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति देखते हुए उन्हें रांची स्थित राजेंद्र आययुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) रेफर कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार, व्यापारी के पास रखे करीब 4 लाख रुपए नकद और एक मोबाइल फोन की लूट हुई है। घटना को अंजाम देने के बाद अपराधी बांसडीह की दिशा में फरार हो गए।

सूत्रों के अनुसार, इससे पहले भी अपराधियों द्वारा राजकुमार से रंगदारी की मांग की गई थी। एक वर्ष पूर्व उनसे लूट का प्रयास भी किया गया था। लेकिन, राजकुमार ने उस समय पुलिस को सूचना नहीं दी थी, जिससे अपराधियों के हौसले और बढ़ गए। व्यवसाय से जुड़े होने के कारण राजकुमार को अक्सर अलग-अलग ग्रामीण बाजारों में भारी रकम लेकर आना-जाना पड़ता था। यह बात अपराधियों को पहले से मालूम थी और वे घात लगाकर बैठे थे।

घटना की सूचना मिलते ही रायडीह थाना प्रभारी कुंदन कुमार सिंह, सदर थाना प्रभारी महेंद्र करमाली और एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव गुमला सदर अस्पताल पहुंचे और पूरे मामले की जानकारी ली। इसके बाद पुलिस टीम घायल व्यापारी के साथ रांची रिम्स रवाना हुई।

फिलहाल पुलिस अपराधियों की पहचान व गिरफ्तारी को लेकर जांच में जुट गई है। बाजार जैसी भीड़भाड़ वाली जगह पर दिनदहाड़े हुई इस वारदात ने स्थानीय सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े हो गए हैं। इस सनसनीखेज घटना के बाद स्थानीय व्यवसायियों और ग्रामीणों में भय का माहौल है। लोगों ने बाजार में पुलिस गश्ती बढ़ाने और अपराधियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है।

## हजारीबाग पुलिस को मिली बड़ी सफलता

# टीएसपीसी के एरिया कमांडर समेत पांच उग्रवादी गिरफ्तार



- अमेरिकी कारबाइन सहित कई हथियार और अन्य सामान बरामद

**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** हजारीबाग पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने गुरुवार की रात तरहेसा जंगल के घाटगोसाई इलाके से तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति कमेटी (टीएसपीसी) के एरिया कमांडर प्रशांत जी उर्फ अवधेश सिंह समेत पांच उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से एक अमेरिकी एआर-15 एम-4 कारबाइन समेत भारी मात्रा में गोला-बारूद और हथियार बरामद किए गए हैं। मिली जानकारी के अनुसार, गुरुवार (12 जून) की रात हजारीबाग के पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन को सूचना मिली थी कि टीएसपीसी के 7-8 उग्रवादी किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में हैं। सूचना मिलते ही एसपी हजारीबाग के तकनीकी शाखा के सहयोग से एक विशेष पुलिस टीम गठित की गई। सशस्त्र बलों के साथ मिलकर इलाके में सघन सर्च अभियान चलाया गया। अभियान के शेष पेज 11 पर...

## व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर **72094 53444** पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर **72094 03444** संपर्क करें।

## आज / कल




# अपील खारिज, हाईकोर्ट ने जेपीएससी पर लगाया एक लाख रुपए जुर्माना

- असिस्टेंट प्रोफेसर पद के लिए एसटी अभ्यर्थी की नियुक्ति का मामला

**नवीन मेल डेस्क**

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने शुक्रवार को असिस्टेंट प्रोफेसर पद के लिए अनुसूचित जनजाति (एसटी) अभ्यर्थी की नियुक्ति के मामले में हाईकोर्ट की एकल पीठ के आदेश के खिलाफ दाखिल जेपीएससी की अपील (एलपीए) पर फैसला सुनाया। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने एकल पीठ के आदेश को बरकरार रखते हुए झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) की अपील खारिज कर दी और उस पर एक लाख का जुर्माना लगाया। विगत दिनों मामले में सभी पक्षों को की सुनवाई पूर्ण होने के बाद हाईकोर्ट की खंडपीठ ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। प्रतिवादी मनोज कुमार कच्छप की ओर से अधिवक्ता सब्यसाची तथा जेपीएससी की ओर से अधिवक्ता संजय पिपरवाल ने पैरवी की थी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, हाईकोर्ट के जजमेंट के बाद जेपीएससी के अधिवक्ता ने बताया कि जल्द ही जेपीएससी इस फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देगा। क्योंकि जेपीएससी की ओर से आयोजित प्रतियोगिता परीक्षा में सभी वर्गों को परीक्षा शुल्क जमा करना अनिवार्य है। आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों को केवल परीक्षा फीस की राशि में छूट दी जाती है, ऐसा नहीं है कि उन्हें फीस जमा ही नहीं करना पड़े। प्रतिवादी की ओर से जमा कराई गई परीक्षा फीस जेपीएससी के अकाउंट में तकनीकी कारणों से क्रेडिट नहीं हो सका था। इस पर हाईकोर्ट की एकल पीठ में उसके पक्ष में फैसला सुनाते हुए कहा था कि चूंकि वह हाईकोर्ट के आदेश के आलोक में इंटरव्यू दे चुका है और वह उस परीक्षा में अधिकतम नंबर वाला भी रहा है, कई परीक्षाओं में एसटी के अभ्यर्थियों के लिए परीक्षा फीस भी नहीं लिया जाता है। ऐसे में उसे नियुक्ति प्रक्रिया में शामिल किया जाए। हाईकोर्ट की एकल पीठ ने मनोज कुमार कच्छप की रिट याचिका को स्वीकृत करते हुए जेपीएससी को निर्देश दिया था कि वह शेष पेज 11 पर...

### पूर्व सीएम कोड़ा पर हाईकोर्ट ने लगाया 8000 का जुर्माना



**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट में शुक्रवार को राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण घोटाला मामले में आरोपी पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा की याचिका पर सुनवाई हुई। मधु कोड़ा ने निचली अदालत की ओर से आरोप गठित करने के खिलाफ एक याचिका दाखिल की थी। हाईकोर्ट ने चौथी बार फिर से मधु कोड़ा के अधिवक्ता की ओर से समय मांगे जाने पर 8 हजार रुपए का जुर्माना लगाया। मामले की अगली सुनवाई आठ सप्ताह बाद होगी। सीबीआई की ओर से अधिवक्ता प्रशांत पल्लव ने पक्ष रखा। इससे पहले, तीसरी बार समय मांगे जाने पर मधु कोड़ा पर 4000 रुपए का जुर्माना लगा था। वहीं, कोर्ट ने 17 जनवरी, 2025 को समय मांगे जाने पर 2000 रुपए और 13 दिसंबर, 2024 को 1000 रुपए का जुर्माना लगाया था। जुर्माना की राशि झारखंड लीगल सर्विस अथॉरिटी (झालसा) में जमा करने का निर्देश हुआ था। वर्ष 2006 में राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण परियोजना के लिए झारखंड को केंद्र से 467.76 करोड़ रुपए मिले थे। इस परियोजना के तहत झारखंड के छह जिलों के 27,359 गांवों का विद्युतीकरण किया जाना था। आरोप है कि तत्कालीन मुख्यमंत्री मधु कोड़ा ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए हैदराबाद की ब्लैक लिस्टेड कंपनी आईवीआरसीएल को काम दिया था। इस संबंध में कंपनी के डायरेक्टर डीके श्रीवास्तव से मुंबई में 11.40 करोड़ रुपए घूस लिया था। इसके अलावा, कंपनी को फायदा पहुंचाने के लिए लातेहार, गढ़वा और पलामू सहित छह जिलों के ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युतीकरण करने का टेंडर दे दिया। मामले की जांच सीबीआई कर रही है, इसमें मधु कोड़ा ढाई साल तक जेल में रहे थे। उन्हें 30 जुलाई, 2013 को जमानत मिली थी।

## प्रधानमंत्री ने विमान हादसा स्थल का लिया जायजा, घायलों से मिले

# दिल दहला देने वाली मौत से हम सभी स्तब्ध : मोदी

- पीएम ने अहमदाबाद एयरपोर्ट पर शीर्ष अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक



**अहमदाबाद (हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को एयर इंडिया के विमान हादसा स्थल पर पहुंच कर वहां चलाए जा रहे राहत कार्यों का जायजा लिया और अस्पताल जाकर घायलों से मिले। उन्होंने विमान हादसे में जिंदा बचे इकलौते यात्री रमेश विश्वास कुमार से भी बातचीत की। ज्ञात हो कि गुरुवार को अहमदाबाद से लंदन जा रहा विमान उड़ान के दो मिनट बाद ही दुर्घटनाग्रस्त हो गया था।

दुर्घटनास्थल पर शुक्रवार को भी बड़े स्तर पर राहत और बचाव कार्य जारी रहा। बड़ी संख्या में राहतकर्मियों की टीमें लगाई गई हैं। हादसे में मृतकों की पुख्ता पहचान के लिए बड़ी संख्या में परिजनों के डीएनए सैंपल लिए गए। वहीं, एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इंवेस्टिगेशन ब्यूरो (एएआईबी) ने क्षतिग्रस्त हॉस्टल की छत से ब्लैक बॉक्स को खोज निकाला है। इससे हादसे के बारे में खास जानकारी हासिल हो सकेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार की सुबह विमान हादसा स्थल पर पहुंचकर विमान हादसे के दौरान क्षतिग्रस्त हुए मेडिकल हॉस्टल और मेस बिल्डिंग का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों और राहत व बचाव टीमों से मुलाकात की। उन्होंने तबाही के मंजर को बेहद दुखद बताया। उन्होंने कहा कि हमारी संवेदनाएं उन लोगों के साथ हैं, जिन्होंने इस अकल्पनीय त्रासदी में अपने प्रियजनों को खो दिया है। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर पोस्ट में कहा कि अहमदाबाद शेष पेज 11 पर...

### एयर इंडिया के सभी बोइंग ड्रीमलाइनर विमानों की होगी सुरक्षा जांच

**नई दिल्ली (हि.स)।** अहमदाबाद में विमान दुर्घटना के बाद अब एयर इंडिया के बोइंग बेड़े के सभी विमानों की जांच होगी। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने शुक्रवार को बोइंग 787-8/9 बेड़े के सभी विमानों को 'ग्राउंडेड' करके 15 जून से जांच में सुरक्षा निरीक्षण बढ़ाने का आदेश दिया है। इस विमान हादसे में लगभग 265 लोग मारे गए थे। डीजीसीए के आधिकारिक बयान में कहा गया है, निवारक उपाय के रूप में डीजीसीए एयर इंडिया को निर्देश देता है कि वह संबंधित क्षेत्रीय डीजीसीए कार्यालयों के साथ समन्वय में तत्काल प्रभाव से जेनएक्स इंजन से लैस 8787-8/9 विमानों पर निम्नलिखित अतिरिक्त रखरखाव कार्रवाई करे। विमानन नियामक ने अपने आदेश में 15 जून (00:00) बजे से भारत से उड़ान के लिए प्रस्थान से पहले विमानों की एक बार जांच करने का आदेश दिया है। इसके साथ ही अपने आदेश में डीजीसीए ने 15 जून को 00:00 बजे से उड़ान के प्रस्थान से पहले जांच अनिवार्य कर दी है। विमान नियामक ने ईंधन पैरामीटर निगरानी और संबंधित सिस्टम जांच का निरीक्षण और केबिन एयर कंप्रेसर और संबंधित सिस्टम का निरीक्षण अनिवार्य कर दिया है। इसके साथ ही इलेक्ट्रॉनिक इंजन नियंत्रण-प्रणाली परीक्षण, इंजन ईंधन चालित एक्चुएटर-संचालन परीक्षण और तेल प्रणाली जांच, हाइड्रोलिक प्रणाली की सेवाक्षमता जांच, टेक-ऑफ मापदंडों की समीक्षा, अगली सूचना तक पारगमन निरीक्षण में 'उड़ान नियंत्रण निरीक्षण' शुरू किया जाएगा।

### ब्लैक बॉक्स मिला

हादसे के एक दिन बाद शुक्रवार को एएआईबी ने ब्लैक बॉक्स को खोज लिया है। यह हॉस्टल की छत पर मिला। इसके जरिए पता चल सकेगा कि क्रैश होने के पहले आखिरी पलों में क्या हुआ था। विमान हादसे की जांच में 8 एजेंसियां नेशनल इन्वेस्टीगेशन एजेंसी, गुजरात पुलिस, एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टीगेशन ब्यूरो (एएआईबी) डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन (डीजीसीए), यूनाइटेड किंगडम की एयर एक्सीडेंट्स इन्वेस्टीगेशन ब्रांच (यूके- एएआईबी) यूनाइटेड स्टेट्स की नेशनल ट्रांसपोर्टेशन सेफ्टी बोर्ड (एनटीएसबी), फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन (एफएए) शामिल हैं।

## इंडिया

# गुम होती शहनाई की मीठी धुन और धरती कंपाते डीजे का आतंक



**सुनील बादल**
कार्यकारी संपादक

भारत के गांवों से लेकर शहर तक कभी गरीब के आंगन से लेकर महलों–डयोढ़ी और बड़ी-बड़ी महफ़िलों में हर मंगल कार्य या धार्मिक आयोजनों में लोगों को मंत्रमुग्ध करने वाली शहनाई की मीठी धुनें अब दम तोड़ रहीं हैं और सबसे बड़े डीजे की होड़ में शादी-विवाह से लेकर किसी भी पार्टी में देर रात तक धरती कंपाते शोर से अब हर गांव–शहर परेशान है । आप सारा दिन ऑफिस या व्यापार से काम करके घर लौटते हैं शरीर और दिमाग इतने थक गए हैं कि आपको रात के खाने के बाद अच्छी नींद की आवश्यकता है या घर पर कोई बीमार है किसी की परीक्षा चल रही है । पर तभी आपका पड़ोसी तेज आवाज में डीजे बजा देता है या आधी रात नाचते-झूमते बारातियों की भीड़ जा रही हो । शोर इतनी तेज की घर की खिड़कियां तक कांप रही हैं ।ऐसे में सोना तो दूर घर में बैठना मुश्किल हो जाता है । बच्चे, वरिष्ठ नागरिक या दिल के मरीजों के अलावा पालतू पशु छिपने की जगह ढूंढने लगते हैं ये दृश्य आम हैं । हाईकोर्ट के आदेश के बाद रांची जिला प्रशासन ने एक आदेश निकाला है कि सभी डीजे संचालकों को अनिवार्य रूप से नजदीकी थानों में निबंधन कराना है। हाईकोर्ट का पूर्व का कड़ा आदेश है कि बिना पूर्वानुमति के रात दस बजे के बाद लाउडस्पीकर तक नहीं बजाना है पर हर मैरेज हॉल से लेकर धार्मिक सामाजिक आयोजनों में इसका खुला उल्लंघन होता है क्योंकि लोग शिकायत करने से डरते हैं । आप जब शादी पार्टी में जाते होंगे तो कई राज्यों में डांस फ्लोर पर एक नोटिस देखा होगा। उसमें लिखा रहता है कि 10 बजे के बाद डीजे बजाना अपराध है, साथ ही जुर्माने की रकम भी लिखी रहती है। दरअसल इससे संबंधित कानून है। ध्वनि प्रदूषण (विनियमन और नियंत्रण) कानून-2000 के मुताबिक रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक लाउडस्पीकर और डीजे बजाने पर पाबंदी है। इसे लेकर कोई बाध्यता नहीं है। राज्य सरकार को यह अधिकार दिया गया है कि वह कुछ शर्तों के साथ रात 12 बजे तक लाउडस्पीकर और डीजे बजाने की इजाजत दे सकती है। लेकिन रात के 12 बजे के बाद



किसी को भी लाउडस्पीकर या डीजे बजाने की इजाजत नहीं है। ऐसा करना गैर कानूनी है यानी अपराध की श्रेणी में आता है। इस बारे में राष्ट्रीय हरित अधिकरण यह कह चुका है कि एक तय सीमा से तेज लाउडस्पीकर और डीजे बजाने की इजाजत नहीं दी जा सकती है ।इसके लिए केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने अलग-अलग इलाकों के लिए शोर के अलग-अलग लेवल तय किए हैं। लाउड स्पीकर आपके मौलिक अधिकार का हनन कर रहे हैं। इस बारे में सुप्रीम कोर्ट कह चुका है कि संविधान के अनुच्छेद 21 में जीवन जीने के अधिकार के तहत ध्वनि प्रदूषण मुक्त वातावरण में रहने का अधिकार भी आता है। किसी को धार्मिक आयोजन या सांस्कृतिक आयोजन के नाम पर भी यह छूट नहीं मिलती है। कोई किसी को भी जबरन भजन, गाना या धार्मिक उपदेश सुनने के लिए बाध्य नहीं कर सकता है ।आपने कभी-न-कभी यह सुना या पढ़ा होगा कि आपके अधिकारों की सीमा वहीं तक है जहां से दूसरों के अधिकारों का हनन न हो। अगर देर रात तक लाउडस्पीकर या डीजे बजाने से किसी की नींद खराब होती है या मानसिक स्वास्थ्य पर असर पड़ता है, तो यह उसके मौलिक अधिकारों का हनन है ।इसके खिलाफ पीड़ित व्यक्ति को अधिकार है कि वह अनुच्छेद 32 के तहत सीधे सुप्रीम कोर्ट तक का दरवाजा खटखटा सकता है। अनुच्छेद 226 के तहत सीधे हाई कोर्ट जा सकता है ।रात में लाउड स्पीकर और डीजे बजाने पर रोक लगाने की मांग भी कर सकता है ।जुर्माना लगाया जा सकता है। शादी-बारात में बज रहे लाउड स्पीकर या डीजे या किसी भी समारोह में बज रहे लाउड स्पीकर की आवाज पब्लिक न्यूसेंस की श्रेणी में आते हैं। इसके अलावा मंदिर, मस्जिद, चर्च, गुरुद्वारा समेत अन्य सार्वजनिक स्थान पर तेज लाउड स्पीकर बजाना भी पब्लिक न्यूसेंस ही माना जाता है। अगर आम लोगों को इन लाउड स्पीकर से परेशानी होती है, तो वो कानून के तहत कार्रवाई के लिए अपील कर सकते हैं। इसके लिए जेल और जुर्माना के भी प्रावधान है ।तेज आवाज भी एक तरह का प्रदूषण है। जैसे वायु प्रदूषण से आपके फेफड़े खराब होते हैं, ठीक वैसे ही ध्वनि प्रदूषण से आपके कान खराब हो रहे हैं। इसके अलावा भी शरीर को कई नुकसान हैं ।विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार ज्यादा शोर में रह रहे लोगों की सेहत पर इसका बुरा असर होता है। इसका सबसे अधिक खतरा बच्चों को है। आने वाले समय में 91 अरब से ज्यादा किशोर और युवाओं में 'हीयरिंग लॉस' का खतरा है। तेज शोर से नींद प्रभावित हो सकती है ।दिल की बीमारियों का खतरा बढ़ता है ।साइकोफिजियोलॉजिकल असर पड़ता है ।माइग्रेन ट्रिगर हो सकता है ।डिप्रेशन और डिमेंशिया का कारण बन सकता है ।नेशनल लाइब्रेरी ऑफ मेडिसिन के अध्ययन के अनुसार तेज शोर में कार्डियोवैस्कुलर डिजीज और हार्ट अटैक का खतरा बढ़ जाता है। असल में बहुत अधिक शोर से ब्लड प्रेशर और ब्लड शुगर तेजी से शूट अप करते हैं। अगर आपको कोई हृदय रोग है तो लाउड स्पीकर या डीजे वाले स्थान पर जाने से बचना चाहिए।

# अपनेसैन्यबलकोहमारानमन

**राष्ट्रीय नवीन मेल**




**सुरेश चंद्र झा**

एक सोच होती है धर्मांधता की। अंधे-विचारों के बीभत्स रूप लिए एक शब्द बना है, काफिर। ऐसी धर्मांधता का वह बीभत्स रूप पहलगाम की सुंदर वादियों ने देखा। धर्म पूछ कर उनकी शब्दावली में कहलाने वाले काफिरों की नृशंस हत्या करने का जघन्य कार्य हुआ। हमारी बेटियों के सुहाग उनकी आंखों के सम्मुख उजाड़े गए। देशवासियों का खून खौल उठा। हमारी पराक्रमी भारतीय सेना ने आतंकवाद की इस घटना पर प्रतिशोध का वह उदाहरण प्रस्तुत किया, जिसकी मिसाल नहीं। आक्रमण देश पर नहीं किया गया, आक्रमण उस स्रोत पर किया गया, जिसका नाम है आतंकवाद। जड़ पर प्रहार करने की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस मुहिम को तुरंत अमल में लाकर हमारी सेना ने पाकिस्तान के सारे आतंकी ठिकानों को ध्वस्त किया। हमारी थल सेना और वायुसेना ने अद्भुत शौर्य का परिचय देते हुए सटीक मिसाइल आक्रमण से आतंकी ठिकानों को टारगेट किया और यह पूरी दुनिया को बता दिया कि हम अपने देश की नारियों की मांग के सिंदूर का महत्व समझते हैं और उसकी रक्षा में कुछ भी कर सकने में सक्षम हैं। भारत की सैन्य शक्ति का लोहा पूरी दुनिया ने माना। युद्ध आतंकवाद के विरुद्ध था और हमारी सेना के वीरों और वीरांगनाओं ने विश्व में अपने शौर्य का परचम लहरा दिया। साथ ही, युद्धबंद कर देश ने यह दिखाया कि हम क्या हैं और बेवजह हम युद्ध नहीं करते, पर आतंकवाद को बर्दाश्त भी नहीं कर सकते। हमारा नमन अपने सैन्य बल को और दूरदर्शितापूर्ण निर्णयों के लिए हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री और उनकी पूरी टीम को। **जय हिंद।**

## दरवाजे पर खड़ी ट्रैक्टर चोरी, पुलिस ने शुरू की जांच

**नावाबाजार (पलामू)।** एनएच-39 मुख्य मार्ग पर स्थित ब्रहमोरिया गांव में गुरुवार की रात एक ट्रैक्टर चोरी हो गई। स्वराज कंपनी की यह ट्रैक्टर अशोक दुबे के घर के सामने खड़ी थी। शुक्रवार सुबह ट्रैक्टर गायब मिलने पर परिजनों ने आसपास खोजबीन की, लेकिन कहीं कोई सुराग नहीं मिला। मामले की सूचना थाना प्रभारी संजय कुमार यादव को दी गई। थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर वाहन मालिक से घटना की जानकारी ली और आवश्यक कार्रवाई शुरू की। थाना प्रभारी ने बताया कि वाहन मालिक की लिखित शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है और ट्रैक्टर की बरामदगी के प्रयास जारी हैं।

# बस-टेंपो की टक्कर में एक ही परिवार के सात लोग घायल



**नगर भगवती मंदिर जा रहे थे सभी; बच्ची आईसीयू में भर्ती, बस-टेंपो जब्त**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** रांची-डालटनगंज मुख्य पथ एनएच 75 पर सतबरवा थाना क्षेत्र अंतर्गत पिपराकला आईटीआई कॉलेज के समीप शुक्रवार की सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। मरघटिया मोड़ के पास एक तेज रफ्तार अर्श बस और टेंपो की टक्कर में एक ही परिवार के सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायल चंदवा के नगर भगवती मंदिर में पूजा-अर्चना के लिए जा रहे थे। घटना के बाद ग्रामीणों और पुलिस की मदद से घायलों को नवजीवन अस्पताल, तुंबागड़ा में भर्ती कराया गया। थाना प्रभारी विश्वनाथ कुमार राणा ने बताया कि बस और टेंपो को जब्त कर लिया गया है। घायलों की पहचान लातेहार जिला के मनिका थाना क्षेत्र के रांकीकला गांव निवासी विकास ठाकुर, उनकी छह वर्षीय बेटी प्रियंका कुमारी (आईसीयू में भर्ती), नंदकिशोर ठाकुर, रंजीत ठाकुर, स्वर्गीय उदित ठाकुर की पत्नी गुड़नी देवी (दोनों हाथ-पैर में फ्रैक्चर), नंदकिशोर की पत्नी ललिता देवी के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टेंपो ढलान पर खड़ा था और ढलककर सीधे रांची की ओर जा रही अर्श बस से टकरा गया। घटना के बाद लगभग आधे घंटे तक सड़क के दोनों ओर जाम की स्थिति बनी रही। अस्पताल में परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, वहीं स्थानीय लोग ढांढस बंधाते नजर आए।

## नशा मुक्ति अभियान को लेकर ली गई शपथ, जागरूकता गीतों से बढ़ा उत्साह



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** प्रखंड सभागार में आयोजित नशा मुक्ति अभियान की समीक्षा बैठक में बीडीओ रणवीर कुमार ने जेएसएलपीएस कैडर और सखी मंडल की दीदियों के साथ मिलकर अभियान को सफल बनाने की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि गांव-टोले में जागरूकता फैलाना और सरकार की गाइडलाइन का पालन सुनिश्चित करना जरूरी है। इस दौरान सखी मंडल की महिलाओं ने नशा विरोधी जागरूकता गीत प्रस्तुत किए। बीपीएम भूपेश कुमार ने निर्देश दिया कि प्रभात फेरियों, गीत और नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से मुहल्लों में जन-जागरूकता फैलाई जाए। जेंडर सीआरपी बेबी देवी और पूजा देवी ने भी अभियान को गांव-गांव पहुंचाने की बात कही। बैठक में सीसी अनिल कुमार, सतीश कुमार, एलबीआरपी मनोज कुमार, आईपीआरपी मीना देवी, महेश कुमार समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

## ट्रांसफॉर्मर की खराबी से बिजली आपूर्ति बाधित, भीषण गर्मी में लोग बेहाल

**हुसैनाबाद।** हरिजन मिडिल स्कूल के समीप मोहम्मदाबाद रोड स्थित ट्रांसफॉर्मर में तकनीकी गड़बड़ी के कारण इलाके में बिजली आपूर्ति ठप हो गई है। लगातार कई दिनों से बिजली नहीं मिलने से उपभोक्ता खासे परेशान हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि इस ट्रांसफॉर्मर से दर्जनों घरों को बिजली आपूर्ति होती थी, पर अब दिन-रात अंधेरे और गर्मी से लोग परेशान हैं। उन्होंने बिजली विभाग से खराब ट्रांसफॉर्मर को बदलने अथवा उसकी त्वरित मरम्मती कर बिजली बहाल करने की मांग की है।

## कोयल नदी पुल के पास राहगीरों को लूटने वाले तीन अपराधी गिरफ्तार, दो फरार



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू-गढ़वा सीमा पर स्थित रेहला और बेलचंपा के बीच कोयल नदी पुल के पास बीती रात दो राहगीरों से हथियार के बल पर लूटपाट करने वाले गिरोह के तीन सदस्यों को पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार अपराधियों की पहचान गढ़वा जिले के नारायणपुर निवासी अनुप कुमार (19 वर्ष), रूपेश कुमार (19 वर्ष) और महुलिया निवासी सोजल राम (19 वर्ष) के रूप में हुई है। इनके पास से लूट में प्रयुक्त लोहे का देसी कट्टा, लूटा हुआ मोबाइल, कुल चार मोबाइल फोन, दो बाइक और दो बैग बरामद किए गए हैं। पुलिस के अनुसार यह घटना 12 जून की रात करीब तीन बजे घटी जब दो राहगीर बेलचंपा क्षेत्र में पैदल जा रहे थे। इसी दौरान दो मोटरसाइकिलों पर सवार पांच अपराधियों ने उन्हें घेर लिया और हथियार दिखाकर 6500 रुपये नगद, दो मोबाइल, दो बैग तथा आवश्यक कागजात लूट लिए। घटना की सूचना मिलने पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नीरज कुमार के नेतृत्व में एक टीम का गठन कर त्वरित छापेमारी की गई। गुप्त सूचना के आधार पर पहले अनुप कुमार और सोजल राम को गिरफ्तार किया गया, जिनके पास से लूटा गया मोबाइल और एक बाइक बरामद हुई। पूछताछ में दोनों ने बाकी साथियों के नाम उजागर किए। उनके बयान के आधार पर रूपेश कुमार को नारायणपुर ओवरब्रिज के पास से पकड़ा गया, जिसके पास से एक देसी कट्टा और बिना नंबर की मोटरसाइकिल बरामद की गई। फरार दो आरोपियों की पहचान पचपड़वा निवासी रोहित कुमार और शालू उर्फ अमरदीप लाल के रूप में हुई है, जिनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। इस कार्रवाई में एसडीपीओ नीरज कुमार के अलावा गढ़वा थाना प्रभारी ब्रिज कुमार, पुअनि बिकू कुमार रजक, रंजन कुमार साह, जनार्दन राउत, संजय कुमार सिंह समेत पुलिस बल के जवान शामिल थे। पुलिस ने कहा है कि फरार आरोपियों को भी जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## देवीधाम नहर घाट के चौड़ीकरण की उठी मांग, छठ महापर्व पर होती है भारी भीड़



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** मुख्य नहर तटवर्ती प्रसिद्ध देवीधाम मंदिर के पास बने घाट की संकीर्णता के कारण खासकर छठ महापर्व के दौरान व्रतियों को स्नान में भारी कठिनाई होती है। इस वजह से वर्षों बाद छठ व्रतियों ने पर्व आयोजन स्थल को बदल कर बाजार के समीप कोयल नदी का रुख करना शुरू कर दिया है। हालाँकि दूरी बढ़ने से दूरदराज के श्रद्धालुओं को असुविधा होती है। स्थानीय लोग देवीधाम परिसर को सुविधाजनक और धार्मिक रूप से समृद्ध स्थल मानते हैं, जहां शिवालय, विश्वकर्मा मंदिर, काली मंदिर, और निमार्णाधीन बजरंगबली मंदिर स्थित हैं। इससे एक ही स्थान पर विविध देवी-देवताओं की उपासना का अवसर प्राप्त होता है। छठ व्रतियों की श्रद्धा और सुविधा को ध्यान में रखते हुए ग्रामीणों ने मांग की है कि मुख्य नहर की लाइनिंग योजना के तहत घाट का वृहद रूप से चौड़ीकरण किया जाए, ताकि भविष्य में छठ सहित अन्य पर्व-त्योहार सुरक्षित और सुगम रूप से मनाए जा सकें।

## लावारिस पड़ा आंगनबाड़ी भवन सरकारी राशि के दुरुपयोग का सबूत बना



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में लापरवाही और जनहित की उपेक्षा का एक और उदाहरण मोहम्मदगंज प्रखंड मुख्यालय में सामने आया है। यहां सिंचाई विभाग के परित्यक्त अस्पताल परिसर में वर्षों पूर्व बने आंगनबाड़ी भवन का उपयोग आज तक नहीं हो पाया है। अब यह भवन झाड़ियों से घिरकर जीर्ण-शीर्ण स्थिति में पहुंच चुका है, जो साफ तौर पर सरकारी राशि के दुरुपयोग का उदाहरण प्रस्तुत करता है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, यह भवन करीब 12-14 वर्ष पहले शिलापर गांव के आंगनबाड़ी केंद्र (कोड संख्या 324) के संचालन के लिए बनाया गया था। भवन स्थल चयन के समय यह तर्क दिया गया था कि शिलापर गांव से भवन तक आने के रास्ते में रेलवे क्रॉसिंग होने के कारण बच्चों की आवाजाही जोखिमपूर्ण होगी। इसी कारण भवन निर्माण के बाद उसे छोड़ दिया गया और केंद्र का संचालन पूर्ववत स्थान पर ही जारी रहा। हालांकि अब इस क्षेत्र में रेलवे अंडरब्रिज बन चुका है, जिससे बच्चों की आवाजाही में कोई बाधा नहीं रह गई है। इसके बावजूद विभागीय उदासीनता के कारण भवन की मरम्मत नहीं कराई गई और इसका उपयोग नहीं हो पा रहा है। वर्तमान में भवन के आसपास झाड़ियों का अंबार है, दरवाजे-खिड़कियां टूट चुकी हैं और दीवारें क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रखंड मुख्यालय और उसके आसपास ऐसे कई सरकारी भवन हैं, जिनका वर्षों से कोई उपयोग नहीं हो रहा। ये भवन केवल आंकड़ों में मौजूद हैं और जनहित में उनका उपयोग न होना प्रशासनिक लापरवाही को उजागर करता है। ग्रामीणों ने इस भवन की स्थिति की जांच कराने और इसे पुनः उपयोग में लाने की मांग की है।

## झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय के निमार्णाधीन भवन का विधायक प्रतिनिधि ने किया निरीक्षण

**नया सत्र शुरू होने तक भवन हस्तांतरण का प्रयास : रविराज**

**नवीन मेल संवाददाता**

**बारियातू।** विधायक प्रतिनिधि (शिक्षा एवं पर्यटन विभाग) आदर्श रविराज ने शुक्रवार को बारियातू व बालूमाथ प्रखंड स्थित झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यालय परिसर का भ्रमण कर कक्षाओं, रसोई, पुस्तकालय व छात्रावास की व्यवस्थाएं देखीं और वार्डन एवं प्रधानाध्यापक से बातचीत कर उनकी समस्याओं को जाना। बारियातू में भवन नहीं होने के कारण हो रही परेशानी को देखते हुए उन्होंने निमार्णाधीन नए भवन का निरीक्षण किया और कार्य की धीमी गति पर नाराजगी जताते हुए विभाग के कनीय अभियंता को फोन कर शीघ्र निर्माण पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अगले सत्र से विद्यालय को नए भवन में स्थानांतरित करने का प्रयास होगा। बालूमाथ स्थित गर्ल्स हाई स्कूल और कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में भी निरीक्षण के क्रम में विभिन्न समस्याएं रखी गईं, जिनमें शिक्षकों की कमी, पेयजल, कमरे और चिकित्सा सुविधा शामिल थीं। रविराज ने समस्याओं के निराकरण के लिए संबंधित विभागों को पत्राचार करने की बात कही। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि अनिल प्रसाद व विनय वर्मा भी मौजूद थे।

# टिकट चेकिंग मेगा ड्राइव में पकड़े गए 1888 बिना टिकट यात्री, 11.31 लाख जुर्माना वसूला




**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** पूर्व निर्धारित टिकट चेकिंग मेगा ड्राइव के तहत शुक्रवार को पूर्व मध्य रेलवे के विभिन्न प्रमुख स्टेशनों–जैसे डीडीयू, गया, सासाराम, डेहरी ऑन सोन, अनुग्रह नारायण रोड, भभुआ और जपला–पर एक साथ किलाबंदी जांच अभियान चलाया गया। इस अभियान में मंडल के सभी स्क्वॉड (स्टैटिक एवं स्लीपर), टिकट जांच कर्मी, वाणिज्य निरीक्षक, पर्यवेक्षक और वाणिज्य अधिकारी बड़ी संख्या में शामिल रहे। चेकिंग के दौरान बक्सरझ्डीडीयू, वाराणसी-डीडीयू, सासाराम-डीडीयू, आरा-सासाराम, गढ़वा रोड-डेहरी ऑन सोन, कि गया, गोमो-गया और पटना-गया खंड से गुजरने6 वाली सभी ट्रेनों को ध्यान में रखते हुए गहन जांच की गई। प्रीमियम, मेल/एक्सप्रेस के साथ-साथ पैसेंजर ट्रेनों में भी व्यापक टिकट जांच की गई। अभियान के दौरान कुल 1888 बिना टिकट या अनियमित टिकट पर यात्रा कर रहे यात्रियों को पकड़ा गया। उनसे नियमानुसार कुल ?11,31,000 का जुमार्ना वसूला गया। स्टेशन परिसर में भी फोर्ट्रेस (किलाबंदी) चेकिंग की गई और यात्रियों को नियमित टिकट लेकर ही यात्रा करने के लिए जागरूक किया गया। रेल प्रशासन ने कहा है कि ऐसे टिकट जांच अभियान आगे भी लगातार चलते रहेंगे। यात्रियों से अपील की गई है कि वे सदैव वैध टिकट लेकर ही यात्रा करें और अपने साथ-साथ अन्य यात्रियों की सुविधा का भी ध्यान रखें।

## आम्रपाली-चंद्रगुप्त कोल परियोजना में सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न




**नवीन मेल संवाददाता**

**टंडवा (चतरा)।** आम्रपाली-चंद्रगुप्त कोल परियोजना क्षेत्र में शुक्रवार को विभागीय सुरक्षा समिति की टीम का औपचारिक स्वागत परियोजना जीएम अमरेश कुमार सिंह ने किया। इसके बाद सभागार में विभागीय अधिकारियों के साथ एक समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी संजय कुमार गुप्ता ने परियोजना क्षेत्र की वर्तमान सुरक्षा व्यवस्था की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कार्यस्थल पर श्रमिकों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है, जिसके लिए नियमित प्रशिक्षण की आवश्यकता है। जीएम अमरेश कुमार सिंह ने 'शून्य क्षति' के लक्ष्य पर जोर देते हुए कर्मियों को सुरक्षा उपायों के क्रियान्वयन में गंभीरता दिखाने का आह्वान किया। बैठक के बाद अधिकारियों ने व्यू प्वाइंट से खनन क्षेत्र का भी निरीक्षण किया। इस अवसर पर नोडल अधिकारी राकेश रंजन, जीएम संचालन ए.के.बी. सिंह, परशुराम सिंह, सुरक्षा समिति के सदस्य रविंद्र नाथ सिंह, विकास कुमार, राजेश सिंह, अरुण सिंह, जेपी झा, खुशी लाल महतो, विशाल कुमार, राघवेन्द्र पासवान सहित कई अधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहे।

## ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता और अपशिष्ट प्रबंधन की ले रहे ट्रेनिंग

**पलामू समेत झारखंड के कई जिलों के बीडब्ल्यूसी को रांची में प्रशिक्षण**



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** स्वच्छ भारत मिशन और जल जीवन मिशन के तहत कार्यरत ब्लॉक वॉश कोऑर्डिनेटर को रांची स्थित विश्वसरैया स्वच्छता एवं जल अकादमी में दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण में शामिल मोहम्मदगंज प्रखंड के बीडब्ल्यूसी प्रेमतोष पांडेय ने बताया कि प्रशिक्षण का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में ठोस व तरल अपशिष्ट प्रबंधन, जल संरक्षण और स्वच्छता को लेकर तकनीकी दक्षता प्रदान करना है। यूनिसेफ के प्रशिक्षक प्रेमचंद, लक्ष्मीकांत शिंदे और शैलेश इस प्रशिक्षण को संचालित कर रहे हैं। पलामू से हरसू कुमार, दयानिधि, शम्भू सिंह, बलवंत पटेल, अरविंद कुमार, अमन शुक्ला, प्रीति दूबे आदि प्रतिभागी शामिल हैं। यह प्रशिक्षण बिश्रामपुर, हैदरनगर, रामगढ़, पांडू, उंटारी रोड आदि क्षेत्रों से आए बीडब्ल्यूसी के लिए आयोजित किया गया है।

## समाजसेवी की माता का निधन, क्षेत्र में शोक की लहर

**हुसैनाबाद।** प्रख्यात समाजसेवी धनंजय कुमार की माता वर्ती देवी का शुक्रवार को आकस्मिक निधन हो गया। 75 वर्षीय वर्ती देवी पिछले कुछ समय से बीमार थीं। उनके निधन से कामगारपुर गांव सहित समस्त क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। उनका अंतिम संस्कार 14 जून को सुबह 7 बजे गांव के श्मशान घाट पर किया जाएगा। वर्ती देवी के निधन पर कई जनप्रतिनिधियों व प्रबुद्धजनों ने गहरी संवेदना व्यक्त की है। शोक प्रकट करने वालों में विधायक संजय कुमार सिंह यादव, पूर्व मंत्री कमलेश कुमार सिंह, पूर्व विधायक कुशवाहा शिवपूजन मेहता, विनोद कुमार सिंह, जिला परिषद उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टुटू सिंह, पूर्व नगर अध्यक्ष शशि कुमार, एजाज हुसैन उर्फ छेदी खान आदि शामिल हैं।

## वित्तीय साक्षरता को लेकर छात्राओं में जागरूकता अभियान

**अग्रगति इंडिया संस्था ने दी बैंकिंग, बीमा और साइबर सुरक्षा की जानकारी**




**नवीन मेल संवाददाता**

**सतबरवा।** गवर्नमेंट गर्ल्स मिडिल स्कूल, सतबरवा में शुक्रवार को अग्रगति इंडिया संस्था द्वारा वित्तीय साक्षरता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को आर्थिक मामलों में जागरूक और सशक्त बनाना था। संस्था के कोऑर्डिनेटर सुनील कुमार ने उपस्थित छात्राओं को बजट प्रबंधन, बैंकिंग प्रणाली, बीमा योजनाएं, डिजिटल भुगतान और साइबर सुरक्षा के बारे में विस्तृत जानकारी दी। प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और मोबाइल वॉलेट के सुरक्षित उपयोग पर विशेष चर्चा की गई। उन्होंने 'मनी म्यूल खाता' की अवधारणा को स्पष्ट करते हुए बताया कि अनजाने में किसी को अपने बैंक खाते का उपयोग करने देना साइबर अपराध की श्रेणी में आता है। आरबीआई द्वारा जारी हेल्पलाइन नंबर 1930 और 14448 की भी जानकारी दी गई। विद्यालय प्राचार्य, शिक्षकों और छात्राओं की उपस्थिति में आयोजित इस कार्यक्रम को सफल बताते हुए विद्यालय प्रबंधन ने भविष्य में भी ऐसे जागरूकता अभियान की आवश्यकता जताई।

## विवेकानंद पब्लिक स्कूल में शोकसभा, विमान हादसे में मृतकों को दी गई श्रद्धांजलि



**नवीन मेल संवाददाता**

**नावाबाजार।** आरापुर महुगाईं स्थित विवेकानंद पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को अहमदाबाद विमान हादसे में मृत लोगों की आत्मा की शांति के लिए शोकसभा आयोजित की गई। विद्यालय परिवार ने दो मिनट का मौन रखकर मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। निदेशक ऋतुराज मिश्रा ने इस दुखद घटना पर संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि देश इस वक्त शोक में है और हम सभी की प्रार्थनाएं शोकाकुल परिवारों के साथ हैं। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या तृप्ति मिश्रा, उप प्राचार्य शैली कुमारी, शिक्षक-शिक्षिकाएं व छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

**स्वच्छता-वॉश लीडर्स** | **पलामू के 21 वॉश समन्वयकों का दल प्रशिक्षण हेतु रांची रवाना**

## विश्व सरैया जल एवं स्वच्छता एकादशी पर दो दिवसीय प्रशिक्षण में लेंगे भाग




**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** झारखंड सरकार के जल जीवन मिशन एवं स्वच्छ भारत मिशन के तहत रांची में आयोजित विश्व सरैया स्वच्छता एवं जल एकादशी के दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने के लिए पलामू जिला के 21 वॉश समन्वयकों का प्रतिनिधिमंडल गुरुवार को रांची रवाना हुआ। यह प्रशिक्षण 13 और 14 जून को आयोजित किया जा रहा है। हैदरनगर प्रखंड के वॉश समन्वयक हरसू कुमार दयानिधि ने जानकारी दी कि इस प्रशिक्षण में नव चयनित एसबीएम एवं जल जीवन मिशन के विभिन्न आयामों जैसे जल आपूर्ति, जल गुणवत्ता, व्यवहार परिवर्तन, सामुदायिक भागीदारी आदि विषयों पर विस्तार से जानकारी दी जाएगी। पलामू जिले से बलवंत पटेल, अरविंद कुमार, अरविंद कुमार सिंह, प्रेमतोष पांडेय, हरसू कुमार दयानिधि, अमन शुक्ला समेत अन्य समन्वयकों ने पंजीकरण कर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। प्रतिनिधिमंडल में बिश्रामपुर, उंटारी रोड, मोहम्मदगंज, हैदरनगर, रामगढ़ और पांडु प्रखंडों के प्रतिनिधि शामिल हैं। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम राज्य स्तर पर जल एवं स्वच्छता के क्षेत्र में दक्षता व जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है।

## समाजसेवी पार्वती साहू की छठवीं पुण्यतिथि पर दी गई श्रद्धांजलि



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** जपला धरहरा स्थित नहर मोड़ पर भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अजय प्रसाद गुप्ता की माता पार्वती साहू की छठवीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य राजू कुमार मेहता उर्फ एसपी मेहता, पूर्व नगर अध्यक्ष शशि कुमार, श्रवण कुमार सहित कई लोगों ने पार्वती साहू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। वक्ताओं ने दिवंगत आत्मा को मोक्ष एवं शांति की प्रार्थना की और कहा कि उनका जीवन समाज सेवा और त्याग का प्रतीक था। इस अवसर पर भाजपा अध्यक्ष अजय गुप्ता ने कहा कि उनकी मां हमेशा उनके साथ खड़ी रहीं, जब-जब उन्होंने कठिनाइयों का सामना किया। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में संतोष गुप्ता, जीतेंद्र कुमार, द्रोणाचार्य तिवारी, अशोक विश्वकर्मा, संजय कुमार समेत कई लोग मौजूद रहे।

# दिशा की बैठक में योजनाओं की सुस्त प्रगति पर सांसद ने जताई नाराजगी

● मनरेगा, डीएमएफटी सहित अन्य योजनाओं की समीक्षा के दौरान जवाबदेही तय करने पर जोर, वित्त मंत्री ने उठाई ऑडिट की मांग

नवीन मेल संवाददाता




**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के समाहरणालय सभागार में शुक्रवार को आयोजित जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति 'दिशा' की बैठक में सांसद विष्णु दयाल राम ने विभिन्न विकास योजनाओं की धीमी प्रगति पर गहरी नाराजगी जताई। बैठक की अध्यक्षता सांसद श्री राम ने की, जबकि मंच पर झारखंड सरकार के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर, उपायुक्त समीरा एस, पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन, उपविकास आयुक्त मोहम्मद शब्बीर अहमद समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में पलामू जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों के विधायक, जिला परिषद सदस्य, प्रखंड प्रमुख एवं विभागीय पदाधिकारी शामिल हुए। सांसद ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि कई विभागों की योजनाओं की प्रगति बेहद असंतोषजनक है, जिससे जनता तक लाभ नहीं पहुंच पा रहा है। उन्होंने विशेष रूप से पंडवा, मोहम्मदगंज, पाटन और मेदिनीनगर प्रखंडों में मनरेगा के तहत लक्ष्य से 50% से भी कम प्रगति को लेकर कड़ी आपत्ति जताई।

**सड़क क्षति और ओवरलोडिंग पर गंभीर चिंता :** सांसद ने कहा कि जिले में भारी वाहनों द्वारा क्षमता से अधिक माल ढोने के कारण सड़कें बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो रही हैं। उन्होंने प्रशासन को निर्देश दिया कि ओवरलोडिंग पर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

**प्रखंड स्तर की जवाबदेही तय करने की पहल :** सांसद राम ने अगली दिशा बैठक से पहले सभी बीडीओ और सीओ को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक से जोड़ने की व्यवस्था करने का निर्देश उपविकास आयुक्त को दिया। उन्होंने कहा कि योजनाओं की वास्तविक स्थिति जानने के लिए प्रखंड और अंचल स्तर से सीधे संवाद आवश्यक है।

**वित्त मंत्री ने उठाई डीएमएफटी फंड की ऑडिट की मांग :** झारखंड के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने डीएमएफटी फंड की पारदर्शिता को लेकर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि विगत दो वर्षों में फंड का किस मद में और कहां उपयोग हुआ है, इसकी उच्च स्तरीय जांच समिति से समीक्षा कराई जानी चाहिए। साथ ही, उन्होंने सभी क्रशर प्लांटों द्वारा जीएसटी भुगतान की निगरानी करने का निर्देश भी दिया।

**सांसद आदर्श ग्राम योजना की समीक्षा :** सांसद ने आदर्श ग्राम योजना के अंतर्गत चयनित गांवों की जमीनी हकीकत देखने के लिए संबंधित पदाधिकारियों को वीडीपी लेकर निरीक्षण करने और लंबित कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने का आदेश दिया।

बैठक में शिक्षा, कृषि, स्वास्थ्य, सिंचाई, विद्युत और पेयजल सहित सभी महत्वपूर्ण विभागों की योजनाओं की समीक्षा की गई। सांसद ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे योजनाओं को समयबद्ध रूप से धरातल पर लागू करें और लाभार्थियों तक प्रभावी रूप से पहुंचाएं।

बैठक में चतरा सांसद कालीचरण सिंह, विधायक आलोक चौरसिया, शशिभूषण मेहता, नरेश सिंह, संजय यादव सदर एसडीएम सुलोचना मीणा समेत कई प्रमुख जनप्रतिनिधि और जिले के अधिकारी मौजूद थे।

# पलामू में क्षेत्रीय पुलिस ड्यूटी मीट 2025 का शानदार समापन

● तकनीकी दक्षता, टीम भावना व आधुनिक पुलिसिंग की दिशा में बड़ा कदम

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पलामू रेंज के लिए गौरव का विषय बना तीन दिवसीय क्षेत्रीय पुलिस ड्यूटी मीट 2025, जो 11 से 13 जून तक मेदिनीनगर में आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम का उद्घाटन पुलिस उपमहानिरीक्षक नौशाद आलम और पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन ने दीप प्रज्वलन कर संयुक्त रूप से किया। समापन अवसर पर चयनित प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र, ट्रॉफी और प्रोत्साहन पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

इस ड्यूटी मीट में पलामू, गढ़वा और लातेहार के चुनिंदा पुलिसकर्मियों ने क्राइम इन्वेस्टिगेशन, फॉरेंसिक साइंस, साइबर विश्लेषण, फिंगरप्रिंट, फोटोग्राफी, डॉग स्क्वॉड और कंप्यूटर अवेयरनेस जैसे तकनीकी विषयों पर केस आधारित प्रशिक्षण प्राप्त किया और प्रतिस्पर्धा में हिस्सा लिया।

डीआईजी नौशाद आलम ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं पुलिस बल की व्यावसायिक कुशलता और तकनीकी योग्यता को नई दिशा देती हैं। एसपी रीष्मा रमेशन ने इसे पुलिस की बुनियादी मजबूती और आत्ममंथन का मंच बताया।

प्रतियोगिता में लातेहार के एसआई मोहम्मद याकीन अंसारी को ओवरऑल रेंज चैंपियन घोषित किया गया, जबकि इंस्पेक्टर ज्योति लाल राजवार (पलामू) उपविजेता रहे। अन्य श्रेणियों में संतोष कुमार, प्रमोद सिन्हा, भगीरथ पासवान, अशोक कुमार डे, उत्तम कुमार यादव, गोपाल शर्मा समेत कई पुलिसकर्मियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिलों का नाम रोशन किया।

डॉग स्क्वॉड परीक्षण में पलामू की टीम ने "माचो" और "मारी" जैसे प्रशिक्षित डॉग्स के माध्यम से ट्रैकर और एक्सप्लोसिव डिटेक्शन कैटेगरी में प्रथम स्थान हासिल किया।

पलामू पुलिस ने आयोजन में शामिल सभी प्रशिक्षकों, विशेषज्ञों, सहभागियों और संस्थाओं को धन्यवाद ज्ञापित किया।

# बिना हेलमेट व कागजात के चल रहे वाहन, जब्त

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** शहर के छःमुहान चौक पर सड़क सुरक्षा और ट्रैफिक नियमों के पालन को लेकर चारपहिया और दोपहिया वाहनों तथा ई-रिक्शा टेंपो सवारी गाड़ियों की जांच की गई। जांच के क्रम में कई वाहन चालकों के पास आवश्यक कागजात नहीं पाए गए। कुछ दोपहिया वाहन चालक बिना हेलमेट व बिना ड्राइविंग लाइसेंस के गाड़ी चला रहे थे। अभियान के दौरान कुल 07 दोपहिया वाहन और 10 ई-रिक्शा/टेंपो सवारी गाड़ियाँ जब्त की गईं, जिन्हें सुरक्षा की दृष्टि से शहर थाना परिसर में रखा गया है। सभी जब्त गाड़ियों के चालान और फाइन की प्रक्रिया के लिए जिला परिवहन कार्यालय पलामू को भेजा गया। दिनांक 13 जून 2025 को जिला परिवहन कार्यालय, पलामू द्वारा 11 दोपहिया वाहनों पर कुल 17,300 का चालान जुर्माना लगाया गया है। सभी वाहनों पर नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। प्रशासन की ओर से स्पष्ट संदेश है कि ट्रैफिक नियमों का पालन न करने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## पलामू के सभी प्रखंडों में ऑस्टियोआर्थराइटिस व वृद्धजनों के लिए लगेगा आयुष शिविर

● आयुर्वेद, होम्योपैथी, यूनानी पद्धति से होगा नि:शुल्क इलाज, दवाएं भी दी जाएंगी

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** जिले के सभी प्रखंडों में ऑस्टियोआर्थराइटिस और मस्कुलोस्केलेटन विकारों से ग्रसित मरीजों एवं वायोमित्र कार्यक्रम के अंतर्गत वृद्धजनों के लिए दो दिवसीय विशेष आयुष चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। प्रत्येक शिविर संबंधित प्रखंड मुख्यालय में लगाया जाएगा जिसमें आयुष सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी, आयुष विभाग से टैग्ड सहिया और योगा इंस्ट्रक्टर की उपस्थिति रहेगी।

शिविर में आयुर्वेदिक, होम्योपैथिक और यूनानी पद्धति के अलग-अलग काउंटर पर रोगियों की निःशुल्क जांच व इलाज किया जाएगा। इसके साथ ही आवश्यकतानुसार निःशुल्क दवा वितरण भी किया जाएगा। शिविर में पुराने और असाध्य रोगों का इलाज भी किया जाएगा। पहले चरण में 16 और 17 जून को सतबरवा, चैनपुर, रामगढ़, सदर मेदिनीनगर, लेस्लीगंज, पांकी और मनातू प्रखंडों में शिविर लगाया जाएगा। दूसरे चरण में 18 और 19 जून को पाटन, नवाबाजार, उंटारी रोड, विश्रामपुर, नौडीहा बाजार, पड़वा और तरहसी प्रखंडों में शिविर आयोजित होगा।

तीसरे चरण में 23 और 24 जून को हुसैनाबाद, हरिहरगंज, पिपरा, पांडु, हैदरनगर, मोहम्मदगंज और छतरपुर में यह शिविर आयोजित किया जाएगा।

जिला प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि जिन लोगों को जोड़ों के दर्द, रीढ़ की समस्या या उम्र संबंधी रोग हैं, वे इन शिविरों में पहुंचकर निःशुल्क इलाज व दवा का लाभ अवश्य लें।

# ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में समर कैम्प का पंचम दिवस उमंग व उत्साह से सम्पन्न

● तैराकी से लेकर पाककला तक, बच्चों ने दिखाया बहुआयामी प्रतिभा का प्रदर्शन

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल, मेदिनीनगर में चल रहे ग्रीष्मकालीन शिविर (समर कैम्प) का पंचम दिवस शुक्रवार को उल्लास और रचनात्मकता से भरा रहा। यह समर कैम्प 9 जून से प्रारंभ हुआ है और बच्चों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए प्रतिदिन विभिन्न गतिविधियों के साथ चल रहा है। दिन की शुरुआत प्रातःकालीन योगाभ्यास से हुई, जिसने विद्यार्थियों को मानसिक और शारीरिक ऊर्जा से भर दिया। इसके बाद रद्दी कागजों से सुंदर क्राफ्ट निर्माण कराया गया, जिससे बच्चों में पर्यावरण चेतना और नवाचार की भावना विकसित हुई। स्कूल परिसर स्थित तरणताल में विद्यार्थियों ने तैराकी का आनंद उठाया, जहाँ बालक एवं बालिकाओं ने सुरक्षा व्यवस्था के बीच तरंगों से दोस्ती की। कला और संगीत की धारा में बहे हुए बच्चों ने 'चंदा चमके चम चम' गीत पर समूह नृत्य प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। चौथी और पाँचवीं कक्षा की छात्राओं ने पाककला सत्र में प्याज के पकोड़े, जलजीरा जैसे स्वादिष्ट व्यंजन बनाकर न केवल अपनी रसोई प्रतिभा दिखाई, बल्कि सभी उपस्थितों को परोसा भी। इस प्रक्रिया में सहभागिता, सहयोग और सौंदर्यबोध का अद्भुत समन्वय देखा गया। खेलकूद के अंतर्गत क्रिकेट और खो-खो की प्रतियोगिताओं ने छात्रों में खेल भावना और टीम वर्क की प्रेरणा जगाई। खो-खो बालिका वर्ग में कीट्स सदन ने इलियट सदन को हराकर जीत दर्ज की, वहीं क्रिकेट बालक वर्ग में इलियट सदन ने कीट्स सदन को पराजित किया। आगामी फाइनल मैच में कीट्स व शेक्सपियर सदन (खो-खो) और शेक्सपियर व इलियट सदन (क्रिकेट) आमने-सामने होंगे। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. ए. के. सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह समर कैम्प रचनात्मकता, अनुशासन और मूल्यबोध के विकास का माध्यम है। उन्होंने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि जीवन में सफलता उन्हीं को मिलती है जो संघर्ष से नहीं घबराते और सत्य के मार्ग पर अडिग रहते हैं। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकगण, सभी प्रतिभागी छात्र एवं छात्राएं उपस्थित रहे।

## पलामू में छात्र डाटा प्रगति कार्य धीमा हरिहरगंज अव्वल तो पांकी फिसड्डी

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में छात्र डाटा प्रगति अभियान की रफ्तार धीमी बनी हुई है। मंगलवार तक प्राप्त आंकड़ों के अनुसार जिले में केवल 43.97% छात्रों का ही डाटा पोर्टल पर अपडेट हो सका है। राज्य स्तर पर पलामू 20वें स्थान पर है। समग्र शिक्षा विभाग द्वारा निर्धारित लक्ष्य के तहत इस कार्य को 15 जून तक पूर्ण करना है। इस अभियान के तहत छात्रों की शैक्षणिक, सामाजिक और व्यक्तिगत प्रगति का मूल्यांकन किया जा रहा है, जिससे उनकी शैक्षिक आवश्यकताओं के अनुसार योजनाएं बनाई जा सकें। हालांकि प्रगति की रफ्तार प्रखंड स्तर पर भिन्न-भिन्न है। हरिहरगंज 63.63% डाटा अपडेट के साथ सबसे आगे है, जबकि पांकी मात्र 30.31% के साथ सबसे पीछे है। अन्य प्रखंडों में नौडीहा बाजार 62.20%, सतबरवा 62.26%, मोहम्मदगंज 54.92%, हैदरनगर 51.94%, चैनपुर 47.20% और पिपरा 50.55% डाटा अपडेट कर चुके हैं। इस बारे में जिला शिक्षा अधीक्षक संदीप कुमार ने बताया कि बीते तीन दिनों से तेजी से कार्य हो रहा है और अगले एक-दो दिनों में जिले का शत-प्रतिशत लक्ष्य पूरा कर लिया जाएगा।

## साइबर सुरक्षा पर चला जागरूकता अभियान निगमकर्मियों को दी गई महत्वपूर्ण जानकारी

**मेदिनीनगर।** नगर निगम कार्यालय में शुक्रवार को वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा साइबर सुरक्षा जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। अभियान में निगमकर्मियों को साइबर क्राइम जैसे फिशिंग, फेक अकाउंट, हैकिंग, ओटीपी धोखाधड़ी, वीडियो कॉल ब्लैकमेल और एआई आधारित फ्रॉड के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। ट्रस्ट सचिव शर्मिला वर्मा ने कहा कि साइबर अपराध से बचाव के लिए जागरूकता जरूरी है। यूट्यूबर अभिषेक तिवारी, लक्ष्य श्रेष्ठ, सौभाग्य सृजन व मयूरेश द्विवेदी ने भी सुरक्षा उपाय बताए। इंस्पेक्टर सुबोध कुमार ने साइबर अपराध की सजा और शिकायत के लिए 1930 नंबर की जानकारी दी। कार्यक्रम में सहायक नगर आयुक्त विश्वजीत महतो सहित अनेक कर्मी उपस्थित रहे। अंत में राखी सोनी ने राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन किया।

## घरेलू सजावट के शौकीनों के लिए आकर्षण का नया केंद्र बना अक्षयम कलेक्शन

**मेदिनीनगर।** घरेलू सजावट प्रेमियों के लिए एक नई सौगात के रूप में "अक्षयम कलेक्शन" का भव्य उद्घाटन हुआ। उद्घाटन बाल्य अतिथि अक्षज व अव्यम ने किया। यह कलेक्शन आकर्षक बेड कवर, कुशन कवर, बेडशीट्स, दोहर और अन्य फर्निशिंग वस्तुओं के लिए एक विशिष्ट केंद्र है। बुटीक की प्रोप्राइटर प्रियंका आनंद साहू ने बताया कि अक्षयम का उद्देश्य ग्राहकों को शहर में ही उच्च गुणवत्ता व आधुनिक डिज़ाइन के होम डेकोर उत्पाद उपलब्ध कराना है। उन्होंने बताया कि हर वस्तु को खासतौर पर ट्रेंड और सुविधा को ध्यान में रखकर चुना गया है। पहले ही दिन ग्राहकों की अच्छी खासी भीड़ उमड़ी और लोगों में उत्साह देखा गया। इस अवसर पर लिली मिश्रा, रेणु शर्मा, आरती आनंद, पुष्पा अग्रवाल, अनुराधा मिश्रा, शालू सिंह, पारुल, हरशीन कौर, अनजनी सिंह सहित कई लोगों ने खरीदारी की।

# कजरी आंगनबाड़ी वन की सेविका बनीं अर्चना कुमारी



नवीन मेल संवाददाता

**पड़वा।** प्रखंड के कजरी पंचायत अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र कजरी आंगनबाड़ी वन में सेविका पद के चयन हेतु शुक्रवार को मध्य विद्यालय कजरी परिसर में आमसभा का आयोजन किया गया। पंचायत की मुखिया रंजना कुमारी सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस सभा में पारदर्शी और लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत चयन कार्य संपन्न हुआ।

आमसभा में कुल पांच अभ्यर्थियों सुप्रिया कुमारी, चांदनी देवी, अर्चना कुमारी, सुमन कुमारी एवं रानी देवी ने आवेदन प्रस्तुत किया था। सभी के शैक्षणिक प्रमाणपत्रों की जांच और मेरिट के आधार पर अर्चना कुमारी को सर्वाधिक 33 अंक प्राप्त हुए। इसके आधार पर उन्हें सेविका पद के लिए चयनित किया गया। चयन की घोषणा के बाद बाल विकास परियोजना पदाधिकारी सह बीडीओ डॉ. अमित कुमार झा, मुखिया रंजना कुमारी सिंह और प्रखंड उपप्रमुख धर्मवीर सिंह ने संयुक्त रूप से अर्चना कुमारी को चयन प्रमाण पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर बाल विकास परियोजना की पर्यवेक्षिका लीलावती कुमारी, एएनएम आनंदी देवी, प्रभारी प्रधानाध्यापक पूजा कुमारी, पूर्व प्रमुख सूचित देवी, महाराणा प्रताप सिंह, सोनम कुमारी, अंजनी देवी, सुशीला देवी, संजू देवी, प्रशांत सिंह, अजय कुमार सिंह, लल्लू सिंह, संजय सिंह, आनंदी सिंह, सुमेर सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# 'बादल हैं तो बरसेंगे' व 'मुक्तक-सुमन' का लोकार्पण

● कविताएं अनुभूतियों की गहराई व संवेदना की सशक्त अभिव्यक्ति

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** हिंदी साहित्य भारती, पलामू के तत्वावधान में स्थानीय होटल 'निर्वाणा' में कवि सत्येन्द्र चौबे 'सुमन' की दो काव्य कृतियों 'बादल हैं तो बरसेंगे' और 'मुक्तक-सुमन' का भव्य लोकार्पण हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. सुभाष चंद्र मिश्र ने की जबकि मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड विधानसभा के प्रथम अध्यक्ष इंदर सिंह नामधारी उपस्थित रहे।

लोकार्पण समारोह की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई। इस मौके पर डॉ. सुरेंद्र प्रसाद मिश्र, शंभूनाथ पांडेय, दिलीप चौबे, श्रीधर प्रसाद द्विवेदी, प्रेम भसीन, कवि धनंजय जयपुरी, डॉ. रामाधार सिंह, सिद्धेश्वर विद्यार्थी, सुरेश विद्यार्थी, शशिकांत चौबे और विजय चौबे समेत अनेक साहित्यप्रेमी मंच पर उपस्थित थे। समारोह का संचालन कवि राकेश कुमार ने किया। डॉ. रामप्रवेश पंडित ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की, कवि धनंजय जयपुरी व अनुज कुमार पाठक ने काव्यात्मक स्वागत भाषण दिया और कवि रमेश सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

मुख्य अतिथि इंदर सिंह नामधारी ने कहा कि कवि की दोनों पुस्तकों में अनुभूतियों की गहराई स्पष्ट झलकती है। प्रो. मिश्र ने कहा कि कवि के प्रेम की अभिव्यक्ति केवल मांसल नहीं, बल्कि भावात्मक है—एक तरह की गहरी संवेदना जो पाठक को छू जाती है।

डॉ. सुरेंद्र मिश्र ने 'सुमन' नाम और 'मुक्तक-सुमन' कृति को वैदिक व्याख्या के जरिए व्याख्यायित करते हुए कहा कि कवि की रचनाएं शब्दों की नहीं, अनुभूतियों की परिणति हैं। श्रीधर प्रसाद द्विवेदी ने इसे "अनुभूतियों की छलकती गगरी" कहा और कहा कि इन रचनाओं में आध्यात्मिक प्रेम की सुंदर व्याख्या है। काष्ठ कलाकार प्रेम भसीन ने प्रेम पर आधारित कविताओं की प्रशंसा की। विजय चौबे ने सत्येन्द्र सुमन के साहित्यिक योगदान को समाज सेवा का रूप बताया।

परशुराम तिवारी ने कविता "सुनो पतंगा नहीं डरता है" की विवेचना करते हुए कहा कि कवि ने प्रेम को आत्मोत्सर्ग की संज्ञा दी है, जिसमें पतंगा जलते हुए भी प्रेम की लौ को जीवित रखता है।

समारोह के अंत में कवि सत्येन्द्र चौबे 'सुमन' ने अपनी रचना प्रक्रिया साझा करते हुए बताया कि कोविड काल के दौरान उन्होंने लोगों का मनोबल बढ़ाने के लिए कविताएं लिखनी शुरू की थीं, जिन्हें सोशल मीडिया पर सराहा गया। इसी ने उन्हें दो पुस्तकें तैयार करने को प्रेरित किया।

## जोड़ पंचायत में कृषक उत्पादक संगठन की बैठक किसानों को दी गई सरकारी योजनाओं की जानकारी




**मेदिनीनगर।** जोड़ पंचायत भवन में कृषक उत्पादक संगठन (रेड़मा) की बैठक अध्यक्ष विवेकानंद त्रिपाठी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। किसानों को संगठन से जुड़ने की प्रक्रिया, लाभ, और सरकारी अनुदान पर मिलने वाले बीज, खाद व प्रशिक्षण के बारे में बताया गया। उन्हें यह भी प्रेरित किया गया कि उत्पादन को साहूकारों को न बेचकर संगठन के माध्यम से प्रोसेसिंग कर सीधे बाजार में बेचा जाए। किसानों को बकरी पालन, मत्स्य पालन, मशरूम उत्पादन सहित जैविक खेती पर जोर देने की सलाह दी गई। बैठक में मुखिया प्रतिनिधि नरेंद्र मेहता, उप मुखिया कमलेश तिवारी सहित कई किसान उपस्थित रहे।

## गर्मी में फलों की मांग बढ़ी, आपूर्ति घटने से दामों में आया उछाल



**मेदिनीनगर।** गर्मी के चरम पर पहुंचते ही फलों की मांग तेजी से बढ़ गई है, लेकिन आपूर्ति में कमी के कारण इनके दाम लगातार चढ़ते जा रहे हैं। मेदिनीनगर के बाजारों में अंगूर 140 से 160 रुपये किलो, अनार 140 रुपये किलो तक बिक रहे हैं। आम का सीजन होने के बावजूद यह 60 से 100 रुपये प्रति किलो बिक रहा है। सेब की कमी के कारण इसके दाम 240 से 280 रुपये तक पहुंच गए हैं। वहीं किन्नू 120 से 140 रुपये किलो और केला 60 रुपये दर्जन बिक रहा है। फल विक्रेता अमित कुमार के अनुसार, अत्यधिक गर्मी में फल जल्दी खराब हो जाते हैं, जिससे व्यापारी सीमित मात्रा में ही खरीद करते हैं। इसके अलावा छत्तीसगढ़, रांची और बंगाल से आने वाली आपूर्ति भी हिट वेव के कारण प्रभावित हो रही है। गर्मी से राहत पाने के लिए लोग ताजे फलों की ओर ज्यादा आकर्षित हो रहे हैं, जिससे मांग और दाम दोनों में तेजी देखी जा रही है। विशेषज्ञों के अनुसार अगर मौसम की स्थिति ऐसी ही बनी रही, तो आने वाले दिनों में दामों में और तेजी आ सकती है।

खेल

राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में 35 खिलाड़ियों का प्रतिनिधित्व, उत्कृष्ट प्रदर्शन पर नेशनल खेलने का मौका

# पलामू की सब-जूनियर एथलेटिक्स टीम जामताड़ा रवाना

नवीन मेल संवाददाता




**मेदिनीनगर।** झारखंड राज्य एथलेटिक्स संघ और जामताड़ा जिला एथलेटिक्स संघ के संयुक्त तत्वावधान में 14 और 15 जून को जामताड़ा स्थित आउटडोर स्टेडियम में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय सब-जूनियर बालक/बालिका एथलेटिक्स प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए पलामू की टीम बुधवार को रवाना हो गई। इस प्रतियोगिता में अंडर-14 और अंडर-16 आयु वर्ग के बालक व बालिका भाग लेंगे।

पलामू टीम को कोच मोनू कुमार (बालक वर्ग) और कोच रेशमा पांडे (बालिका वर्ग) के नेतृत्व में रवाना किया गया। कुल 35 सदस्यीय दल को पलामू जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अजात शत्रु प्रसाद सिन्हा, सचिव संजय कुमार त्रिपाठी, पलामू जिला ओलंपिक संघ के वरीय उपाध्यक्ष कमलानंद दुबे ने कोलकाता वीकली एक्सप्रेस ट्रेन से रवाना किया। पलामू जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के सचिव संजय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सब-जूनियर नेशनल एथलेटिक्स प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर मिलेगा।

टीम को शुभकामनाएं देने वालों में पलामू जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष किशोर कुमार पांडे, वरीय उपाध्यक्ष कमलानंद दुबे, एथलेटिक्स कोच रेशमा पांडे, वूशु संघ के अध्यक्ष रमेश चंद्र प्रसाद, सचिव सुमित वर्मन, एथलेटिक्स संघ के उपाध्यक्ष प्रदीप मेहता, योगा एसोसिएशन के सचिव अनिल पांडेय, साइक्लिंग संघ के सचिव सिद्धार्थ कुमार, राइफल शूटिंग संघ के सचिव अशोक कुमार सिंह, अध्यक्ष अमरेंद्र पाठक, सुनील उपाध्याय, शशिकांत त्रिपाठी, शारीरिक शिक्षक द्वारिका प्रसाद, सोनी कुमारी, प्रीति कुमारी शामिल रहे।

### प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ी

**बालक वर्ग में :** अंकित कुमार सिंह, शुभम कुमार, प्रत्यय पांडेय, विद्यासागर, चिरंजीवी कुमार सिंह, प्रिंस कुमार सिंह, शिवम कुमार सिंह, अनमोल तिवारी, प्रतीक कुमार, आशुतोष कुमार ठाकुर, सुधाकर कुमार, हेमंत कुमार यादव, प्रिंस कुमार शर्मा, आनंद कुमार सिंह, आयुष कुमार, दीपक उरांव, तेज प्रताप, कनिष्क कुमार सिंह शामिल हैं।

**बालिका वर्ग में :** अर्पणा राज, अंशु प्रिया कुमारी, आराध्या कुमारी, मिस्टी कुमारी, फिजा प्रवीण, पीहू रानी, अंजली यादव, मानसी सिंह, सुहानी सिंह, रानी कुमारी, श्रुति गुप्ता, सुप्रीति कुमारी, प्रिंसी कुमारी, आराध्या कुमारी, अंजली कुजुर, रिया कुमार, संजना उरांव भाग लेंगी।

## करहवा घाट पर नाव परियोजना का उद्घाटन



**धुरकी।** प्रखंड अंतर्गत खुटिया पंचायत के करहवा घाट पर झारखंड-छत्तीसगढ़ सीमा को जोड़ने वाली बहुप्रतीक्षित नाव परियोजना का भव्य उद्घाटन गुरुवार को किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत वैदिक मंत्रोच्चार एवं पूजा-अर्चना से हुई। इसके बाद खटट प्रखंड अध्यक्ष इसराइल खां, इयूयू प्रतिनिधि कमलेश कुमार सिंह गोड़, रामप्रवेश यादव और बलवंत यादव ने नारियल फोड़कर और फीता काटकर परियोजना का शुभारंभ किया। यह परियोजना बॉर्डर क्षेत्र के करीब 20 गांवों के लिए वरदान साबित होगी। अब ग्रामीण आसानी से छत्तीसगढ़ और उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों में आवागमन कर सकेंगे। व्यापार, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुँच भी आसान होगी। नाव संचालक शिवपूजन यादव ने बताया कि पहले बारिश के समय नदी की तेज धार पार करना मुश्किल होता था, पर अब नाव सेवा शुरू होने से सुविधा हो गई है। इसराइल खां ने कहा कि यह नाव परियोजना सीमावर्ती क्षेत्र के लिए जीवनरेखा है। कमलेश गोड़ ने इसे सामाजिक और आर्थिक विकास की दिशा में बड़ा कदम बताया। इस अवसर पर नरेश गौड़, शनेश्वर यादव, रामकुमार भुइंया समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। लोगों ने परियोजना शुरू कराने के लिए प्रशासन और जनप्रतिनिधियों का आभार जताया। ग्रामीणों ने इसे वर्षों पुरानी मांग की पूर्ति बताया।

## समस्याओं को लेकर आंदोलन का निर्णय

**श्री बंशीधर नगर।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की जंगीपुर ग्राम स्थित अंचल कमिटी का 23वां सम्मेलन गुरुवार को बसु उरांव की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। सम्मेलन की शुरूआत नगीना पासवान द्वारा पार्टी का झंडोत्तोलन कर की गई। शोक प्रस्ताव मोती राम ने प्रस्तुत किया, जबकि जिला सचिव रामेश्वर प्रसाद अकेला ने उद्घाटन भाषण में केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों की आलोचना की। उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार किसानों, मजदूरों और बेरोजगार युवाओं के हितों की अनदेखी कर रही है। महंगाई चरम पर है और सहारा इंडिया जैसे मामलों में एजेंटों की रोजी और जमाकताओं की राशि वापस नहीं मिल रही है। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार ने स्कूली बच्चों की गर्मी की छुट्टियां कम कर दी हैं, जिससे गरीब तबके के बच्चे अधिक प्रभावित हो रहे हैं। सम्मेलन में निर्णय लिया गया कि जनसमस्याओं को लेकर प्रखंड स्तर पर आंदोलन तेज किया जाएगा। अंचल मंत्री रामनाथ उरांव द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन पर विचार के बाद उसे सुझावों के साथ पारित किया गया। सम्मेलन में सात सदस्यीय अंचल कमिटी का गठन किया गया जिसमें गोपाल यादव, मोती राम, सुनील उरांव, शम्भू उरांव और अब्दुल खान को शामिल किया गया, जबकि दो पद रिक्त रखे गए हैं। अंचल सचिव का चयन आगामी कमिटी बैठक में किया जाएगा। जिला सम्मेलन के लिए 11 प्रतिनिधियों का चयन किया गया। सम्मेलन में सभी शाखाओं के प्रतिनिधि मौजूद थे और संगठन की मजबूती एवं जनांदोलन को धार देने पर सहमति बनी।

## बड़गड़ स्वास्थ्य केंद्र की अव्यवस्था पर झामुमो का विरोध प्रदर्शन

**बड़गड़।** प्रखंड के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में अव्यवस्था और प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. संजय कुमार के कथित मनमाने रवैये के विरोध में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के नेताओं ने संवाददाता सम्मेलन कर विरोध दर्ज कराया। झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अर्जुन मींज ने बताया कि बड़गड़ में पांच चिकित्सा कर्मियों की तैनाती होने के बावजूद प्रभारी डॉक्टर उन्हें भंडारिया रेफरल अस्पताल में ड्यूटी दे रहे हैं। इससे बड़गड़ के हजारों ग्रामीणों को चिकित्सा सुविधा नहीं मिल पा रही है। उन्होंने कहा कि हाल में नियुक्त फार्मासिस्ट को भी बड़गड़ की जगह भंडारिया भेजा गया है। नेताओं ने आरोप लगाया कि यह सब प्रभारी डॉक्टर की मनमानी का परिणाम है, जिससे खासकर आदिवासी और आदिम जनजातीय समुदाय के लोग इलाज से वंचित हो रहे हैं। प्रेस वार्ता में चेतावनी दी गई कि यदि एक सप्ताह के भीतर व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो झामुमो आंदोलन करेगा। इस मुद्दे पर गढ़वा सिविल सर्जन से हस्तक्षेप की मांग की गई है और आंदोलन की जिम्मेदारी डॉक्टर संजय कुमार एवं संबंधित पदाधिकारियों पर डाल दी गई है। प्रेस वार्ता में झामुमो के केंद्रीय सदस्य जयप्रकाश मींज, प्रखंड सचिव अमानत अंसारी, अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष नूरूल हक, और नेता संदीप गुप्ता शामिल थे। सभी ने बड़गड़ क्षेत्र को उचित स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की।

## सीआईएसएफ जवान का पर्स बाजार में खोया

**रमना।** सिआईएसएफ के जवान सुबोध कांत (पिता- सतेंद्र सिंह, ग्राम-पोस्ट कटुवल, थाना चैनपुर, जिला पलामू) का पर्स गुरुवार को रमना बाजार स्थित एक किराना दुकान में छूट गया। पर्स में सिआईएसएफ पहचान पत्र, डेबिट-क्रेडिट कार्ड, मेट्रो पास, आधार कार्ड, पार्लियामेंट प्रवेश पत्र, और वोटर आईडी जैसे जरूरी दस्तावेज थे। जवान अपनी ससुराल सिलीदाग पंचायत में प्रीतम सिंह के घर आ रहे थे। रमना बाजार में बच्चों के लिए सामान खरीदते समय उन्होंने दुकान काउंटर पर पर्स रख दिया और भूलवश वहीं छोड़कर चले गए। बाद में याद आने पर लौटे तो पर्स नहीं मिला। उन्होंने निवेदन किया है कि यदि किसी को यह पर्स मिला हो या भूलवश ले गया हो, तो कृपया प्रीतम सिंह के घर या पुलिस को सौंप दे। पर्स लौटाने वाले को उचित इनाम दिया जाएगा।

## आईसीटी शिक्षिका के रूप में किया योगदान



**खरौंधी।** पीएम श्री मध्य विद्यालय, अरंगी में गुरुवार को सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी योजना के तहत नियुक्त शिक्षिका फूल कुमारी ने योगदान दिया। पहले ही दिन उन्होंने कंप्यूटर लैब का निरीक्षण कर छात्रों से संवाद किया और डिजिटल शिक्षा के बुनियादी पहलुओं की जानकारी दी। प्रधानाध्यापक सतेंद्र दास ने उनका स्वागत करते हुए कहा कि उनके आने से विद्यालय में तकनीकी शिक्षा को मजबूती मिलेगी और ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे डिजिटल युग से जुड़ पाएंगे।

# खनन, परिवहन व भंडारण पर नियंत्रण हेतु जिला टास्क फोर्स की बैठक संपन्न

### ◂◂ अवैध खनन के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** उपायुक्त दिनेश कुमार यादव की अध्यक्षता में शुक्रवार को समाहरणालय में जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक हुई। अवैध खनन, परिवहन और भंडारण की रोकथाम पर हुई बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि अवैध गतिविधियों के विरुद्ध संयुक्त छापामारी अभियान चलाया जाए और दोषियों पर कठोर कार्रवाई की जाए। बैठक में एसपी अमन कुमार, डीएफओ एबिन बैनी अब्राहम, अंशुमन, डीटीओ धीरज प्रकाश, एसडीओ प्रभाकर मिर्धा सहित अन्य उपस्थित थे।

## युवती पर टांगी व रॉड से हमला, मामला दर्ज



**नवीन मेल संवाददाता**

**बड़गड़।** थाना क्षेत्र के बारकोल गांव में पशु चराने को लेकर हुए विवाद में 20 वर्षीय युवती पर जानलेवा हमला किया गया। पीड़िता बबली कुमारी (पिता - सीताराम प्रसाद) ने शुक्रवार को प्राथमिकी दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि अनुज यादव और उसकी पत्नी सरिता देवी से गुरुवार सुबह विवाद हुआ था। शाम को स्कूटी से घूमने निकली बबली पर अनुज यादव ने पीछे से लोहे की रॉड से हमला किया। पुलिस ने युवती को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भंडरिया भेजा। थाना प्रभारी दीपक मौर्य ने बताया कि बड़गड़ थाना कांड संख्या 19/2025 के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। दूसरे पक्ष से भी प्राथमिकी के लिए आवेदन प्राप्त हुआ है।

## पुलिस पर हमले के मामले में पांच आरोपी गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** मंगरदह गांव में घायल महिला को लेने गई पुलिस टीम पर हमले के मामले में पुलिस ने नामजद पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार लोगों में कृष्णा ठाकुर, अंकित सिंह (पुत्र प्रमोद सिंह), ब्रजेश कुमार, अखिलेश सिंह और प्रवीण सिंह शामिल हैं। साथ ही महिला जमुना विभार से मारपीट के मामले में आरोपी संजय राम को भी जेल भेजा गया है। पुलिस पर हमले में एसआई संजय पासवान घायल हुए थे, जिनकी प्राथमिकी पर नौ नामजद व कुछ अज्ञात लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया था। थाना प्रभारी आदित्य नायक ने बताया कि फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।

## भीषण गर्मी से जनजीवन अस्त-व्यस्त, बच्चों को हो रही परेशानी

**खरौंधी।** प्रखंड में एक सप्ताह से भीषण गर्मी का प्रकोप जारी है। तापमान 43 डिग्री सेल्सियस तक पहुँच गया है, जिससे सबसे अधिक परेशानी स्कूली बच्चों को हो रही है। सरकार द्वारा विद्यालयों के समय में कटौती की गई है, लेकिन छुट्टी के समय तेज धूप के कारण बच्चों को लौटने में मुश्किलें हो रही हैं। कई बच्चों को चार से पांच किलोमीटर पैदल चलना पड़ता है, रास्ते में न छांव है न पानी। इससे डिहाइड्रेशन और चक्कर की शिकायतें बढ़ रही हैं। अभिभावकों ने सरकार से स्कूलों में छुट्टी की मांग की है।

## फरार अभियुक्त के घर इश्तेहार चिपकाया गया



**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** महिला थाना पुलिस ने शादी का झांसा देकर यौन शोषण के मामले में फरार चल रहे आरोपी किशोर पासवान (पिता-अभिमन्यु किशोर पासवान, निवासी-खरौंधी ग्रामीण बैंक के पास) के घर इश्तेहार चिपकाया है। थाना प्रभारी रुक्मणि कुमारी ने बताया कि सपना कुमारी द्वारा दर्ज कराई गई महिला थाना कांड संख्या 09/2025 के तहत आरोपी फरार है। वह पिछले दो महीनों से वांछित था। 12 जून को शाम करीब 5 बजे पुलिस टीम ने ढोल बजाकर उसके घर पर इश्तेहार चिपकाया और आसपास के लोगों को सूचित किया। इस कार्रवाई में एसआई उर्मिला कुमारी, गीता कुमारी और खरौंधी गश्ती दल शामिल रहे।

## अबुआ आवास योजना में अनियमितता को लेकर 13 लाभुकों पर प्राथमिकी




**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** सदर प्रखंड अंतर्गत विभिन्न पंचायतों के 13 अबुआ आवास योजना लाभुकों के विरुद्ध सरकारी धन का गबन करने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। बीडीओ कुमार नरेंद्र नारायण के निर्देश पर पंचायत सेवकों ने यह कार्रवाई की। अचला पंचायत के चंद्रदेव तिवारी ने तीन लाभुकों के विरुद्ध थाने में आवेदन देकर बताया कि इन लोगों ने वर्ष 2023-24 में प्रथम किस्त की राशि 30,000 लेने के बावजूद आवास निर्माण कार्य शुरू नहीं किया। इसी तरह, जाटा पंचायत के 9 लाभुकों और नवादा पंचायत के सुखवाना गांव निवासी विकास कुमार के विरुद्ध भी शिकायत की गई। इन लाभुकों में चिंता देवी, रामपति देवी, नागवंती देवी, लखपतिया देवी, सविता देवी, पनपतिया देवी, बबिता देवी, बुचिया देवी और बशारत अंसारी शामिल हैं। सभी पर सरकारी राशि गबन करने का आरोप है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## एसपी ने रंका अनुमंडल में उग्रवाद से जुड़े मामलों की समीक्षा की

**नवीन मेल संवाददाता**

**रंका।** गुरुवार को रंका थाना परिसर में आयोजित समीक्षात्मक बैठक में गढ़वा के पुलिस अधीक्षक अमन कुमार ने अनुमंडल के सभी थाना प्रभारियों के साथ उग्रवाद से संबंधित लंबित मामलों की समीक्षा की। यह बैठक दोपहर 12 बजे से 3.30 बजे तक चली। पुलिस अधीक्षक ने जानकारी दी कि रंका में 7, रमकंडा में 3, भंडरिया में 12 और बड़गड़ में 1–इस प्रकार कुल 23 उग्रवादी मामले लंबित हैं। उन्होंने सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिया कि आगामी तीन माह के भीतर इन मामलों की जांच पूरी कर निष्पादन सुनिश्चित करें। एसपी ने कहा कि उग्रवाद से संबंधित मामलों के लंबित रहने से न्यायालय पर अनावश्यक दबाव पड़ता है और नए मामलों की जांच प्रक्रिया बाधित होती है। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को डाटा अपडेट करने और कोर्ट से समन्वय बनाकर कार्यवाही तेज करने का निर्देश दिया। बैठक में पुलिस उपाधीक्षक रोहित रंजन सिंह, पुलिस निरीक्षक सुभाष कुमार पासवान, चिनियां थाना प्रभारी अमित कुमार, रमकंडा के अवर निरीक्षक, भंडरिया थाना प्रभारी अभिजीत गौतम, और बड़गड़ थाना प्रभारी दीपक कुमार मौर्य समेत अन्य अधिकारी उपस्थित थे। पुलिस अधीक्षक ने सभी को गंभीरता से निर्देशों का पालन करने और समयबद्ध कार्रवाई की चेतावनी दी।

## रोस्टर चार्ट लगाने के बाद भवनाथपुर अस्पताल में हुई ड्यूटी की शुरूआत

**भवनाथपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवनाथपुर में शुक्रवार को रोस्टर चार्ट लगाया गया और चिकित्सक शैलेन्द्र कुमार ने उसी के अनुसार ओपीडी में अपनी ड्यूटी की। प्रमुख शोभा देवी ने 11 जून को निरीक्षण के दौरान अस्पताल में रोस्टर चार्ट नहीं पाए जाने पर नाराजगी जताई थी और तत्काल लगाने का निर्देश दिया था। अब यह देखना शेष है कि ड्यूटी रोस्टर का पालन नियमित रूप से होता है या पूर्व की भांति मनमानी चालू रहती है।

## खाद्य सुरक्षा वादों पर त्वरित कार्रवाई, 2.85 लाख का जुर्माना

**गढ़वा।** शुक्रवार को अपर समाहर्ता-सह-न्याय निर्णयन पदाधिकारी राज महेश्वरम ने खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2006 के तहत 13 मामलों का निष्पादन किया। इनमें 08 अवमानक, 02 गलत ब्रांड और 03 बाह्य पदार्थ मिले। दोषी प्रतिष्ठानों पर ?2,85,000 का जुमार्ना लगाया गया। गढ़वा शहर के 09, रंका के 02, मझिआंव के 02 प्रतिष्ठान शामिल हैं। खाद्य सुरक्षा अधिकारी अंजना रानी मिंज, प्रमोद पाण्डेय और विवेक तिवारी उपस्थित थे।

## छहमइलवा में बाइक टक्कर से पति-पत्नी व पुत्री घायल

**नवीन मेल संवाददाता**

**भवनाथपुर।** बुधवार की दोपहर छहमइलवा मोड़ के पास दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर में एक ही परिवार के तीन सदस्य घायल हो गए। दुर्घटना में घायल नगरउंटारी थाना क्षेत्र के अलकर गांव निवासी श्यामलाल सिंह (40), उनकी पत्नी सरिता देवी (35) और छह वर्षीय पुत्री रिया कुमारी को स्थानीय लोगों की मदद से भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। चिकित्सा केंद्र में तैनात महिला चिकित्सक अनुपमा कुमारी ने तीनों घायलों का प्राथमिक इलाज किया। श्यामलाल सिंह ने बताया कि वे अपनी पत्नी और बेटी को उनके मायके केतार छोड़ने जा रहे थे, तभी छहमइलवा मोड़ के पास सामने से एक बाइक तेजी से आ गई। अचानक सामने आए वाहन से बचने के प्रयास में उनका संतुलन बिगड़ गया और उनकी बाइक दूसरी बाइक से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि तीनों लोग सड़क पर गिर पड़े और उन्हें हाथ, पैर एवं शरीर के अन्य हिस्सों में चोटें आईं। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और मदद की। दूसरी बाइक पर सवार युवक को हल्की चोटें आईं और वह मौके से चला गया। डॉक्टरों के अनुसार, सभी घायलों की स्थिति अब खतरे से बाहर है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से छहमइलवा मोड़ पर चेतावनी बोर्ड और स्पीड ब्रेकर लगाने की मांग की है, ताकि इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके।


### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,लघु सिंचाई प्रमण्डल, लोहरदगा

( E -MAIL ID – midloh632@gmail.com)

**शुद्धि पत्र**

इस कार्यालय के पत्रांक–353 दिनांक–28.05.2025 निविदा आमंत्रण सूचना सं0 WRD/MID/ LOHARDAGA/ B.D./ S.L.I. - 01/2025-26 Date 28.05.2025 जो दैनिक समाचार पत्रों में PR NO. 353703 Lohardaga (25-26)_D द्वारा प्रकाशित है को इस प्रकार पढ़ा जाय।

| | | |
|---|---|---|
| 7. | Date of Publication of Tender on website (http://jharkhandtenders.gov.in) | Date - 23.06.2025 Time 2:00 PM |
| 8. | Last date/Time for downloading of bidding documents and submission of Tender on Website | Date - 01.07.2025 Time 5:00 PM |
| 9. | Submission of Tender Fee and EMD | Start Date - 23.06.2025 Time 2:00 PM<br>Last Date - 01.07.2025 Time 5:00 PM |
| 10. | Technical Bid Opening Date | Date - 03.07.2025 Time 02:00 PM |

अन्य शर्त्ते यथावत रहेगा।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, लोहरदगा।

PR.NO.354966 Lohardaga(25-26):D



### कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड, राँची
### कार्यालय – भूमि संरक्षण पदाधिकारी, लातेहार।

E-Mail ID:- scolatehar@gmail.com

**आम सूचना**

1. कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (कृषि प्रभाग) झारखण्ड, राँची का राज्यादेश सख्या –08, दिनांक 22.05.2025 द्वारा लातेहार जिला अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025–26 में केन्द्र प्रायोजित PM-RKVY-RAFTAAR योजना अन्तर्गत Sub Mission on Agriculture Mechanization (SMAM) उपयोजना के तहत् कृषक समूह/व्यक्तिगत कृषक को अनुदानित दर पर कृषि यंत्र उपलब्ध कराया जायेगा।

| क्र0 | कृषि यंत्र का नाम | भौतिक लक्ष्य टी0एस0पी0 | अधिकतम अनुदान राशि (लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम स्तरीय कृषि उपकरण बैंक पैकेज के साथ | 4 | 80 प्रतिषत या 8.00 लाख रु0 प्रति कृषि उपकरण बैंक लागत 10 लाख रुपये |
| 2 | Tractor 4WD (Up to 20 PTO HP) | 3 | रू0 2.45 लाख प्रति इकाई |
| 3 | Tractor 2WD (Above 20 PTO HP & Up to 40 PTO HP) | 9 | रू0 3.00 लाख प्रति इकाई |
| 4 | Power Tiller (8 BHP & Up to 11 BHP) | 1 | रू0 1.00 लाख प्रति इकाई |
| 5 | Power Tiller (Above 11 BHP) | 1 | रू0 1.20 लाख प्रति इकाई |
| 6 | Self Propelled Weeder (Below 2BHP) | 1 | रू0 0.30 लाख प्रति इकाई |
| 7 | Self Propelled Weeder (2 BHP & Below 5 BHP) | 1 | रू0 0.40 लाख प्रति इकाई |
| 8 | Self Propelled Weeder (5 BHP & Below 75 BHP & Above) | 1 | रू0 0.75 लाख प्रति इकाई |
| 9 | Self Propelled Rice Transplanter (4 Rows) | 1 | रू0 1.70 लाख प्रति इकाई |
| 10 | Self Propelled Crop Reaper (4 Rows) | 2 | रू0 0.75 लाख प्रति इकाई |
| Tractor/Power Tiller ( Below 20 BHP) driven equipment | | | |
| 11 | MB Plough (Single Bottom) | 1 | रू0 0.22 लाख प्रति इकाई |
| 12 | Cage Wheel | 2 | रू0 0.15 लाख प्रति इकाई |
| 13 | Cultivator | 2 | रू0 0.20 लाख प्रति इकाई |
| 14 | Multi Crop Threshers | 1 | रू0 0.40 लाख प्रति इकाई |
| 15 | Paddy Thresher | 1 | रू0 0.38 लाख प्रति इकाई |
| Tractor ( Above 20-35 BHP) driven equipment | | | |
| 16 | MB Plough (Single Bottom) | 1 | रू0 0.35 लाख प्रति इकाई |
| 17 | Cage Wheel | 9 | रू0 0.18 लाख प्रति इकाई |
| 18 | Cultivator | 9 | रू0 0.18 लाख प्रति इकाई |
| 19 | Multi Crop Threshers | 1 | रू0 1.25 लाख प्रति इकाई |
| 20 | Paddy Thresher | 1 | रू0 1.00 लाख प्रति इकाई |
| 21 | Rotavator (up to 5 feet) | 3 | रू0 0.46 लाख प्रति इकाई |
| 22 | Zero-till Seed Drill multi crop (7 Tines) | 3 | रू0 0.23 लाख प्रति इकाई |
| 23 | Tractor (above 35 BHP) driven equipments | | |
| 24 | Rotavator (6 feet) | 1 | रू0 0.60 लाख प्रति इकाई |
| 25 | Rotavator (7 feet) | 5 | रू0 0.70 लाख प्रति इकाई |
| 26 | Mini Rice Mill (Up to 0.5 TPH) | 0 | रू0 1.50 लाख प्रति इकाई |
| 27 | Mini Rice Mill (More than 0.5 TPH & Up to 1.0 TPH) | 0 | रू0 1.80 लाख प्रति इकाई |
| 28 | Mini Dal Mill (Capacity 50 Kg per Hour) | 0 | रू0 1.20 लाख प्रति इकाई |
| 29 | Mini Dal Mill (Capacity 50 Kg per Hour & Below 100 Kg per Hour) | 0 | रू0 1.80 लाख प्रति इकाई |
| 30 | Manual Sprayer Knapsack/foot/Battery Operated sprayer | 5 | रू0 0.01 लाख प्रति इकाई |
| 31 | Solar Operated Knapsack Sprayer | 5 | रू0 0.02 लाख प्रति इकाई |
| 32 | Powered Knapsack Sprayer/Power Operated Sprayer (Capacity 8-12 ltr) (⩽ 75 hp engine) | 5 | रू0 0.03 लाख प्रति इकाई |

लाभुक का चयन:–

1. इस योजना के कार्यन्वयन में जिला प्रोग्राम मैनेजर, झारखण्ड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाईटी द्वारा प्राप्त स्वयं सहायता समूह के सूची के आधार पर चयन किया जायेगा।
2. जिन कृषक समूहों एवं कृषकों द्वारा पूर्व में विभाग द्वारा कृषि उपकरण बैंक की स्थापना या अन्य किसी केन्द्रीय प्रायोजित/ राज्य योजना के माध्यम से कृषि यंत्र प्राप्त किया गया हो उन यंत्रों को छोड़कर ही अन्य कृषि यंत्रों के लिए पात्रता होगी।
3. इस योजना के तहत् प्रत्येक कृषक का एक वित्तीय वर्ष में एक ही आवदेन स्वीकार होगा एवं एक आवेदन पर कृषक कोई तीन अलग–अलग कृषि यंत्र ले सकेंगे।
4. कृषि उपकरण बैंक की स्थापना हेतु प्राप्त आवेदनों की जाँचोपरान्त उन पर सम्बंधित ग्राम सभा से अनुशंसा प्राप्त कर चयन प्रक्रिया की जायेगी।
5. आवेदन पत्र भूमि संरक्षण कार्यालय लातेहार से प्राप्त कर जिला प्रोग्राम प्रबंधक, JSLPS, लातेहार एवं सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, लातेहार तथा अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में आवेदन जमा किया जा सकता है। जिसकी अन्तिम तिथि 18.06.2025 तक निर्धारित की जाती है।

**विशेष जानकारी के लिए अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में सम्पर्क किया जा सकता है।**
**कार्यालय का पता:–भूमि संरक्षण कार्यालय, लातेहार भूतल संयुक्त जिला कृषि कार्यालय किनामाड़ मेन रोड लातेहार ।**

भूमि संरक्षण पदाधिकारी,
लातेहार।

PR 354920 (Agriculture) 25-26 (D)


**'दीदियों की हुंकार, नशामुक्त परिवार'**

### महिलाओं ने निकाली नशा मुक्ति रैली, लगाए जागरूकता के नारे

# नरही पंचायत में महिलाओं ने दिया समाज सुधार का संदेश



**सामाजिक बदलाव का बढ़ता कदम**

महिलाओं की यह रैली केवल एक जागरूकता अभियान नहीं, बल्कि सामाजिक बदलाव की ओर बढ़ता हुआ एक मजबूत कदम है। नशा केवल व्यक्ति को नहीं, पूरे परिवार और समाज को प्रभावित करता है। जब ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएं इस तरह सशक्त होकर आगे आती हैं, तो यह दशार्ता है कि अब बदलाव की बुनियाद जमीनी स्तर से रखी जा रही है। ऐसी पहलें समाज में नई चेतना और जिम्मेदारी का संदेश देती हैं। दीदियों की यह पहल युवाओं को प्रेरित करेगी कि वे नशे से दूर रहकर अपने भविष्य और परिवार की खुशहाली की दिशा में बढ़ें।

**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** जेएसएलपीएस के अंतर्गत संचालित नरही आजीविका महिला संकुल संगठन की जीसीआरपी दीदियों द्वारा शुक्रवार को नशा मुक्ति अभियान के तहत जागरूकता रैली निकाली गई। यह रैली नरही पंचायत भवन से आरंभ होकर नरही मोड़ होते हुए चितविश्राम पंचायत भवन तक गई और फिर पुनः नरही पंचायत भवन पर समाप्त हुई। रैली का नेतृत्व सीएलएफ अध्यक्ष ममता देवी ने किया। रैली के दौरान महिला स्वयं सहायता समूह की दीदियों ने 'कुछ पल का नशा-सारी उम्र की सजा', 'जन-जन का संदेश- नशा मुक्त हो देश', 'नशा छोड़ो, परिवार जोड़ो' जैसे प्रेरणादायक नारे लगाए। रैली में शामिल महिलाएं ढोल-मंजीरे और पोस्टर के माध्यम से लोगों को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक कर रही थीं। इस अवसर पर मास्टर ट्रेनर दीपशिखा सिन्हा, अस्तरून निशा, डीआरपी सुनीता देवी, सीसी सत्येंद्र कुमार, पुष्पा कुमारी, प्रमोद कुमार, सीतापति देवी, दुर्गावती देवी, प्रतिमा सिंह, कृति रॉय, नसीबा बीबी, चांदनी देवी, प्रेमशीला देवी समेत अनेक दीदियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

## पत्नी की हत्या के आरोप में पति गिरफ्तार

**चंदवा।** टोरी–चेतर रेलखंड पर गुरुवार को संदिग्ध स्थिति में ट्रेन से गिरकर जूही देवी की मौत के मामले में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। चंदवा पुलिस ने बताया कि महिला की मौत दुर्घटना नहीं बल्कि सुनियोजित हत्या थी। आरोपी पति महादेव सिंह (पिता–जितनारायण सिंह, नगर उंटारी, गढ़वा) ने पारिवारिक विवाद के कारण आवेश में आकर पत्नी को ट्रेन से धक्का दे दिया था। हत्या के बाद उसने इसे दुर्घटना का रूप देने के लिए धुरकी थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई, लेकिन पुलिस की सख्ती से पूछताछ में उसने अपराध स्वीकार कर लिया। आरोपी को चंदवा पुलिस ने ट्रांजिट रिमांड पर लाकर मंडल कारा लातेहार भेज दिया है। पुलिस के अनुसार आरोपी पूर्व में भी जेल जा चुका है। यह घटना पारिवारिक कलह की परिणति है, जो हत्या में बदल गई। इस मामले ने क्षेत्र में सनसनी फैला दी है।

# रफ्तार का कहर : बोलेरो की टक्कर से सोशल ऑडिट टीम के तीन सदस्य घायल

- **एनएच-39 पर दुड़ंगी के पास हादसा, दो को रांची रेफर किया गया**

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** एनएच-39 पर दुड़ंगी गांव के पास शुक्रवार को तेज़ रफ्तार बोलेरो की टक्कर से मनरेगा सोशल ऑडिट टीम के तीन सदस्य घायल हो गए। सभी सदस्य एक बाइक पर सवार होकर पंचायत सचिवालय लौट रहे थे। इसी दौरान तेज गति से आ रही बोलेरो ने सामने से टक्कर मार दी। घायलों में रघुनाथ परहिया (मुर्गीडीह, बरवाडीह), फलरा टूटी (केड़, छिपादोहर) और दिनेश उरांव (तुलबुल, लातेहार) शामिल हैं। हादसे में रघुनाथ और फलरा टूटी के पैर टूट गए हैं, जबकि दिनेश उरांव को मामूली चोटें आईं हैं।




घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को सदर अस्पताल लाया गया, जहां से रघुनाथ और फलरा टूटी को बेहतर इलाज के लिए रांची रेफर कर दिया गया है। बोलेरो वाहन मनिका से एक विवाह समारोह में शामिल होने आ रही थी। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर बोलेरो व बाइक को जब्त कर लिया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## पूर्व पल्ली पुरोहित फादर मॉरिस टोप्पो का निधन



**चंदवा।** डाल्टनगंज धर्मप्रांत के वरिष्ठ शिक्षाविद व पल्ली पुरोहित फादर मॉरिस टोप्पो का बुधवार रात रांची स्थित गुरु नानक अस्पताल में निधन हो गया। जानकारी के अनुसार उन्हें दिल का दौरा पड़ा था, जिसके बाद उन्हें रांची में भर्ती कराया गया था। शुक्रवार की सुबह उनका पार्थिव शरीर चंदवा स्थित कैथोलिक आश्रम परिसर लाया गया, जहां बड़ी संख्या में लोग, स्कूली छात्र और स्थानीय नागरिकों ने अंतिम दर्शन किए। सामूहिक प्रार्थना का आयोजन फादर फबियानुस सिंदुरिया, फादर संजय और फादर धोती के नेतृत्व में हुआ। फादर मॉरिस ने 2011 से 2019 तक चंदवा में पल्ली पुरोहित के रूप में सेवा दी थी और वे ख्रीस्त राजा उच्च विद्यालय के प्राचार्य भी रहे थे। उनके प्रयासों से विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का वातावरण बना और इंग्लिश मीडियम स्कूल की भी शुरुआत हुई। श्रद्धांजलि देने वालों में सेलेस्टिन डुंगडुंग, सुमन सुनील सोरेंग, सिस्टर नीलम, अगाथा सुरीन समेत सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## अहमदाबाद विमान हादसे पर अधिवक्ताओं ने व्यक्त किया शोक

- **बार एसोसिएशन परिसर में रखा गया दो मिनट का मौन, मृतकों को दी गई श्रद्धांजलि**




**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** अहमदाबाद में हुए हृदयविदारक विमान हादसे में मृत लोगों की आत्मा की शांति के लिए शुक्रवार को लातेहार जिला बार एसोसिएशन परिसर में अधिवक्ताओं ने दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राजमणि प्रसाद ने गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि यह एक अत्यंत दुखद और अपूरणीय क्षति है। उन्होंने कहा कि हम सभी मृतकों की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हैं। ज्ञात हो कि गुरुवार को अहमदाबाद में टेक-ऑफ के तुरंत बाद एयर इंडिया का एक विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें 241 लोगों की मृत्यु हो गई, जबकि एक घायल व्यक्ति का इलाज चल रहा है। श्रद्धांजलि सभा में राजीव रंजन पाण्डेय, उज्ज्वल पाण्डेय, रमन कुमार महतो, कौशल पाण्डेय, प्रवीण सिंह, बासुदेव पाण्डेय, विवेक कुमार, अनिल ठाकुर, संजय कुमार गुप्ता, विकास कुमार गुप्ता, मोहम्मद फैज सहित दर्जनों अधिवक्ता मौजूद रहे।

## तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर पलटी, युवक घायल

- **बरियातू थाना क्षेत्र के पास हुआ हादसा, घायल को बालूमाथ सीएचसी में कराया गया भर्ती**

**नवीन मेल संवाददाता**

**बालूमाथ।** चतरा से पलामू की ओर जा रहे एक बाइक सवार युवक की बाइक शुक्रवार को बरियातू थाना क्षेत्र स्थित सहदेव पेट्रोल पंप के पास अनियंत्रित होकर पलट गई, जिससे वह घायल हो गया।

घायल युवक की पहचान अजित कुमार दांगी (25 वर्ष), पिता सुरेंद्र दांगी, निवासी चतरा के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही बरियातू थाना पुलिस त्वरित रूप से मौके पर पहुंची और घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (बालूमाथ में भर्ती कराया गया। ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सक डॉ. प्रकाश बड़ाइक ने प्राथमिक उपचार के बाद बताया कि युवक को हल्की चोटें आई हैं और उसकी स्थिति खतरे से बाहर है। उसे कुछ समय के लिए निगरानी में रखा गया है।

स्थानीय लोगों ने पुलिस की तत्परता की सराहना की। प्रारंभिक जांच में यह पाया गया कि बाइक की गति अत्यधिक तेज थी, जिससे संतुलन बिगड़ने के कारण दुर्घटना हुई।

## ट्रैक्टर दुर्घटना में आदिवासी युवक की मौत, परिवार आर्थिक संकट में परेशान

- **नेतरहाट-महुआडांड सीमा पर हुआ हादसा, शव पोस्टमार्टम तक पहुंचाने में लगी दो हजार की तेल राशि**

**नवीन मेल संवाददाता**

**महुआडांड़।** दुरूप पंचायत अंतर्गत मौनाडीह गांव के पास गुरुवार को नेतरहाट-महुआडांड़ थाना सीमा पर एक ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। इस हादसे में चालक रौशन बिरजिया (निवासी - पुरानडीह) गंभीर रूप से घायल हो गया।

घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महुआडांड़ लाया गया, जहां उसकी स्थिति गंभीर होने पर रिम्स रेफर कर दिया गया। लेकिन रास्ते में गुमला जिला अंतर्गत डूमरी थाना क्षेत्र में ही उसकी मौत हो गई। शव को वापस महुआडांड़ सीएचसी लाया गया, जहां शुक्रवार सुबह 11 बजे तक शव पड़ा रहा।

पोस्टमार्टम प्रक्रिया में देरी और आर्थिक तंगी के कारण मृतक के परिजन खासे परेशान नजर आए। मृतक युवक की मां अत्यंत गरीब है और उसके पास पोस्टमार्टम करवाने के लिए पैसे भी नहीं थे। इस स्थिति को देखते हुए प्रभारी चिकित्सक डॉ. अमित खलखो ने एंबुलेंस को पोस्टमार्टम के लिए लातेहार भेजने की अनुमति दी।

परिजनों ने बताया कि शव ले जाने के लिए एंबुलेंस में 2000 रुपये का तेल भरवाना पड़ा, तब जाकर शव पोस्टमार्टम हेतु लातेहार भेजा गया। मामले ने सरकारी व्यवस्था की खामियों और ग्रामीणों की असहाय स्थिति को उजागर किया है।

## शपथ पत्र

मैं, बिकाश कुमार पिता- अजय प्रसाद, ग्राम- मरहा, पोस्ट - पोलडीह जगदीशपुर, थाना- हुसैनाबाद, जिला- पलामू, झारखंड का निवासी हूं। मैं शपथ पूर्वक बयान करता हूं कि वर्तमान में मैं एल-हवलदार के पद पर पंजाब के अन्तर्गत पठान कोट माधोपुर छावनी में कार्यरत हूं। मेरा आर्मी नम्बर 15793020डब्ल्यू है। मेरे सर्विस बुक में पिता जी का नाम अजय कुमार तथा माता जी का नाम माधुरी देवी दर्ज है। जबकि आधार कार्ड संख्या 6116 6873 7947 में मेरे पिताजी का नाम अजय प्रसाद दर्ज है तथा मेरी माता जी के आधार कार्ड संख्या 3103 6479 0526 में नाम माधुरी कुमारी दर्ज है। अजय कुमार एवं अजय प्रसाद उक्त दोनों नामों के एक ही व्यक्ति है, जो मेरे एकमात्र पिता जी है, अतएवं मेरे पिता जी का नाम अजय प्रसाद ही है, जो सही नाम है तथा माधुरी कुमारी एवं माधुरी देवी उक्त दोनों नामों की एक ही महिला है, जो माधुरी कुमारी मेरी एकमात्र माता जी ही हैं।

**शपथ पत्र संख्या : 07/2834 दिनांक : 04/06/2025**

## बेतला के कुटमू में ईसीबी योजना में गड़बड़ी का आरोप

**बेतला।** बरवाडीह प्रखंड के बेतला पंचायत अंतर्गत कुटमू गांव में मनरेगा योजना के तहत वर्ष 2024-25 में स्वीकृत ईसीबी (ईरिगेशन चैनल बाउंड्री) निर्माण कार्य में बड़े घोटाले का मामला सामने आया है। कागजों पर निर्माण कार्य संजय रजक नामक लाभुक के खेत में दिखाया गया है, जबकि संजय बीते पांच वर्षों से रोजगार की तलाश में बाहर हैं। उनके पिता गिरवर बैठा ने बताया कि न तो उनके खेत में कोई कार्य हुआ है और न ही उन्हें किसी योजना की जानकारी थी। उन्होंने आरोप लगाया कि पंचायत सेवक, मुखिया और अन्य संबंधित अधिकारियों की मिलीभगत से फर्जी मास्टर रोल बनाकर पैसे की निकासी कर ली गई है। उन्होंने कहा कि सरकार की गारंटी योजना को कागजों में लूट का जरिया बना दिया गया है। संजय रजक ने उपायुक्त से मामले की जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। यह मामला सरकारी योजनाओं में भ्रष्टाचार की गंभीर तस्वीर को उजागर करता है।

## मनरेगा व आवास योजनाओं की हुई समीक्षा बैठक

**बारियातू।** प्रखंड कार्यालय सभागार में बीडीओ अमित कुमार पासवान की अध्यक्षता में शुक्रवार को समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना, अबुआ आवास योजना और मनरेगा से संबंधित प्रगति की समीक्षा की गई। बीडीओ ने निर्देश दिया कि कृषि में 60% और सामुदायिक योजनाओं में 10% की भागीदारी सुनिश्चित की जाए। मिट्टी-मोरम रोड योजनाओं को गति देने और हाल में हुए सामाजिक अंकेक्षण को ऑनलाइन करने की बात भी कही गई। बीडीओ ने स्पष्ट किया कि पीएम आवास योजना 2023-24 के लंबित मामलों को प्राथमिकता से पूर्ण कराया जाए। पंचायत कर्मियों को लाभुकों से संपर्क कर आवास कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया गया। साथ ही, पूर्व के लंबित कार्यों वाले लाभुकों को चिन्हित कर नोटिस जारी करने को कहा गया। मनरेगा भुगतान को लेकर लाभुकों को जरूरी दस्तावेजों के साथ बीपीओ और रोजगार सेवक से मिलने का निर्देश दिया गया। बैठक में बीपीओ केतन गुप्ता, पीएम आवास कोऑर्डिनेटर शशि कुजूर सहित कई प्रखंड कर्मी मौजूद रहे।

## महादेव डिग्री कॉलेज में टॉपर विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित




**टंडवा (चतरा)।** महादेव डिग्री कॉलेज, टंडवा में शुक्रवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें मैट्रिक और इंटर की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मेडल और पेन देकर सम्मानित किया गया। समारोह का उद्घाटन जिला परिषद सदस्य देवंती देवी, मुखिया किशन राम और संचालक महादेव कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया। सम्मानित छात्रों में आदित्य प्रसाद, पंकज कुमार, भास्कर कुमार, खुशबू कुमारी, नेहा कुमारी, श्वेता, अर्चना, रुपाली सहित कई नाम शामिल हैं। संचालक ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसे जीवन विकास का माध्यम बताया।

## नवनियुक्त रोजगार सेवकों को मिला मनरेगा प्रशिक्षण

**चतरा।** डीआरडीए सभागार में शुक्रवार को उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में मनरेगा के नवनियुक्त रोजगार सेवकों को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में मनरेगा की संरचना, योजना क्रियान्वयन, अभियंत्रण कार्य, और आवास में मनरेगा की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रशिक्षण में एपीओ प्रदीप कुमार, बीपीओ अजय कुमार सिन्हा, कनिय अभियंता प्रिंस बक्शी, समन्वयक राजदीप कुमार ने मार्गदर्शन किया।

## विमान हादसे पर रामचंद्र सिंह ने जताया शोक दिवंगत आत्माओं को दी अश्रुपूरित श्रद्धांजलि



**बेतला (लातेहार)।** मनिका विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामचंद्र सिंह ने अहमदाबाद में हुए विमान हादसे पर गहरी शोक-संवेदना व्यक्त की है। शुक्रवार को उन्होंने बेतला में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि इस हृदय-विदारक दुर्घटना ने सभी को भीतर से झकझोर दिया है। उन्होंने कहा कि हादसे में जिन लोगों ने अपनी जान गंवाई, उनके प्रति हमारी श्रद्धांजलि और उनके परिजनों के लिए संवेदना शब्दों में बयां नहीं की जा सकती। विधायक ने कहा, "हर मुस्कान, हर सपना और हर कहानी जो इस हादसे के साथ थम गई, हमारे मन में हमेशा जीवित रहेगी। हम ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि दिवंगत आत्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान दें और उनके परिजनों को यह पीड़ा सहने की शक्ति दें।" उन्होंने विश्वास दिलाया कि संकट की इस घड़ी में पीड़ित परिवार अकेले नहीं हैं, पूरा समाज और देश उनके साथ खड़ा है।

## जन शिकायत निवारण में आये आवेदनों को गंभीरता से लें: उपायुक्त



**लातेहार।** जिला समाहरणालय में आयोजित साप्ताहिक जन शिकायत निवारण कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने शुक्रवार को विभिन्न प्रखंडों से आए ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुना। उन्होंने कहा कि सभी शिकायतों की जांच कर शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जाए। इस दौरान आठ आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें भूमि विवाद, प्रधानमंत्री आवास योजना, और आंगनबाड़ी केंद्रों में चयन गड़बड़ी जैसे मामले प्रमुख रहे। उपायुक्त ने संबंधित विभागों को भौतिक सत्यापन कर शीघ्र निष्पादन का निर्देश दिया। उन्हेंने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान प्रशासन की प्राथमिकता होनी चाहिए और इसके लिए प्रत्येक मंगलवार और शुक्रवार को जिला, अनुमंडल एवं प्रखंड कार्यालयों में जन शिकायत निवारण शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। अधिकारी इस कार्य को गंभीरता से लें और शिकायतकर्ताओं को बेवजह कार्यालयों का चक्कर न लगवाएं।

## मवेशी को बचाने में हाइवा पेड़ से टकराई, चालक घायल

**बारियातू।** एनएच-99 पर नचना गांव के पास शुक्रवार सुबह मवेशी को बचाने के प्रयास में एक हाईवा पेड़ से टकरा गई। हादसे में चालक गाड़ी में फंस गया, जिसे पुलिस और ग्रामीणों ने बाहर निकाला और बालूमाथ अस्पताल भेजा गया। वहीं दोपहर में शाहदेव पेट्रोल पंप के पास सड़क पर बने गड्ढे में बाइक फिसलने से अजित कुमार घायल हो गया। प्राथमिक इलाज बालूमाथ सीएचसी में किया गया। स्थानीय लोगों ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में सुविधा नहीं होने पर नाराजगी जताई।

## एसडीओ ने किया रेफरल अस्पताल का औचक निरीक्षण गंदगी पर जताई नाराज़गी

**सिमरिया (चतरा)।** अनुमंडल पदाधिकारी सन्नी राज ने शुक्रवार को सिमरिया रेफरल अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल के सभी वार्डों की बारीकी से जांच की और गंदगी देखकर नाराज़गी जताई। उन्होंने सफाई कर्मियों की शिफ्टवार ड्यूटी रोस्टर और चेकलिस्ट बनाए रखने का निर्देश दिया। साथ ही बेडशीट बदलने, स्टाफ को आईडी कार्ड पहनने, एमटीसी में बच्चों के लिए खिलौना खरीदने, और डॉक्टरों को समय पर प्रिस्क्रिप्शन रिपोर्ट भरने की हिदायत दी।

एसडीओ ने मरीजों से अस्पताल सुविधाओं की जानकारी ली और मधुर व्यवहार का निर्देश दिया। अंत में हर्बल गार्डन और दीदी कैफे का भी निरीक्षण कर सुधार के निर्देश दिए।

## धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत 15 से 25 जून तक लगेंगे विशेष शिविर

- **50% से अधिक जनजातीय आबादी वाले पंचायतों को किया गया चिन्हित, प्रशासन ने तेज किया प्रचार**

**नवीन मेल संवाददाता**

**चंदवा।** चंदवा प्रखंड के आदिवासी बहुल पंचायतों में 15 जून से 25 जून तक 'धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान' के अंतर्गत विशेष शिविर लगाए जाएंगे। शिविरों का उद्देश्य अनुसूचित जनजाति समुदाय को केंद्र और राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ना है। इस संबंध में बीडीओ चंदन प्रसाद ने शुक्रवार को जानकारी दी कि शिविरों में आधार कार्ड, राशन कार्ड, जाति, आवासीय, आय प्रमाण पत्र, किसान क्रेडिट कार्ड, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, मनरेगा, मुद्रा लोन, पीएम विश्वकर्मा योजना सहित विभिन्न सेवाओं से जुड़ी आवेदनों की स्वीकृति ऑन स्पॉट की जाएगी।

प्रत्येक पंचायत में शिविर के दौरान पंचायत सचिव, रोजगार सेवक, जनसेवक, राजस्व कर्मचारी और बैंक मित्र मौजूद रहेंगे। शिविर की तिथियां तय कर ली गई हैं—15 जून को चकला, 16 को सासंग, 17 को सेरक व किता, 18 को डडैया, रेंची व बनहरदी, 19 को हिसरी व दामोदर, 20 को जमीरा व महुआ मिलान, 21 को बोरसीदाग व हुटाप, 22 को लाधुप व मनातू, 23 को लोहरसी, 24 को डुमारो, काली व निंद्रा और 25 जून को चेटर पंचायत में आयोजन होगा। प्रखंड प्रशासन द्वारा इन शिविरों के प्रचार-प्रसार को लेकर व्यापक तैयारी की जा रही है ताकि अधिक से अधिक लोग इनका लाभ उठा सकें।

# नेत्र जांच सर्वे को लेकर जिला प्रशासन की नई पहल

- **13 पंचायतों में 26 दीदियों को सौंपे गए नेत्र जांच किट, 14 जून से शुरू होगा डोर-टू-डोर स्क्रीनिंग अभियान**

**नवीन मेल संवाददाता**




**लातेहार।** दृष्टि जांच और जनजागरूकता के क्षेत्र में एक और कदम बढ़ाते हुए, लातेहार जिला प्रशासन ने लेंसकार्ट फाउंडेशन के सहयोग से लातेहार प्रखंड की सभी 13 पंचायतों में डोर-टू-डोर प्राथमिक नेत्र जांच अभियान शुरू करने की घोषणा की है। इस क्रम में 13 जून 2025 को समाहरणालय सभागार में उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता और आईटीडीए निदेशक प्रवीण गगरई ने 26 महिला दीदियों के बीच नेत्र जांच किट का वितरण किया।

पूर्व में इस अभियान को लातेहार की पांच पंचायतों में सफलतापूर्वक चलाया गया, जहां कुल 1800 लोगों की आंखों की जांच की गई। इनमें 26 मई को सांसग में 315, 27 मई को नावागढ़ में 386, 28 मई को पाण्डेयपुरा में 338, 29 मई को परसही में 409 और 30 मई को मोंगर पंचायत में 352 लोगों की जांच की गई थी।

अब, प्रशिक्षित दीदियाँ 14 जून से प्रत्येक घर जाकर दृष्टि जांच करेंगी। प्राथमिक जांच के बाद जिन व्यक्तियों को आंखों से संबंधित समस्या पाई जाएगी, उन्हें विशेष नेत्र शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा विस्तृत जांच के लिए बुलाया जाएगा। आवश्यकता अनुसार निःशुल्क चश्मे भी वितरित किए जाएंगे।


**कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड, राँची**
**कार्यालय – भूमि संरक्षण पदाधिकारी, गढ़वा**
**E-Mail ID:- scogarhwa@gmail.com**

**अनुदानित दर पर कृषि यंत्र एवं कृषि उपकरण बैंक की स्थापना हेतु सूचना**

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (कृषि प्रभाग) झारखण्ड, रांची का स्वीकृत्यादेश सं0 08 दिनांक 22.05.2025 द्वारा गढ़वा जिला हेतु वित्तीय वर्ष–2025–26 में केन्द्र प्रायोजित RKVY योजना अंतर्गत Sub Mission on Agricultural Mechanization (SMAM) उपयोजना अन्तर्गत अनुदानित दर पर कृषि उपकरण बैंक की स्थापना हेतु (अधिकतम 80 प्रतिशत) स्वयं सहायता समूह/Enterpreneurs /Lampus/Pacs/ FPOs/Village Organization (V.O) / कलस्टर फेडरेशन या अन्य कृषक समूहों के माध्यम से किया जायेगा।

इस योजनान्तर्गत लघु एवं सीमान्त कृषकों/अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/ महिला कृषकों को व्यक्तिगत कृषि यंत्रों पर अधिकतम 50 प्रतिशत अनुदान पर वितरण किया जाना है जो निम्न प्रकार हैः–

**List of Agricultural Machinery and Equipments under component no. 4.1(a) & 4.1 (b)**

| क्र0 | कृषि यंत्र का नाम | भौतिक लक्ष्य ओ0 एस0पी0 | अधिकतम अनुदान राशि (लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम स्तरीय कृषि उपकरण बैंक पैकेज के साथ | 10 | 80 प्रतिशत या 8.00 लाख रु0 प्रति कृषि उपकरण बैंक लागत 10 लाख रुपये। |
| 2 | Tractor 4WD (08-20 PTO HP) | 9 | 50 प्रतिशत या रु0 2.45 लाख प्रति इकाई |
| 3 | Tractor 2WD (Above 20 PTO HP&Upto 40 PTO HP) | 20 | 50 प्रतिशत या रु0 3.00 लाख प्रति इकाई |
| 4 | Power Tiller (8 BHP & Upto 11 BHP) | 3 | 50 प्रतिशत या रु0 1.00 लाख प्रति इकाई |
| 5 | Power Tiller (Above 11 BHP) | 3 | 50 प्रतिशत या रु0 1.20 लाख प्रति इकाई |
| 6 | Self Propelled Power Weeder (below 2 bhp) | 3 | 50 प्रतिशत या रु0 0.30 लाख प्रति इकाई |
| 7 | Self Propelled Power Weeder (Above 2 BHP & Below 5 BHP)) | 3 | 50 प्रतिशत या रु0 0.40 लाख प्रति इकाई |
| 8 | Self Propelled Power Weeder (5 BHP & Below7.5 BHP& Above) | 3 | 50 प्रतिशत या रु0 0.75 लाख प्रति इकाई |
| 9 | Self Propelled Rice Transplanter (4 Row) | 2 | 50 प्रतिशत या रु0 1.70 लाख प्रति इकाई |
| 10 | Self Propelled Crop Reaper (4 Rows) | 7 | 50 प्रतिशत या रु0 0.75 लाख प्रति इकाई |
| | Tractor/Power Tillar ( Below 20 BHP) driven equipments | | |
| 11 | MB plow(Single Bottom) | 3 | 50 प्रतिशत या रु0 0.22 लाख प्रति इकाई |
| 12 | Cage Wheel | 2 | 50 प्रतिशत या रु0 0.15 लाख प्रति इकाई |
| 13 | Cultivator | 7 | 50 प्रतिशत या रु0 0.20 लाख प्रति इकाई |
| 14 | Multi Crop Treashers | 3 | 50 प्रतिशत या रु0 0.40 लाख प्रति इकाई |
| 15 | Paddy Treasher | 3 | 50 प्रतिशत या रु0 0.38 लाख प्रति इकाई |
| | Tractor ( Above 20-35 BHP) driven equipments | | |
| 16 | MB plow(Single Bottom) | 3 | 50 प्रतिशत या रु0 0.35 लाख प्रति इकाई |
| 17 | Cage Wheel | 20 | 50 प्रतिशत या रु0 0.18 लाख प्रति इकाई |
| 18 | Cultivator | 20 | 50 प्रतिशत या रु0 0.18 लाख प्रति इकाई |
| 19 | Multi Crop Treashers | 3 | 50 प्रतिशत या रु0 1.25 लाख प्रति इकाई |
| 20 | Paddy Treasher | 3 | 50 प्रतिशत या रु0 1.00 लाख प्रति इकाई |
| 21 | Rotovator upto 5 feet | 6 | 50 प्रतिशत या रु0 0.46 लाख प्रति इकाई |
| 22 | Zero-till Seed Drill Multi Crop (7 tines) | 6 | 50 प्रतिशत या रु0 0.23 लाख प्रति इकाई |
| | Tractor ( Above 35 BHP) driven equipments | | |
| 23 | Rotovator (6 feet) | 2 | 50 प्रतिशत या रु0 0.60 लाख प्रति इकाई |
| 24 | Rotovator (7 feet) | 12 | 50 प्रतिशत या रु0 0.70 लाख प्रति इकाई |
| 25 | Mini Rice Mill (Upto 0.5TPH) | 1 | 50 प्रतिशत या रु0 1.50 लाख प्रति इकाई |
| 26 | Mini Rice Mill (More than 0.5TPH & Upto 1.0 Tph ) | 1 | 50 प्रतिशत या रु0 1.80 लाख प्रति इकाई |
| 27 | Mini Dal Mill (Capacty 50Kg per Hour) | 1 | 50 प्रतिशत या रु0 1.20 लाख प्रति इकाई |
| 28 | Mini Dal Mill (Capacty 50Kg per Hour & Below 100 Kg per Hour) | 1 | 50 प्रतिशत या रु0 1.80 लाख प्रति इकाई |
| 29 | Manual Sprayer Knapsack/Battery Operated sprayer | 12 | 50 प्रतिशत या रु0 0.01 लाख प्रति इकाई |
| 30 | Solar Operated Knapsack Sprayer | 11 | 50 प्रतिशत या रु0 0.02 लाख प्रति इकाई |
| 31 | Powered Knapsack Sprayer/Power Operated Sprayer (Capacity 8-12 lts) (≤0.75 hp engine) | 12 | 50 प्रतिशत या रु0 0.03 लाख प्रति इकाई |
| | Irrigition Equipments | | |
| 27 | Petrol/Diesel/Electric/Tractor PTO Operated/Protable Irrigition Pumps Upto 15 Hp. | 35 | 50 प्रतिशत या रु0 0.03 लाख प्रति इकाई |
| 28 | Manual Sprayer Knapsack Foot/Battery Operated sprayer | 40 | 50 प्रतिशत या रु0 0.01 लाख प्रति इकाई |
| 29 | Solar Operated Knapsack Sprayer | 11 | 50 प्रतिशत या रु0 0.02 लाख प्रति इकाई |

**लाभुक का चयनः–**

1. इस योजना के कार्यान्वयन में जिला प्रोग्राम मैनेजर, झारखण्ड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाईटी, द्वारा प्राप्त महिला स्वयं सहायता समूह के सूची के आधार पर चयन किया जायेगा।
2. स्वयं सहायता समूहों के गठन में 10–12 सदस्यों का होना अनिवार्य है।
3. वैसे महिला स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मंडल एवं कृषक समूहों को प्राथमिकता दी जायेगी, जिनके सदस्यों में कम से कम किसी एक सदस्य के पास ट्रैक्टर वाहन (LMV) चालन का वैध लाइसेंस होगा एवं समूह के पास खेती योग्य 10 एकड़ से अधिक भूमि होगी।
4. ट्रैक्टर चालित यंत्रो के लिए कृषक को ट्रैक्टर का स्वामित्व होना आवश्यक है, जिसका प्रमाण पत्र (RC) आवेदन के साथ संलग्न करना आवश्यक है।
5. जिन कृषक समूहों एवं कृषकों द्वारा पूर्व में विभाग द्वारा कृषि उपकरण बैंक की स्थापना या अन्य किसी केन्द्रीय प्रायोजित/राज्य योजना के माध्यम से कृषि यंत्र प्राप्त किया गया होगा, उन यंत्रों को छोड़कर ही अन्य कृषि यंत्रों के लिए पात्रता होगी।
6. आवेदन पत्र भूमि संरक्षण कार्यालय गढ़वा से प्राप्त कर जिला प्रोग्राम प्रबंधक, JSLPS, गढ़वा एवं अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में आवेदन जमा किया जा सकता है। जिसकी अन्तिम तिथि 20.06.2025 को संध्या 5.00 बजे तक जमा किया जायेगा।

**कार्यालय पता :–विशेष जानकारी के लिए अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में सम्पर्क किया जा सकता है।**

**कार्यालय का पताः– भूमि संरक्षण कार्यालय गढ़वा**
**संयुक्त कृषि भवन, भूमि तल पिपरकला गढ़वा।**

**भूमि संरक्षण पदाधिकारी**
**गढ़वा**

**PR 354979 Agriculture(25-26)#D**

### जिलास्तरीय आम उत्सव-सह-बागवानी मेला का भव्य आयोजन, डीसी ने कहा-

# लोहरदगा जिला को दूध व आम की नगरी बनाएंगे

● लोहरदगा के किसान भावी पीढ़ी के एंटरप्रेन्योर बन सकते हैं : उपायुक्त

**नवीन मेल संवाददाता**



**लोहरदगा।** लोहरदगा बॉक्साइट की नगरी के रूप में जाना जाता रहा है। जिले से सब्जियों का भी बहुतायत मात्रा में निर्यात दूसरे जिलों और पड़ोस के राज्यों में भी किया जाता रहा है। साथ ही लोहरदगा जिला में आम की बड़ी पैदावार होती है। एक सप्लाई चैन बनाकर पड़ोसी सीमावर्ती राज्यों में भी यहां उपजाए आमों की मांग होने लगे तो अगके पांच वर्षों में यहां के किसान बिजनेसमैन का दर्जा पा सकते हैं। किसान भावी पीढ़ी के एंटरप्रेन्योर बन सकते हैं। साथ ही यहां दुग्ध उत्पादन की भी काफी संभावनाएं हैं। हम लोहरदगा को आनेवाले वर्षों में आम और दूध की नगरी बनाएंगे। उक्त बातें उपायुक्त डॉ ताराचंद ने समाहरणालय मैदान में आयोजित आम उत्सव-सह-बागवानी मेला में मुख्य अतिथि के रूप में कही।

उन्होंने कहा कि लोहरदगा जिला के ज्यादातर आबादी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कृषि कार्य से जुड़ी है। यह अच्छा मौका है जब आप किसी भी बाजार तक पहुंच बना सकते हैं और अपने उत्पादों की अच्छी कीमत पा सकते हैं। अपने मिट्टी के अनुसार फसल का चयन करें। एक सफल व्यवसायी बनने के लिए आपको निवेश भी करना है। आपको जहां भी जरूरत होगी जिला प्रशासन आपके साथ खड़ा है। उप विकास आयुक्त ने यहां के किसानों के क्षमता पर कहा कि किसान पेड़ो के साथ-साथ सब्जियां भी उगाएं।

कार्यक्रम में वन प्रमंडल पदाधिकारी अभिषेक कुमार ने कहा कि यहां बंजर भूमि पर खेती कर बिरसा हरित ग्राम योजना का लाभ उठाना चाहिए। जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी कहा कि बिरसा हरित ग्राम योजना से गांव की दीदियां जुड़ रही हैं। इससे पलायन रुकेगा और रोजगार के अवसर प्राप्त होगा। मेला में जिला कृषि कार्यालय, जिला उद्यान कार्यालय, जेएसएलपीएस, नाबार्ड, प्रदान (एफपीओ), आदित्य हाईटेक नर्सरी सभी सातों प्रखंड कार्यालयों की ओर से कुल 19 स्टॉल लगाये गए थे। इनमें संबंधित विभागों/एनजीओ/नर्सरी द्वारा लोहरदगा जिला में उत्पादित सभी प्रजाति के आम, आम के उत्पाद, अन्य फलों की प्रजातिवार प्रदर्शनी और बिक्री भी की गयी। उपायुक्त व अतिथियों ने बेहतर उत्पादन करने वाले किसानों और मेला में भाग लेने वाले किसानों को भी सम्मानित किया।

### जिला प्रशासन का रक्तदान शिविर आज

जिला प्रशासन लोहरदगा की ओर से आज सुबह 10.30 बजे से समाहरणालय परिसर लोहरदगा में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर में उपायुक्त, लोहरदगा ने जिला के नागरिकों और सभी जिला स्तरीय पदाधिकारियों/कर्मियों से अधिक से अधिक संख्या में स्वेच्छा से शामिल होकर रक्तदान करने की अपील की है। इस रक्तदान शिविर का उद्देश्य जिला में किसी जरूरतमंद को विषम परिस्थिति में आवश्यक रक्त उपलब्ध कराना है।

### एक दिवसीय आम उत्सव सह बागवानी मेला का आयोजन



**भंडरा।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में एक दिवसीय आम उत्सव सह बागवानी मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन बीडीओ प्रतिमा कुमारी व सीओ दुर्गा कुमार ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। इस दौरान बागवानी मेला में प्रखंड के विभिन्न पंचायत के किसानों द्वारा आम प्रदर्शनी के माध्यम से कार्यक्रम में पहुंचे किसानों को आम बागवानी से जीवन में आएं बदलाव, आर्थिक उन्नति, पलायन पर अंकुश सहित कई बिंदुओं पर विस्तार से जानकारी दिया। मौके पर बीडीओ प्रतिमा कुमारी ने कहा कि आम बागवानी के माध्यम से किसान अपनी आर्थिक स्थिति को बेहतर बना सकते है। इससे उनकी आमदनी में इजाफा होगा। उन्होंने कहा कि जो भी किसान बिरसा मुंडा आम बागवानी योजना से जुड़ना चाहते है, तो वैसे किसान अपना आवेदन जमा करें। उन्हें भी बागवानी योजना से जोड़ आत्मनिर्भर बनाया जाएगा। सीओ दुर्गा कुमार ने कहा कि आम बागवानी का उद्देश्य किसानों को सशक्त करना है। साथ ही उन्हें स्वरोजगार से जोड़ना है। आम बागवानी के माध्यम से प्रखंड के किसान सालाना दो से ढाई लाख रुपए तक की आमदनी कर रहे है। बच्चों को बेहतर शिक्षा से दें रहे है। मौके पर राधेश्याम साहू, विजय चौहान, बीरबल महली, अभिषेक किशोर सहित काफी संख्या में किसान मौजूद थे।

### राज्य स्तरीय एथलेटिक चैंपियनशिप के लिए जामताड़ा रवाना हुए खिलाड़ी

**लोहरदगा।** लोहरदगा जिला एथलेटिक एसोसिएशन के तत्वधान में लोहरदगा सब जूनियर एथलेटिक टीम जामताड़ा हुआ रवाना। विगत दिनों लोहरदगा जिला स्तरीय दो दिवसीय सब जूनियर अंडर 14 व 16 आयु वर्ग के बॉयज और गर्ल्स का चयन ललित नारायण स्टेडियम लोहरदगा में किया गया था। जिला कोच विकास कुमार महतो के नेतृत्व में 15 सदस्य खिलाड़ियों का जत्था लोहरदगा रेलवे स्टेशन से जामताड़ा हेतु रवाना किया गया। खिलाड़ियों में कमलेश उरांव, सुशांत कुमार उरांव, सुप्रिया मिंज, आराधना लकड़ा, नमन उरांव, चांदनी उरांव, जेस्मीन कुमारी, कशिश उरांव, श्रेया उरांव, सिवांगी किस्पोट्टा, बसंत उरांव, अनुज कुमार साहू, निशांत भगत, रोशन भगत, सीमा कुमारी एथलेटिक खिलाड़ी है, कोच के रूप में विकास महतो और शिव साहू को मैनेजर बनाया गया है।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा।**
निविदा रद्द करने से संबंधित सूचना पत्र।

पत्रांक – गढ़वा/दिनांक –

दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित Advertisement P.R. No- 352992 Received on 20.05.2025 (WRD/MID/GARHWA/B.D./S.L.I.-01/2025-26) अधौरा सोलर उदवह सिंचाई योजना का निर्माण कार्य ग्राम– अधौरा, पंचायत– कुशडंड, प्रखण्ड–नगर उँटारी को अपरिहार्य कारणवश अगले आदेश तक रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा।

PR 354965 Minor Irrigation(25-26)D


### डीसी समेत अधिकारियों ने विमान हादसे के मृतकों को दी श्रद्धांजलि



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** अहमदाबाद में हुए विमान हादसे में जान गंवाने वाले लोगों के प्रति शोक व्यक्त करते हुए लोहरदगा समाहरणालय परिसर में शुक्रवार क़ो शोकसभा का आयोजन किया गया। इस शोकसभा की अध्यक्षता लोहरदगा उपायुक्त डॉ कुमार ताराचंद ने की। शोकसभा में जिले के वरीय पदाधिकारी, प्रशासनिक कर्मी और अन्य कर्मियों ने सहभागिता की। दो मिनट का मौन रखकर मृतकों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई तथा उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर उपायुक्त डॉ. कुमार ताराचंद ने कहा कि यह हादसा पूरे देश के लिए बेहद दुखद है। हम सभी शोकसंतप्त परिवारों के साथ खड़े हैं और ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि वह उन्हें इस कठिन समय को सहने की शक्ति प्रदान करें। सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने नम आंखों और मौन प्रार्थना के साथ हादसे में जान गंवाने वाले लोगों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। शोकसभा का माहौल पूरी तरह शांत और भावुक था, जिसमें हर चेहरा दुख और संवेदना से भरा हुआ नजर आया।

### सड़क दुर्घटना में घायल युवक की रिम्स में मौत

**भंडरा।** मसमानो गांव निवासी स्व लखन लोहरा के 24 वर्षीय पुत्र बसन्त लोहरा बाइक हादसे में मौत हो गई । जानकारी के अनुसार बुधवार रात में बरही से मासमानो सड़क में मसमानो आश्रम के समीपअज्ञात गाड़ी मारकर फरार हो गया। बसंत गम्भीर रूप से घायल पड़ा हुआ था। ग्रामीण लोहरदगा सदर अस्पताल ले गए। प्राथमिक उपचार के बाद रिम्स रेफर कर दिया गया जहा इलाज के दौरान बसंत की मौत हो गई। वह बरही बाजार से बाइक से घर आ रहा था। उसी दौरान घटना हुआ। एक साल पहले बसंत के पिता लखन लोहारा की मृत्यु भंडरा से सिसई सड़क में धनामुन्जी मोड़ के पास हो गई थी । बसंत की मृत्यु से मसमानो गांव में शोक की लहर दौड़ गई है।

### बालू खनन के विरुद्ध चला विशेष छापामारी अभियान चला

## अवैध बालू लोडेड ट्रैक्टर जब्त, मामला दर्ज

**नवीन मेल संवाददाता**



**लोहरदगा।** जिले में अवैध बालू खनन और परिवहन पर शिकंजा कसते हुए खनन विभाग व पुलिस लगातार छापेमारी अभियान चला रही है। इस दौरान कुडू थाना क्षेत्र के जिमा चौक के पास बुधवार की देर रात बालू लदा ट्रैक्टर को पकड़ा गया है। अवैध बालू लोडेड ट्रैक्टर को मौके पर जप्त किया गया। मामले को लेकर डीएमओ राजाराम प्रसाद ने थाना में मामला दर्ज कराया है। इस संदर्भ में डीएमओ राजाराम प्रसाद ने बताया कि उपायुक्त के निर्देश पर एनजीटी के आदेश को प्रभावी बनाने को लेकर खनन विभाग एवं पुलिस के द्वारा छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है।इसके तहत विभिन्न नदी घाटों पर छापेमारी जांच व छापामारी किया जा रहा है। उन्होंने बताया गया कि, उक्त क्षेत्र की नदी से बालू उठाव की कोई वैध अनुमति नहीं है। वर्तमान में मानसून सत्र के दौरान एनजीटी के निर्देशानुसार बालू खनन पूरी तरह प्रतिबंधित है। ऐसे में यह कार्रवाई न केवल खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 4 और 21 का उल्लंघन है, बल्कि झारखंड लघु खनिज नियमावली 2004 तथा माननीय एनजीटी के आदेशों का भी स्पष्ट उल्लंघन है। यह सरकारी राजस्व की चोरी का मामला है। डीएमओ राजाराम प्रसाद ने कहा कि एनजीटी के आदेश का शत प्रतिशत अनुपालन कराने के प्रति खनन विभाग संवेदनशील होकर कार्य कर रही है। इसे प्रभावी बनाने को लेकर नियमित रूप से बालू घाटों का निरीक्षण किया जाएगा। अगर कोई भी व्यक्ति बालू का अवैध खनन व परिवहन करते पकड़ा जाता है तो उपसर सीधी कार्रवाई किया जाएगा।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा।**
निविदा रद्द करने से संबंधित सूचना पत्र।

पत्रांक – गढ़वा/दिनांक –

दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित Advertisement P.R. No- 353001 Received on 20.05.2025 (WRD/MID/GARHWA/B.D./S.L.I.-04/2025-26) हरता सोलर उदवह सिंचाई योजना का निर्माण कार्य ग्राम–हरता, पंचायत– फकीराडीह, प्रखण्ड– भण्डरिया को अपरिहार्य कारणवध अगले आदेध तक रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा।

PR.NO.354962 Minor Irrigation(25-26):D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा**
निविदा रद्द करने से संबंधित सूचना पत्र

पत्रांक –गढ़वा/दिनांक –

दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित Advertisement P.R. No- 353000 Received on 20.05.2025 (WRD/ MID/GARHWA/B.D./S.L.I.-03/2025-26) तेवाली सोलर उदवह सिंचाई योजना का निर्माण कार्य ग्राम– तेवाली, पंचायत– जनेवा, प्रखण्ड– भण्डरिया को अपरिहार्य कारणवश अगले आदेश तक रद्द किया जाता है।

PR 354963 Minor Irrigation(25-26).D

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल,गढ़वा


### जमैयतुल कुरैश चौरासी पंचायत झारखंड का चुनाव 24 जून को

**लोहरदगा।** जमैयतुल कुरैश 84 पंचायत झारखंड की बैठक हाजी अफसर कुरैशी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में जमैयतुल कुरैश 84 पंचायत झारखंड के चुनाव को लेकर अंजुमन हॉस्पिटल रांची के निकट स्थित क़ुरैश कार्यालय में एक हुई। जमैयतुल कुरैश 84 पंचायत देश की आजादी से पूर्व गठित पंचायत है जो पिछले 100 वर्षों से लगातार समाज की सेवा और समाज का मार्गदर्शन करते आ रही है। बैठक में जमैयतुल कुरैश 84 पंचायत झारखंड के चुनाव को लेकर चुनाव कमेटी का गठन किया गया। इसके साथ ही पूरे प्रदेश से कुरैशी पंचायत की भागीदारी चुनाव में सुनिश्चित हो इसको लेकर कमेटी के लोग पूरे झारखंड प्रदेश के सभी जिलों का दौरा किया और राज्य के सभी जिलों से कुरैश समाज की सभी समितियों को चुनाव की जानकारी दी गई। इसके साथ ही अन्य मुद्दों पर भी चर्चा हुआ जो इस प्रकार है।

### हाथियों का आतंक

## खरता गांव में 20 से अधिक हाथियों ने मचाया तांडव



**नवीन मेल संवाददाता**

**कैरो/लोहरदगा।** कैरो थाना क्षेत्र अंतर्गत खरता गांव में गुरुवार रात्रि हाथियों के एक विशाल झुंड ने उत्पात मचाया। ग्रामीणों के अनुसार, लगभग 20 से 21 हाथियों का झुंड देर रात गांव में घुस आया और ईश्वर महली, पिता दिलमोहन महली के कच्चे खपरैल मकान को तीन स्थानों पर क्षतिग्रस्त कर दिया। गनीमत यह रही कि इस घटना में कोई जानमाल की क्षति नहीं हुई, परंतु अचानक हुई इस घटना से ग्रामीणों में भय और दहशत का माहौल व्याप्त है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि यह झुंड खरता पहाड़ पर डेरा जमाए हुए है और किसी भी समय फिर से गांव में घुस सकता है। घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीणों ने वन विभाग और प्रशासन से उचित कार्रवाई की मांग की है। क्षति का आंकलन करने और सहायता पाने के उद्देश्य से पीड़ित परिवार ने अंचल अधिकारी से संपर्क किया है तथा मुआवज़े के लिए आवेदन देने की बात कही है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं की गई, तो आगे भी आसपास के इलाकों में नुकसान की आशंका बनी रहेगी। प्रशासन और वन विभाग से अपेक्षा है कि वे जल्द से जल्द हाथियों को आबादी वाले क्षेत्र से दूर खदेड़ने की पहल करें।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,लातेहार**

अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना
(डी0एम0एफ0टी0 मद)

संख्या – EE/RDSD/LATEHAR/13/2025-26

1.कार्य की विस्तृत विवरणी:

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लातेहार जिलान्तर्गत सदर प्रखण्ड के SLRM CENTER धर्मपुर के बाई पास मेन रोड तक एवं बहुउद्देशीय भवन में पीछे गेट से Main Entrance तक पी0सी0सी0 पथ का निर्माण। | 762700 | 15500 | 1250 | 3 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 16.06.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 16.06.2025 से दिनांक 23.06.2025 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –25.06.2025 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06565796434
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,लातेहार

PR 355002 Rural Development(25-26).D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा।**
निविदा रद्द करने से संबंधित सूचना पत्र।

पत्रांक – गढ़वा/दिनांक –

दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित Advertisement P.R. No- 352995 Received on 20.05.2025 (WRD/MID/GARHWA/B.D./S.L.I.-02/2025-26) मर्चवार सोलर उदवह सिंचाई योजना का निर्माण कार्य ग्राम– मर्चवार, पंचायत– नरही, प्रखण्ड–नगर उँटारी को अपरिहार्य कारणवश अगले आदेश तक रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा।

PR 354964 (Minor Irrigation) 25-26 (D)


### भाजपा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस, विकास प्रदर्शनी व प्रोफेशनल मीट का आयोजन

# देश के सर्वांगीण विकास के लिए काम करती है भाजपा : नवीन जायसवाल

● आने वाली पीढ़ी के लिए विकसित भारत का निर्माण कर रहे हैं मोदी : विधायक

**नवीन मेल संवाददाता**



**लोहरदगा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 11 वर्षों को भाजपा द्वारा "सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण वर्ष" के रूप में मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में गुरुवार को लोहरदगा जिला भाजपा द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस, विकास प्रदर्शनी और प्रोफेशनल मीट का आयोजन नॉवेल्टी होटल, पावरगंज में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष मनीर उराँव ने की, जबकि मुख्य अतिथि हटिया विधायक नवीन कुमार जायसवाल और भाजपा प्रदेश प्रवक्ता जे.बी. तुबिद उपस्थित रहे। विधायक नवीन जायसवाल ने कहा कि भाजपा केवल सत्ता की राजनीति नहीं करती, बल्कि देश के सर्वांगीण विकास के लिए काम करती है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने बीते 11 वर्षों में गरीबों, किसानों, महिलाओं और युवाओं के उत्थान के लिए जन-धन, उज्ज्वला, आवास, किसान निधि और नारी सम्मान जैसी योजनाएं शुरू कीं, जिससे आमजन के जीवन में सकारात्मक बदलाव आया। प्रदेश प्रवक्ता जे.बी. तुबिद ने मोदी को दूरदर्शी नेतृत्वकर्ता बताते हुए कहा कि भारत आज 12वें स्थान से चौथे स्थान की अर्थव्यवस्था बन चुका है। सभी नागरिक "विकसित भारत" की दिशा में भागीदारी निभाएं। कार्यक्रम से पूर्व सुभाष चौक पर नेताजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया और 2014 से 2025 तक की उपलब्धियों को दर्शाती पोस्टर प्रदर्शनी का उद्घाटन अतिथियों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष मनीर उरांव, अजातशत्रु, अजय पंकज, अनिल उरांव, ब्रजबिहारी प्रसाद, पशुपतिनाथ पारस, नवींन कुमार टिंकू समेत अन्य बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और समाज के विभिन्न वर्गों के लोग उपस्थित थे।


**कार्यालय, नगर पंचायत, लातेहार**

-: आम सूचना :-

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि वित्तीय वर्ष 2025–26 का होल्डिंग टैक्स 30 जून, 2025 के पहले जमा करने पर नगर पंचायत, लातेहार द्वारा करदाताओं को कर (वर्त्तमान वित्तीय वर्ष) में अधिकतम 15% तक की छूट देय है, जो निम्न प्रकार हैं :–

- सभी करदाताओं को 05% की छूट।

इसके अतिरिक्त :–

- होल्डिंग महिला के नाम होने से 05% की छूट।
- वरिष्ठ नागरिक होने से 05% की छूट।
- स्वयं कार्यालय में आकर जमा करने पर 2.5% की छूट।
- भारतीय सेना में काम करने वाले को 05% की छूट।
- ट्रांसजेडर होने पर 05% की छूट।
- दिव्यांग होने पर 05% की छूट।
- यह छूट केवल आवासीय धृतियों पर लागू होगी।

Online (https://udhd.jharkhand.gov.in) जमा करने पर 05% की छूट।

साथ ही वैसे लोग नगर पंचायत, लातेहार अंतर्गत नए/पुराने/प्लॉट/व्यापारी वर्ग/गैर व्यापारी वर्ग जिन्होने अबतक अपने आवासीय/गैर आवासीय भवनों का Holding Tax जमा नहीं किया है या गलत तरीके से अपने आवासीय/व्यवसायीक प्रतिष्ठानों का Assessment कराया है या कई वर्षों से Holding Tax की बकाया राशि अबतक जमा नहीं किया है। वैसे सभी होल्डिंगधारी को निदेशित किया जाता हैं कि आम सूचना प्रकाशन की तिथि से 20 दिनो के अंदर गलत तरीके से किये गये Assessment को Re-Assessment करा लें एवं Trade Licence/Holding Tax का बकाया नगर पंचायत, लातेहार के कार्यालय में स्वतः जमा करें, अन्यथा उक्त तिथि बीत जाने के उपरांत स्थलीय निरीक्षण के क्रम में जॉचोपरांत दोषी पाये जाने पर होल्डिंग धारकों पर नियमानुसार अर्थ दण्ड शुल्क की वसूली एवं झारखण्ड म्युनिसिपल एक्ट, 2011 के सुसंगत धाराओं के तहत नगर पंचायत, लातेहार द्वारा कार्रवाई की जायेगी, जिसके लिए नए/पुराने/प्लॉट/व्यापारी वर्ग/गैर व्यापारी वर्ग/आवासीय एवं गैर आवासीय मकान मालिक स्वंय जिम्मेवार या दोषी माने जायेंगे।

प्रशासक,
नगर पंचायत, लातेहार

PR 354930 Urban Development (25-26)_D



**कार्यालय नगर परिषद, गढ़वा**

आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि माननीय उच्च न्यायालय झारखंड में दायर जनहित याचिका W.P (PIL) No. -1463/2020 एवं अन्य संलग्न वाद में दिनांक 18.04.2023 को निम्न आदेश पारित किया गया है :–

We hereby direct the respondents to remove all encroachment in and around all water bodies in the state and appropriate steps for curtailment and further misuse of the water bodies. The State authorities shall also take appropriate action for stopping and dumping of solid and liquid materials in any of the water bodies of the State.

उक्त के अनुपालन हेतु भाहरी क्षेत्र के जलस्त्रोतों में ठोस एवं तरल अपशिष्ठ पदार्थ का प्रवाह निशेध है।

ऐसा करते हुए पाये जाने पर झारखंड नगरपालिका अधिनियम 2011 की सुसंगत प्रावधानों के तहत कठोर कानूनी कार्रवाई करते हुए दंडस्वरुप अधिकतम 25,000/– (पच्चीस हजार रुपये) जुर्माना वसूला जायेगा।

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर परिषद, गढ़वा।

PR.NO.354977 Urban Development and Housing(25-26):D

# साहू टोली में दो साल से बूंद-बूंद को तरस रहे ग्रामीण, जलमीनार खराब

**नवीन मेल संवाददाता**



**पालकोट (गुमला)।** पालकोट प्रखंड के बघिमा पंचायत अंतर्गत खास बघिमा गांव के साहू टोली के ग्रामीण पिछले दो वर्षों से पीने के पानी की भीषण किल्लत झेल रहे हैं। गांव में स्थापित जलमीनार दो वर्षों से खराब पड़ा है, लेकिन प्रशासन और स्थानीय जनप्रतिनिधियों की ओर से अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गई है।

गांव की महिलाएं बालकी देवी और लीलावती देवी बताती हैं कि कई बार स्थानीय जनप्रतिनिधियों से लेकर पंचायत प्रतिनिधियों तक गुहार लगाई गई, लेकिन "किसी के कानों पर जूं तक नहीं रेंगी।" परिणामस्वरूप ग्रामीण आज भी कुएं और तालाब से पानी लाने को मजबूर हैं, जो आने वाले मानसून में बीमारियों को खुला निमंत्रण दे सकता है। वार्ड सदस्य, सरपंच और मुखिया से बार-बार अनुरोध के बाद भी समाधान न होना प्रशासनिक उदासीनता का प्रतीक बन चुका है। प्रखंड प्रशासन से पुनः की गई मांग थक-हारकर ग्रामीणों ने एक बार फिर प्रखंड प्रशासन से मांग की है कि इस जल संकट को गंभीरता से लेते हुए खराब जलमीनार की मरम्मत शीघ्र करवाई जाए, ताकि गांव के लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो सके।

### स्वास्थ्य संकट की ओर बढ़ता ग्रामीण समाज

ग्रामीणों का कहना है कि शुद्ध पेयजल हर नागरिक का मौलिक अधिकार है, लेकिन साहू टोली के लोग इस बुनियादी सुविधा से वंचित हैं। स्वच्छ पानी के अभाव में बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक के स्वास्थ्य पर खतरा मंडरा रहा है।

## चैनपुर एसडीओ पूर्णिमा कुमारी ने किया डुमरी प्रखंड का निरीक्षण

# पारदर्शिता व जनसहभागिता पर दिया जोर

**नवीन मेल संवाददाता**



**गुमला।** चैनपुर अनुमंडल पदाधिकारी पूर्णिमा कुमारी ने शुक्रवार को डुमरी प्रखंड का दौरा कर विकास योजनाओं की जमीनी हकीकत का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने विभिन्न सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति का जायजा लेते हुए सम्बंधित विभागीय अधिकारियों से प्रत्यक्ष संवाद किया और प्रगति की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के बाद एसडीओ ने प्रखंड कार्यालय परिसर में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। यह बैठक हर माह के द्वितीय शुक्रवार को आयोजित होने वाली नियमित समीक्षा के अंतर्गत थी, जिसमें उन्होंने सभी योजनाओं की गहन समीक्षा की और प्रभावी क्रियान्वयन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में अबुआ आवास योजना, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना, झारखंड राज्य सुरक्षा योजना (ग्रीन राशन कार्ड), पीवीटीजी डाकिया योजना, सोना-सोबरन वस्त्र वितरण योजना (धोती-साड़ी-लुंगी), सरकारी भोजन केंद्र योजना, धान अधिप्राप्ति योजना, जेएमएमएसवाई (जल मीन मैनेजमेंट स्वच्छता योजना), मनरेगा तथा प्रधानमंत्री/मुख्यमंत्री पशुधन योजना जैसी योजनाओं की समीक्षा की गई।

# पारिवारिक विवाद में खूनी खेल भाई की हत्या, तीन गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता**



**डुमरी।** डुमरी थाना क्षेत्र के नोहटा गांव में पारिवारिक विवाद ने गुरुवार को खूनी रूप ले लिया, जिसमें एक भाई की बेरहमी से हत्या कर दी गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। इस सनसनीखेज वारदात के बाद डुमरी पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।डुमरी थाना प्रभारी अनुज कुमार ने बताया कि नोहटा गांव में घरेलू विवाद को लेकर भाइयों के बीच हुई लड़ाई में एक भाई की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान अभी तक उजागर नहीं की गई है। वहीं, गंभीर रूप से घायल दूसरे भाई का इलाज गुमला अस्पताल में चल रहा है।पुलिस ने इस मामले में डुमरी थाना कांड संख्या-24/2025, 12 जून को भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस-2023) की धारा 103(1)/109/117/3(5) के तहत मामला दर्ज किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान अरुण मुंडा (35 वर्ष), सुरेंद्र मुंडा उर्फ जग्गू (26 वर्ष) और गोपाल मुंडा (46 वर्ष) के रूप में हुई है। तीनों आरोपी नोहटा गांव, पोस्ट रजवाल, थाना डुमरी, जिला गुमला के ही निवासी हैं। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने तीनों अभियुक्तों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त लगभग 3 फीट लंबा लकड़ी का डंडा, खून से सना हुआ ईंट और पत्थर का टुकड़ा भी बरामद किया है।डुमरी पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है और विवाद की वास्तविक वजह का पता लगाने का प्रयास कर रही है। इस घटना के बाद पूरे नोहटा गांव में मातम का माहौल है। हालांकि, पुलिस की त्वरित कार्रवाई से लोगों में कानून के प्रति विश्वास कायम हुआ है।

## गुमला में तंबाकू-विरोधी अभियान तेज़

# स्कूलों के पास बिकते पकड़े गए तंबाकू उत्पाद, कई दुकानदारों पर जुर्माना

- स्कूल परिसरों के पास की गई सघन जांच
- करम टोली क्षेत्र में भी कार्रवाई

**नवीन मेल संवाददाता**



**गुमला।** जिला प्रशासन द्वारा स्कूलों के 100 मीटर के दायरे में तंबाकू उत्पादों की बिक्री पर रोक को सख्ती से लागू करने के उद्देश्य से शुक्रवार को गुमला में सघन छापेमारी एवं जनजागरूकता अभियान चलाया गया। यह कार्रवाई खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी लव कुमार गुप्ता, जिला तंबाकू निषेध सलाहकार वंदना स्मृति होरो, और सदर थाना पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा की गई। टीम ने सबसे पहले एसएस स्कूल के पास निरीक्षण किया, जहाँ कोई आपत्तिजनक सामग्री नहीं मिली। इसके बाद इग्निसस विद्यालय, संत पॅट्रिक विद्यालय और उर्सलाइन कॉन्वेंट स्कूल के पास की गई छापेमारी में कई दुकानों पर निकोटीन और तंबाकू युक्त उत्पादों की अवैध बिक्री पाई गई। इनमें कर्मवीर भारती, सूरज लकड़ा, मुकेश लकड़ा और भरत भगत के प्रतिष्ठानों में बिक्री करते पकड़ा गया, जिन पर कोटपा एक्ट के तहत जुर्माना लगाया गया और अंतिम चेतावनी दी गई।

इसके पश्चात करम टोली क्षेत्र में स्थित राजेन्द्र अभ्यास विद्यालय, कस्तूरबा विद्यालय और केंद्रीय विद्यालय के आसपास निरीक्षण किया गया, जहाँ सुरेश सिंह, शुक्रो उरांव, सपना कुजूर और माही जनरल स्टोर पर कार्रवाई की गई। इन प्रतिष्ठानों में तंबाकू व निकोटीन उत्पादों की बिक्री के साथ-साथ कोटपा एक्ट का उल्लंघन करते हुए पाया गया।

1. साफ-सफाई का अभाव
2. अवधि समाप्त खाद्य पदार्थों का विक्रय
3. प्रतिबंधित सॉस की बोतल
4. बिना लाइसेंस के संचालन

जांच के दौरान माही जनरल स्टोर और भोला भंडार में गंभीर खाद्य सुरक्षा संबंधित खामियां पाई गईं। खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत प्रशासन ने स्पष्टीकरण मांगा और भविष्य में ऐसी लापरवाही न दोहराने की चेतावनी दी। साथ ही, स्पष्ट निर्देश दिया गया कि सभी खाद्य व्यवसायी अनिवार्य रूप से लाइसेंस प्राप्त कर ही व्यवसाय करें।

खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी लव कुमार गुप्ता ने बताया कि आगे भी ऐसे अभियान चलाए जाएंगे। उन्होंने कहा, "खाद्य और तंबाकू उत्पाद बेचने वाले सभी दुकानदार नियमों का पालन करें अन्यथा कठोर कार्रवाई की जाएगी।"

इस अभियान में प्रियांशु कुमार, सूरज कुमार, सदर थाना की टीम और जिला तंबाकू निषेध सलाहकार वंदना स्मृति होरो की सक्रिय भूमिका रही। जिला प्रशासन गुमला ने सभी व्यापारियों से अनुरोध किया है कि वे खाद्य सुरक्षा एवं तंबाकू निषेध कानूनों का पूर्ण पालन करें और बिना लाइसेंस के व्यापार न करें।

## दर्दनाक हादसा : ढाई घंटे तक सड़क जाम

# ट्रेलर ने बाइक सवार को कुचला, मौके पर हुई मौत



**नवीन मेल संवाददाता**

**भरनो (गुमला)।** एनएच-23 रांची-गुमला मुख्य मार्ग पर शुक्रवार को एक भीषण सड़क हादसे में बाइक सवार की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। यह हादसा भरनो थाना क्षेत्र के जुरा गांव के पास हुआ, जहां एक तेज रफ्तार ट्रेलर ने बाइक सवार को कुचल दिया। मृतक की पहचान सिसई थाना क्षेत्र के करकरी रंगराटोली गांव निवासी कासिम अंसारी (55 वर्ष) के रूप में की गई है, जो गांव के सदर भी थे। वह मुर्गी-बकरी खरीदने के लिए जुरा गांव की ओर जा रहे थे, तभी यह हादसा हुआ। दुर्घटना की खबर फैलते ही ग्रामीणों में भारी आक्रोश फैल गया। देखते ही देखते ग्रामीणों ने एनएच-23 को पूरी तरह जाम कर दिया, जिससे दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और आवागमन बाधित हो गया।

सीओ ने तत्काल दाह संस्कार के लिए मृतक के परिजनों को 20 हजार रुपये की नगद सहायता राशि दी और सरकारी नियमानुसार मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया। आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने जाम हटाया और यातायात बहाल हुआ। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर सदर अस्पताल, गुमला पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया है।

### प्रशासन मौके पर पहुंचा मुआवजा देने का आश्वासन

घटना की सूचना मिलते ही भरनो थाना प्रभारी कंचन प्रजापति पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। बाद में भरनो सीओ अविनाश कुजूर, पुलिस निरीक्षक सुरेन्द्र कुमार और सिसई थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह भी मौके पर पहुंचे और आक्रोशित परिजनों व ग्रामीणों से बातचीत की।

# वेतन व इंसेंटिव रोकने को लेकर बीपीएम के विरुद्ध स्वास्थ्य कर्मियों का हंगामा

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिसई (गुमला)।** बीपीएम द्वारा कई महीनों के वेतन और इंसेंटिव रोके जाने के विरोध में सीएचओ, एएनएम व सहियाओं ने शुक्रवार को रेफरल अस्पताल सिसई में जमकर हंगामा किया। स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत 25 सीएचओ, 32 एएनएम और 186 सहियाओं ने प्रखंड प्रमुख मीना देवी व बीडीओ रमेश कुमार यादव के समक्ष अस्पताल के बीपीएम नवीन केरकेट्टा के खिलाफ सौतेला व्यवहार अपनाने और बदले की भावना से दस महीने से सभी का इंसेंटिव रोकने सहित कम इंसेंटिव भुगतान करने का आरोप लगाया। इस दौरान सीएचओ अलका रानी तिग्गा ने कहा कि प्रत्येक वर्ष पांच प्रतिशत वेतन वृद्धि का राशि भी नहीं दिया जा रहा है। उनका आरोप है कि गुमला जिले के बारह प्रखंडों में से ग्यारह प्रखंडों के स्वास्थ्य केंद्रों में समय पर सभी का भुगतान कर दिया जाता है, लेकिन सिर्फ सिसई प्रखंड में हमलोगों के साथ इस तरह का व्यवहार व भेदभाव किया जा रहा है। जबकि हमलोगों से पूरा कार्य कराया जाता है फिर भी इंसेंटिव नहीं दिया जाता है। उन्होंने बीपीएम पर आरोप लगाया की वो प्रत्येक दिन दोपहर के एक बजे ड्यूटी पर आते है। सीएचओ सुमन बाड़ा ने कहा कि 27 अक्टुबर 2024 को उनका सड़क दुर्घटना हो गया था। जिस कारण वो बेड रेस्ट पर थीं, उनका लिव एक माह पूर्व सितम्बर माह का दर्शाते हुए उनका इंसेंटिव व वेतन नहीं दिया गया। वहीं एक अन्य सीएचओ नेहा बेक का 5 दिसंबर 2024 को सड़क दुर्घटना हो गया था जिससे वो कोमा में आईसीयू में भर्ती रहीं। ठीक होने पर बेड रेस्ट के दौरान दो माह तक घर पर रहकर ऑनलाइन कार्य को पूर्ण किया, लेकिन उनका भी दो महीने का इंसेंटिव नहीं दिया गया। वहीं सहियाओं ने कहा कि हमलोगों को मानदेय से भी कम वेतन दिया जाता है और बाकी पैसा काट दिया जाता है। इस पर बीपीएम नवीन केरकेट्टा से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि किसी का वेतन या इंसेंटिव नहीं रुका है सबका पेमेंट उनके कार्य के अनुसार कर दिया गया है, कार्य के अनुसार ही इंसेंटिव के लिए प्रतिशत तय होता है।

### भ्रष्टाचार व किसानों की विभिन्न मांगों को लेकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन

**सिसई (गुमला)।** झारखंड राज्य किसान सभा अंचल कमिटी सिसई द्वारा कमिटी अध्यक्ष तुरिया उरांव की अगुवाई में विभिन्न मांगों व प्रखंड कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार के विरोध में शुक्रवार को प्रखंड कार्यालय परिसर में किसानों ने एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। कमिटी द्वारा किसानों को ओलावृष्टि का मुआवजा पंद्रह दिनों के अन्दर दिए जाने, सभी खतियानी रैयतों के खतियान को कैम्प लगाकर ऑनलाइन किए जाने, हाथी द्वारा किसान की फसल और मकान को नुकसान होने की क्षतिपूर्ति पंद्रह दिन के अंदर करने, किसानों को पंद्रह जून तक बीज उपलब्ध कराने, पंचायत के खाली पड़े पदों पर उपचुनाव कराने, राशन कार्ड में छुटे हुए सदस्यों का नाम जोड़ने, प्रखंड के अन्दर धार्मिक और सांस्कृतिक जमीन पर दलालों द्वारा क जादारी पर रोक लगाने, बैंक में केवाईसी के नाम पर लोगों को गुमराह करना बंद करते हुए दो दिन के भीतर केवाईसी कराने, मनरेगा को दुरुस्त करने, सभी किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड दिए जाने, आरकेडी कम्पनी द्वारा संदीप उरांव उनके पुत्र, पत्नी और उनके जीजा के दुर्घटना का मुआवजा पंद्रह दिनों के अन्दर करने आदि मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया गया।

## लोदा पाठ विद्यालय की बदहाल स्थिति से मंत्री नाराज

# डीएससी ने जांचोपरांत कार्रवाई का दिया गया आश्वासन



**नवीन मेल संवाददाता**

**बिशुनपुर (गुमला)।** बिशुनपुर प्रखंड के दुर्गम पहाड़ी क्षेत्र में स्थित लोदा पाठ मध्य विद्यालय इन दिनों बदहाल स्थिति में है। विद्यालय लगातार बंद रहने और शिक्षकों की अनुपस्थिति के कारण ग्रामीणों में भारी असंतोष है। हालात ऐसे हैं कि बच्चे पढ़ाई के लिए मजबूरन पांच किलोमीटर दूर स्थित अंकुरी विद्यालय का रुख कर रहे हैं।

इस गंभीर स्थिति को लेकर अमतीपानी पंचायत की मुखिया सुनीता देवी के नेतृत्व में दर्जनों ग्रामीणों ने विधायक सह कल्याण मंत्री चमरा लिंडा से मुलाकात की और विद्यालय की दुर्दशा से उन्हें अवगत कराया। ग्रामीणों ने बताया कि प्रधानाध्यापक रंजीत खलखो की लापरवाही के कारण विद्यालय अक्सर बंद रहता है और मध्यान्ह भोजन भी नियमित रूप से नहीं बनता। शिकायत पर मंत्री चमरा लिंडा ने मामले को गंभीरता से लेते हुए डीएसी नूर आलम से तत्काल बात की और विद्यालय की स्थिति में सुधार के निर्देश दिए। मंत्री की पहल के बाद बिशुनपुर प्रखंड के सीआरपी दुर्गा कुमार ने बुधवार को विद्यालय का निरीक्षण किया, जहां विद्यालय बंद पाया गया और शिक्षक अनुपस्थित मिले।

विद्यालय की स्थिति पर प्रतिक्रिया देते हुए डीएससी नूर आलम ने कहा कि यह मामला उनके संज्ञान में है और वे जल्द ही संबंधित बीओ को जांच हेतु भेजेंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि जांच के बाद दोषी शिक्षकों पर कार्रवाई की जाएगी और यदि आवश्यकता पड़ी, तो दूसरे विद्यालय से शिक्षक का प्रतिनियोजन कर विद्यालय में पठन-पाठन की स्थिति को पटरी पर लाया जाएगा। दुर्भाग्यपूर्ण है कि 21वीं सदी में भी बच्चे शिक्षा पाने के लिए पांच किलोमीटर पैदल चलने को मजबूर हैं। ऐसे में यह देखना अहम होगा कि मंत्री के हस्तक्षेप के बाद विद्यालय की स्थिति में ठोस सुधार होता है या फिर यह मामला सिर्फ फाइलों तक सीमित रह जाता है।

## मारवाड़ी युवा मंच 'प्रेरणा' शाखा में रक्तदान शिविर आयोजित

# 8 यूनिट रक्त संग्रह, सेवा भाव की मिसाल

**नवीन मेल संवाददाता**




**गुमला।** अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच के निर्देशानुसार 8 जून से 22 जून तक आयोजित "रक्तदान पखवाड़ा" के तहत मारवाड़ी युवा मंच 'प्रेरणा' गुमला शाखा ने सदर अस्पताल, गुमला में एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया। इस सेवा मूलक शिविर में कुल 8 यूनिट रक्त एकत्र किया गया, जो ज़रूरतमंदों के जीवन बचाने में सहायक होगा। रक्तदान करने वालों में नवीन अग्रवाल, अनूप अग्रवाल, कांता साबू, मनोज कुमार, पंकज कुमार, प्रियांशु, करण और सत्यम दरगाड़ प्रमुख रूप से शामिल रहे। रक्तदान शिविर का संचालन सदर अस्पताल की सुनीता की देखरेख में हुआ, जबकि आयोजन में मारवाड़ी युवा मंच 'प्रेरणा' गुमला की अध्यक्ष अंचल अग्रवाल, सचिव ज्योति फोगला, कांता साबू और शकुंतला मंत्री ने सक्रिय भूमिका निभाई। इस अवसर पर रोहित खंडेलवाल और राकेश जी ने भी अपनी उपस्थिति और सहयोग से आयोजन को सफल बनाया। यह रक्तदान शिविर न केवल एक सामाजिक दायित्व को निभाने की ओर प्रेरित करता है, बल्कि "रक्तदान - महादान" की भावना को भी समाज में मजबूत करता है।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल लातेहार**

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0– : 06/2025–26 दिनांक– 12.06.2025**

1. विभाग का नाम :– भवन निर्माण विभाग
2. विज्ञापनदाता का नाम :–कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंड़ल, लातेहार
3. परिमाण विपत्र प्राप्ति हेतु आवेदन की अंतिम तिथि एवं समय :– 25.06.2025 के 1.00 बजे अपराह्ण तक ।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 26.06.2025 के 3.00 बजे अपराह्ण तक ।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 26.06.2025 के 3.30 बजे अपराह्ण तक ।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– 1.अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0–02 रॉची के द्वारा प्राधिकृत स्थान एवं प्रतिनिधि के द्वारा।
   2. पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार।
   3. सहायक अभियंता भवन अवर प्रमंड़ल, लातेहार के द्वारा प्राधिकृत स्थान पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार एवं प्रतिनिधि के द्वारा।
7 .निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :– 1. पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार।
   कार्य का नाम एवं अन्य सूचना :–

| क्र. सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि रु0 | अग्रधन राशि रु0 | परिमाण विपत्र का मूल्य रु0 | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. |
| 1 | Renovation work of 250 MT Godown at Block-Balumath, Dist-Latehar | 2423300/- | 485 00/ - | 5000/ - | 03 (Three ) Month s |
| 2 | Renovation work of 250 MT Godown at Block Campus Mahudanr at Latehar | 2258700/- | 455 00/ - | 5000/ | 03 (Three ) Month s |
| 3 | Renovation work of 250 MT Godown (South Block) in the Campus of Block Manika in Latehar Dist. | 2058500/- | 415 00/ - | 5000/ | 03 (Three ) Month s |
| 4 | Renovation & Amenities development for 250 MT Capacity 2 nos Godown in Sadar Block Campus at Latehar | 1961100/- | 395 00/ - | 5000/ | 03 (Three ) Month s |
| 5 | Renovation & Amenities development for 3500 MT Capacity Near Railway Station (Duruwa) at Latehar | 1945800/- | 390 00/ - | 5000/ | 03 (Three ) Month s |
| 6 | Renovation work of 250 MT Godown (Middle Block) in the Campus of Manika Block in Latehar | 1939800/- | 390 00/ - | 5000/ | 03 (Three ) Month s |
| 7 | Renovation work of 250MT JFSC Godown (East Block) in the Campus of Chandwa Block in Latehar | 1590500/- | 3200 0/ - | 5000/ | 02 (Two ) Month |
| 8 | Renovation work of 250 MT JSFC Godown in the Campus of Herhanj Block in Latehar | 1590500/- | 32 000/ - | 5000/ | 02 (Two ) Month |
| 9 | Renovation work of 250MT JFSC Godown (West Block) in the Campus of Chandwa Block in Latehar | 1358400/- | 275 00/ - | 2500 /- | 02 (Two ) Month |
| 10 | Renovation work of 250MT Godown (North Block) in the Campus of Manika Block in Latehar | 1250700/- | 25 100/ - | 2500 /- | 02 (Two ) Month |
| 11 | Renovation of CHC Chandwa in Latehar District. | 399400/- | 8000 /- | 750 /- | 01 (One ) Month |

नियम एवं शर्त कार्यालय के सूचना पट्ट या www.jharkhand.gov.in पर देखें ।

PR 354884 (Building)25-26*D

कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंड़ल, लातेहार


## समस्या — भरनो में अधूरी नाली व सर्विस रोड बनी ग्रामीणों की मुसीबत

# आरकेडी कंपनी पर लापरवाही का आरोप

**नवीन मेल संवाददाता**



**भरनो।** एनएच-23 रांची-गुमला मुख्य सड़क चौड़ीकरण का कार्य अपने अंतिम चरण में है, लेकिन भरनो क्षेत्र में सर्विस रोड और नाली निर्माण की अनियमितताओं ने स्थानीय लोगों की परेशानियां बढ़ा दी हैं। स्कूल चौक के समीप सर्विस रोड किनारे बनाई जा रही नाली अधूरी पड़ी है, जिससे जलजमाव और दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। स्थानीय निवासी शेखर चंद्र अधिकारी ने इस गंभीर समस्या को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी (सीओ) अविनाश कुजूर को शिकायत पत्र सौंपते हुए निर्माण कंपनी आरकेडी और उसके पेटी कॉन्ट्रेक्टर कुलदीप साहू पर कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने पत्र में लिखा है कि गड्ढों की वजह से बारिश के दिनों में जलजमाव व बीमारी फैलने का खतरा है, वहीं नाली निर्माण में पानी का पटवन न किए जाने से उसकी गुणवत्ता पर भी सवाल उठ रहे हैं। सड़क किनारे रहने वाले ग्रामीणों का कहना है कि धूल-मिट्टी उनके घरों में घुस रही है, जिससे बुजुर्ग, बच्चे और बीमार लोग विशेष रूप से प्रभावित हो रहे हैं। बाइक सवारों और पैदल यात्रियों को भी भारी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने कंपनी से नियमित पानी का छिड़काव, अधूरी नाली का शीघ्र निर्माण, तथा सर्विस रोड की ढलाई और मरम्मत कार्य को जल्द पूर्ण करने की मांग की है।

### शिकायतों के बावजूद सुनवाई नहीं

ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि जैसे-जैसे सड़क निर्माण का कार्य पूरा हो रहा है, आरकेडी कंपनी के कर्मियों का रवैया बदल गया है। शिकायतों के बावजूद सुनवाई नहीं हो रही है। एक माह पूर्व हुई प्रखंड स्तरीय बैठक में कंपनी ने एक सप्ताह में फ्लाईओवर के दूसरी ओर सर्विस रोड की ढलाई पूरी करने की बात कही थी, लेकिन आज तक वह अधूरा है। इसके बावजूद मुख्य सड़क पर ट्रैफिक छोड़ दिया गया है, जिससे दिनभर धूल का गुबार उड़ता है और दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बना हुआ है।

सुप्रभात

विचार प्रवाह

अगर मैं एक दरवाज़े से नहीं निकल पाया, तो मैं दूसरे दरवाज़े से निकल जाऊंगा या फिर एक दरवाज़ा बना लूंगा। चाहे वर्तमान कितना भी अंधकारमय क्यों न हो, कुछ शानदार ज़रूर होगा। - **रवींद्रनाथ टैगोर**

## संपादकीय

## सोनम क्यों बन रही हैं?

बीते माह चौबीस साल की उम्र में शादी हुई, एक महीने से थोड़ा ज्यादा समय पहले। सोशल मीडिया पर दूल्हे के परिवार की ओर से होने वाली शादी से लेकर रिसेप्शन तक की पोस्ट भरी पड़ी थीं। शादी के दौरान दुल्हन की सोशल मीडिया पर चुप्पी को समझा जा सकता है। अगर दुल्हन शादी से पहले दूल्हे के साथ सगाई करने से इन्कार कर चुकी हो, तो उसके ऐसे व्यवहार की वजह स्पष्ट ही है। होने वाले दूल्हे को उसके रवैए के बारे में कुछ शंकाएं थीं, लेकिन उन्हें खारिज कर दिया गया। आखिरकार, यह सभी सही मानदंडों, जाति, पारिवारिक स्थिति, धन के आधार पर तय किया गया विवाह था, लेकिन क्या सब कुछ ठीक था? इस शादी के बमुश्किल कुछ ही दिनों बाद ही दूल्हा मर गया और दुल्हन लापता हो गई, वह भी सुदूर मेघालय में, जो मध्य भारत से आए इंदौर के लोगों के लिए काफी अनजान जगह थी। दहशत फैल गई, जोड़े के भाई शिलांग के लिए रवाना हो गए, मीडिया ने इस खबर को उठाया, जैसे-जैसे दिन बीतते गए, मामले ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया। जैसे-जैसे उन्माद बढ़ता गया, परिवार ने जनता और सरकार से अपील की, इंटरनेट पर सक्रिय कुछ लोगों ने मेघालय को दोषी ठहराया। कुछ अन्य ने जांच की ढिलाई पर अफसोस जताया। फिर एक दिन दूल्हे को एक गहरी खाई में मृत पाया गया। यह एक खूबसूरत शुरुआत का दुखद अंत था। दुल्हन सोनम रघुवंशी को लेकर चिंता तब और बढ़ गई, जब शव के पास उसकी खून से सनी टीशर्ट मिली।लेकिन मेघालय पुलिस को शक होने लगा था, इस कहानी में जो दिख रहा था, उससे कहीं ज्यादा कुछ था। और आखिरकार वे सही साबित हुए। लापता दुल्हन सोनम को किसी ने बंधक नहीं बनाया था, बल्कि वह खुद एक निर्दयी हत्यारी थी। एक महिला जिसने अपने पति की हत्या की साजिश रची और उसे अंजाम दिया, कथित तौर पर इसलिए कि वह एक ऐसी शादी में फंस गई थी, जिसे वह नहीं चाहती थी, और एक ऐसे आदमी से प्यार करती थी, जिसे उसका परिवार कभी स्वीकार नहीं करता। यह कोई जुनून में किया गया अपराध नहीं था, बल्कि एक सुनियोजित और जान-बूझकर की गई जघन्य हत्या थी। हत्या को जायज नहीं ठहराया जा सकता। अगर आरोप सही हैं, तो सोनम को कानून का सामना करना चाहिए। लेकिन यदि हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि कोई अन्य राजा फिर से ऐसी भ्रष्टाचार का शिकार न हो, तो हमें सोनम कार्यों की निंदा करते हुए, उस सामाजिक और सांस्कृतिक ढांचे की भी जांच करनी चाहिए, जिसने उसके निर्णयों को प्रभावित किया। लोगों के सवाल जायज ही हैं कि उसने राजा रघुवंशी को क्यों नहीं छोड़ दिया? वह क्यों इतना फंसा हुआ महसूस कर रही थी कि उसने तलाक के बजाय हत्या का रास्ता चुना? यह सोनम को माफ करने के बारे में नहीं है। यह उस व्यवस्था की सड़न को समझने के बारे में है, जो महिलाओं को शादी को नियति और तलाक को आपदा के रूप में देखने के लिए प्रशिक्षित करती है। भारत भर में अनगिनत घरों में लड़कियों को सहना, समायोजित होना और समझौता करना सिखाया जाता है। उन्हें बताया जाता है कि विवाह ही उनका एकमात्र सम्मानजनक भविष्य है, घर छोड़ना शर्मनाक है, तथा व्यक्तिगत खुशी को हमेशा पारिवारिक प्रतिष्ठा से पीछे रखना चाहिए। एक बेटी जो कहती है कि वह शादी नहीं करना चाहती, उसके साथ ऐसा व्यवहार किया जाता है, मानो वह किसी अलिखित नैतिक परीक्षा में फेल हो गई हो।

*दहशत फैल गई, जोड़े के भाई शिलांग के लिए रवाना हो गए, मीडिया ने इस खबर को उठाया, जैसे-जैसे दिन बीतते गए, मामले ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया।*

# झारखंड की विलुप्त होती परंपराओं में सहिया के साथ रहा है विलक्षण संबंध का अहसास



किसी भी संबंध का संदर्भ मानव इतिहास के पहचान से दर्ज किया जाता है। हमारे जीवन का यह एक ऐसा आधार है जिसके बल पर हम व्यक्तिगत आत्मीयता से साक्षात्कार प्राप्त करते हुए सामाजिकता, भावनात्मकता व वैज्ञानिकता आदि जीवन के तमाम पक्षों से परिचय का राह तलाशते नजर आया करते हैं। इस मायने में देखें तो अजूबा नहीं होने के बावजूद झारखंड के एक बड़े से भूभाग की अपनी अलग ही पहचान रही है और यह पहचान संबंधों के प्रति इसके मौलिक विस्तार व समर्पण को लेकर आज भी बनी हुई है।

मानवीय सहसंबंध के सोंधेपन की समझ रखने वाले लोगों के अनुसार चरित्र निर्माण के पीछे ऐतिहासिक, सामाजिक, भौगोलिक व धार्मिक घटनाओं की एक सुदृढ़ व स्पष्ट श्रृंखला होती है। इसी श्रृंखला के बल पर एक समाज अपने लिए रीति रिवाज, अनुष्ठान, चेतना, सहिष्णुता आदि के श्रृंगार का सृजन कर पाता है। ऐसा सबकुछ पूरे विश्व में देखा जा सकता है और इसे लेकर परिवार, दोस्त, प्रेम, स्नेह, समाज, व्यापार, वैज्ञानिक सिद्धांत, गणित व शब्द समूहों के बीच संबंधों के अनेकों उदाहरण देखने को मिलते हैं। दिलचस्प तौर पर इन सबसे इत्तर कोई अन्य संबंध यदि आपके समक्ष अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहा हो तो समझ लीजिए कि इन तमाम संबंधों को मोक्ष प्रदान करने वाली माटी का नेतृत्व झारखंड में ही कहीं नजर आनेवाला है। ऐसा इसलिए कि झारखंड की माटी का सीमांत सदियों से इस सम्मान का एक नायाब उदाहरण रहा है और इसके मर्म को जानने समझने के लिए आपको "सहिया" बनने की परंपरा का फिर से निर्णय लेना होगा।

निसंदेह सहिया की पूरी अवधारणा आज विलुप्ति के कगार पर खड़ा है अन्यथा कल तक यह इतिहास से नजरें चुराकर सहिया जोड़ने की एक अनुठी, मौलिक व अद्भुत परंपरा का यह एक सृजनकर्ता रहा है। इसके अंतर्गत सदियों से मुख्यधारा के तमाम संबंधों से अलग दो अनजाने से सूत्रों को अपने में बांधने की बातें होतीं और बहुत सहजता से उसे "सहिया" का नाम दे दिया जाता। आज यह परंपरा लगभग कुंठित होकर कहीं नेपथ्य में समा चुका है जबकि कल तक यह गांव टोलों के सीमांत व संपूर्ण आबादी के लिए आदर्श हुआ करता था। इस आदर्श के प्रति समर्पित पीढ़ी का अभी भी अवसान नहीं हुआ है जिसने माँ, बाप, भाई, बहन, जीजा, साली, दादा, दादी, मामा, मामी, नाना, नानी आदि पारिवारिक संबंधों के साथ साथ जाति, धर्म, संप्रदाय व आर्थिक स्थिति आदि से बने तमाम नातेदारियों के सार्वभौमिक रिश्तों के अतिरिक्त सहिया के नाम पर एक नया प्रयोग देखा है। इसे इस क्षेत्र विशेष की विशिष्टता के तौर पर भी देखा जा सकता है जब दो लोगों के द्वारा सहिया का संबंध स्थापित करते ही हम तमाम बाध्यताओं के उपर "सहिया माँ" और "सहिया बाप" जैसे अटूट संबंधों की एक विशिष्ट परंपरा के रिश्ते से बंध जाया करते थे। ऐसा तब है जबकि इसे लेकर कहीं कोई प्रामाणिक इतिहास मौजूद नहीं है फिर भी इस रिश्ते की महक कुछ ऐसी रही है कि इसकी खूशबू आज भी यथावत बना हुआ है। विवाह की परिधि से बाहर जाकर रिश्ते बनाने और उसे आजीवन सम्मान देने का इससे बेहतर अनुभव शायद ही कहीं देखने सुनने को मिले जब दो जोड़ीदारों के बीच महज थोड़े से नेग दस्तूर के साथ सहिया जोड़ने का जुगाड़ होते ही नातेदारी का एक नया सा आधार मिलता चला जाता हो। वैश्विक धरातल पर नातेदारी की बुनियाद का आधार जन्म और विवाह ही रहा है परन्तु सहिया के मामले में ऐसा कुछ भी नहीं रहा है।

पुत्र पुत्रियों की समान संख्या के एक आसान से शर्त की बुनियाद पर जोड़ी का निर्धारण हुआ और आम की पत्ती, लोटा भर पानी, गुलैंची के कुछ फूल, अक्षत, सिंदूर, चुड़ी, एक धोती व रंगीन साड़ी के बूते अनुष्ठान की औपचारिकता पूरी हो गई और देखते देखते एक नये से अटूट रिश्ते के प्रति अगाध श्रद्धा का अध्याय प्रारंभ हो गया। इस रिश्ते की खूबसूरती का अनुमान सिर्फ एक तथ्य से लगाया जा सकता है कि महज दो लोगों के बीच सहिया संबंध के स्थापित होते ही अब इन दोनों परिवारों के शेष सदस्यों के लिए सहिया बाप, सहिया माय, सहिया आजा, सहिया आजी, सहिया दीदी व सहिया भाटू जैसी एक नई रिश्तेदारी कायम होती चली गई। मजे की बात यह भी कि आर्थिक, धार्मिक, निजी, जन्मगत व वैवाहिक संबंधों आदि से निर्धारित नातेदारी की तुलना में इनका सम्मान कभी भी कमतर नहीं आंका जा सका। झारखंडी माटी की समझ रखने वाले लोगों को यह बखूबी पता है कि अब यह परंपरा भले समाप्ति के अंतिम छोर पर है परन्तु सहिया की विस्तृत परिधि के कारण इसकी प्रतिष्ठा अभी भी बनी हुई है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

आज की **बात**



**केदारनाथ दास**
बसिया, गुमला।

## नारी हृदय के मनोभावों को उकेरता उपन्यास मोगरा एक प्रेमपुष्प

पूजा मणि रचित उपन्यास "मोगरा- एक प्रेम पुष्प" बिहार के प्रसिद्ध ऐतिहासिक नगर मुंगेर एवं इसके किला को समर्पित है। पौराणिक और ऐतिहासिक महत्व वाली मुंगेर नगरी आज तक कमतर ही आंकी जाती रही है। इसके ऐश्वर्य गाथा का पुनर्गान बेहद चुनौतीपूर्ण कार्य था, जिसे लेखिका पूजा मणि ने बेहद सफलतापूर्वक निभाया है। उपन्यास का शीर्षक "मोगरा एक प्रेम पुष्प" पढ़ कर लगता है कि शायद कहानी में पुष्प की ही प्रधानता होगी परंतु पढ़ते हुए ज्ञात होता है कि मोगरा इस उपन्यास की नायिका है जिसके प्रेम की खुशबू पूरे उपन्यास में महसूस की जा सकती है। मोगरा इतिहास में प्रसिद्ध मुगल शासक मीर कासिम की बांदी है जिसे अंग्रेज,कैप्टन विलियम्स से प्रेम हो जाता है। मोगरा की नजरों से ही लेखिका ने मुंगेर के किले का,गंगा नदी के तट- सौंदर्य, आसपास के दर्शनीय स्थलों का रोचक वर्णन किया है ।कैप्टन विलियम्स के जरिए भारत और बिहार की संस्कृति, यहां के धर्म और आध्यात्मिक श्रेष्ठता को दर्शाने का भी कार्य किया है। बिहार में प्रचलित छठ महापर्व का जिक्र भी इस उपन्यास में आया है, जिसके बिना मुंगेर का वर्णन पूर्ण हो भी नहीं सकता ।एक अंग्रेज द्वारा बूढ़े बाबा की देखरेख में एक मुस्लिम लड़की के लिए छठ व्रत करना,यही दिखाने का प्रयास है कि छठ महापर्व सभी वर्जनाओं से परे है एवं सच्ची भक्ति इंसान में अपार शक्ति का संचार करती है। नारी मन सहज प्रेम का उत्कृष्ट उदाहरण है। चाहे वह प्रेम किसी पुरुष से हो, बच्चे से हो अथवा राष्ट्र से। उपन्यास की नायिका मोगरा भी प्रेम के सभी रूपों से ओत-प्रोत है या यूं कहूं कि प्रेम - पुष्प के समान है तो अतिशयोक्ति न होगी। एक ओर जहां वह कैप्टन विलियम्स से प्रेम करती है, वहीं मीर कासिम की औलादों गुल और पनाग से उसका वात्सल्य प्रेम पराकाष्ठा पर है। जब बात राष्ट्र प्रेम की आती है तब वह अपने प्रेम का बलिदान करना ही सर्वथा योग्य समझती है और अपने प्रेमी कैप्टन विलियम्स का कत्ल करने में भी नहीं हिचकती है। लेखिका पूजा मणि द्वारा उपन्यास का शीर्षक "मोगरा एक प्रेम पुष्प" सार्थक प्रतीत होता है। कुछेक टंकण त्रुटियों को नजर अंदाज कर दें तो लेखिका द्वारा शब्दों का चयन पूरी कहानी में भाषा प्रवाह सहज बनाए रखता है। पात्रों का चयन भी कहानी के अनुकूल ही है, कहीं से भी पात्र या संवाद जबरदस्ती थोपे हुए प्रतीत नहीं होते। सरल शब्दावली में पात्रों का चरित्र चित्रण, ऐतिहासिक घटनाक्रम के साथ-साथ प्रेम कहानी पाठकों में उत्सुकता और रोचकता बनाए रखते हैं। इसके लिए लेखिका बधाई की पात्र है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

पुस्तक की **बात**



**सदानंद सिंह यादव**




## रक्तदान : जीवन का अमूल्य उपहार

(विश्व रक्तदान दिवस विशेष)



हर वर्ष 14 जून को विश्व रक्तदान दिवस मनाया जाता है, जो न केवल रक्तदाताओं के प्रति सम्मान प्रकट करने का एक अवसर है, बल्कि समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाने का भी एक महत्वपूर्ण माध्यम है। यह दिन हमें यह सोचने पर विवश करता है कि जब हमारे चारों ओर आधुनिक जीवन की आपाधापी है, तब भी मानवता का सबसे बड़ा धर्म दूसरों के जीवन की रक्षा करना कैसे बना रह सकता है। विश्व रक्तदान दिवस की शुरुआत 2004 में विश्व स्वास्थ्य संगठन, रेड क्रॉस सोसाइटी और अन्य संस्थाओं द्वारा की गई थी। यह दिवस महान वैज्ञानिक कार्ल लैंडस्टीनर की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है, जिन्होंने रक्त वर्गीकरण प्रणाली (ए, बी, एबी, ओ) की खोज कर मानव चिकित्सा में क्रांति ला दी थी। इस दिवस को मनाने का मूल उद्देश्य है, रक्तदान के महत्व पर जागरूकता फैलाना, स्वैच्छिक रक्तदान को बढ़ावा देना, सुरक्षित रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करना, रक्तदाताओं को सम्मान देना। आज जब जीवन गति पकड़ चुका है और हर व्यक्ति अपने लक्ष्य की दौड़ में व्यस्त है, ऐसे में "रक्तदान" जैसे सेवा-कार्य की स्मृति भी कहीं पीछे छूटती जा रही है। लेकिन सच यह है कि हर क्षण कहीं न कहीं कोई दुर्घटना, ऑपरेशन, प्रसव या गंभीर बीमारी में ग्रसित व्यक्ति रक्त की आवश्यकता से जूझ रहा होता है। भारत जैसे विशाल देश में हर साल लगभग 1.2 करोड़ यूनिट रक्त की आवश्यकता होती है, लेकिन स्वैच्छिक रक्तदान की दर अभी भी अपेक्षित मात्रा से कम है। इसलिए युवा वर्ग की भूमिका इस दिशा में अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। आज की युवा पीढ़ी जब सोशल मीडिया पर ट्रेंडिंग और वायरल विषयों के पीछे भागती है, तब उन्हें यह समझने की आवश्यकता है कि "रक्तदान भी एक ट्रेंड बन सकता है, जीवन बचाने वाला ट्रेंड।" रक्तदान से न केवल कोई अनजान व्यक्ति जीवन प्राप्त करता है, बल्कि दानी को आत्मिक संतुष्टि, स्वास्थ्य लाभ, समाज में सम्मान, और मानवता के पथ पर चलने की प्रेरणा मिलती है। शिक्षण संस्थानों, कॉलेजों, विश्वविद्यालयों को चाहिए कि वे इस दिवस पर रक्तदान शिविरों का आयोजन करें, जहां छात्र-छात्राएं न केवल शारीरिक रूप से स्वस्थ रहने की जानकारी पाएं, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी का बोध भी प्राप्त करें। यह मिथक कि रक्तदान से कमजोरी आती है, अब विज्ञान द्वारा कई बार खंडित हो चुका है। बल्कि नियमित रक्तदान से कई स्वास्थ्य लाभ होते हैं, जैसे रक्त में आयरन की मात्रा संतुलित रहती है, जिससे हृदय रोग का खतरा कम होता है। नई रक्त कोशिकाएं बनने की प्रक्रिया तेज होती है, जिससे शरीर सक्रिय रहता है। लिवर संबंधित समस्याओं में सुधार देखने को मिलता है। कैंसर, स्ट्रोक, थक्का जमने जैसी बीमारियों की संभावना भी कम होती है। जब एक व्यक्ति रक्तदान करता है, तो वह केवल रक्त नहीं देता, बल्कि जीवन की आशा देता है। इसके सामाजिक लाभ अनगिनत हैं जिससे सामुदायिक सौहार्द बढ़ता है, आपसी सहयोग और सेवा की भावना उत्पन्न होती है, आपातकालीन स्थितियों में रक्तदाताओं की सूची जीवनरक्षक सिद्ध होती है, रक्तदाताओं के नेटवर्क बनने से तत्काल मदद की संभावना बढ़ती है। भारतीय संस्कृति में "दान" की परंपरा अत्यंत प्राचीन है। हमारे शास्त्रों में कहा गया है:

"सर्वे सन्तु निरामयाः" – सभी स्वस्थ रहें
"दानं श्रेयः, न तु संग्रहः" – संग्रह नहीं, दान श्रेष्ठ है। महाभारत में युधिष्ठिर ने कहा था –
"प्राणदानं परं दानं" – जीवनदान सबसे बड़ा दान है। इन पंक्तियों से यह स्पष्ट है कि रक्तदान जैसे कर्म हमारे धार्मिक ग्रंथों और जीवन दर्शन में भी उच्च स्थान रखते हैं। भारत में आज भी ग्रामीण क्षेत्रों में रक्तदान के प्रति कई भ्रांतियां हैं। महिलाएं रक्तदान से कतराती हैं, युवाओं को सही जानकारी नहीं मिल पाती, और जागरूकता का अभाव बना रहता है। इसके लिए जरूरी है कि: स्वास्थ्य विभाग जागरूकता अभियान चलाए। एनएसएस, एनसीसी, युवा संगठन रक्तदान शिविर आयोजित करें। स्कूलों में स्वास्थ्य और मानव सेवा पर विशेष व्याख्यान दिए जाएं। मीडिया और सोशल मीडिया का रचनात्मक उपयोग किया जाए। प्रेरणा बनें – रक्तदाता बनें, हर वर्ष लाखों लोग सड़क दुर्घटना, थैलेसीमिया, कैंसर, प्रसव के समय रक्त की कमी के कारण असमय काल कवलित हो जाते हैं। यदि हर योग्य व्यक्ति साल में दो बार भी रक्तदान करे, तो देश में रक्त की कभी कमी नहीं हो सकती।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

देश की **बात**



**डॉ दीपक प्रसाद**
रंगकर्मी, निर्देशक
सहायक आचार्य

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

भीतर सिद्ध न हो सके, बाहर हुए प्रसिद्ध।
घर कौ जोगी जोगना, आन गाँव का सिद्ध।।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

## पिता के 'आलोक' से हुआ जीवन ज्योतिर्मय

(फादर्स डे 15 जून पर विशेष)

हम सबकी जीवन यात्रा में माता पिता का आशीर्वाद और सहयोग सर्वाधिक होता है। बच्चों के लिए माता पिता धरती पर जीवंत भगवान का स्वरूप होते हैं। मेरी जीवनयात्रा में भी मेरे पिता स्वर्गीय दामोदर प्रसाद तुलस्यान का बहुत महत्वपूर्ण योगदान रहा है । प्रायः पिता का प्रेम,उनका ममत्व ,परिवार रूपी नेह नीड़ के लिए उनका मूक समर्पण, और जीवन प्रबंधन की उनकी छोटी बड़ी सीखें अनदेखी रह जाती हैं। बहुत कम लोग महसूस करते हैं कि प्रत्येक पिता के भीतर एक माँ होती है जो बिना प्रतिदान की इच्छा के परिवार को संघर्ष के तूफ़ानों के बीच उसी प्रकार संभालती है जिस प्रकार ओजोन की परत धरती के नाजुक हृदय को सूरज की पराबैंगनी किरणों से संभालती है । मेरा मानना है कि पिता से धन से अधिक मूल्यवान जो धन मिलता है वह चरित्र की पूँजी, आचरण की प्रेरणा और विचार की अनमोल विरासत होती है । सब कुछ इन्हीं से मिलता है। मुझे भी मेरे पिता ने आचरण का महनीय पाठ पढ़ाया जिसने जीवन के झंझावातों में सदैव मेरी सुरक्षा की है ,पथ पर पाथेय की तरह मुझे ऊर्जा दी है । पिता के चारित्रिक आलोक ने इस आलोक का जीवन ज्योतिर्मय कर दिया। पिता जी से पहला सबक मेरे लिए यह था कि दिनचर्या में सजगता और आत्मानुशासन होना चाहिए। वे कहते थे कि बिना अनुशासन के महान लक्ष्य हासिल नहीं किये जा सकते। सुबह सुबह हम दोनों बगीचे की सैर करते थे। प्रकृति की आनंदमय पाठशाला में बाबूजी मुझे जीवन के सबक पढ़ाते थे। थोड़ा बड़ा हुआ तो बाबूजी ने मुझे छोटे छोटे पारिवारिक और सामाजिक उत्तरदायित्व सौंपने प्रारंभ कर दिए। मुझे समाज और जीवन से परिचित कराने का यह उनका अनूठा तरीका था ताकि मैं जीवन में संबंधों की महिमा और जिम्मेदारियों के भार का मूल्य जान सकूँ।



युवावस्था में अपनी पढ़ाई के लिए मुझे कलकत्ता( अब कोलकाता) में निवास करना पड़ा। यहाँ उनकी उपस्थिति मुझे सुंदर लिखावट वाले उनके पत्रों के रूप में मिलती थी। उनके पत्र मुझे सामर्थ्य और सकारात्मक ऊर्जा से भर देते थे वैसे ही जैसे निबिड़ अंधकार को अरुणोदय आलोक से भर देता है। व्यवहार की तरलता, व्यक्तित्व की सरलता, कर्म की निष्ठा और विचार की श्रेष्ठता ये सब कुछ मुझे पिता जी से ही प्राप्त हुआ। वे प्रतिदिन रामायण की चौपाई का पाठ करते थे। गीताप्रेस से प्रकाशित 'तत्वविवेचनी गीता' की एक प्रति मुझे देकर उन्होंने मेरा परिचय इस अनूठे ग्रंथ रत्न से करवाया। इस तरह धार्मिकता और आध्यात्मिकता का संस्कार बीजरूप में मुझे अपने पिता से ही मिला। बासठ वर्ष की अल्पायु में मेरे पिता ने शरीर त्याग दिया। यह मेरे पूरे परिवार के लिए एक अपूरणीय क्षति थी लेकिन यहाँ भी भगवान की ओर से एक मार्गदर्शक की व्यवस्था थी । भगवान ने मेरे ससुर श्री सोहन लाल गाडोदिया के रूप में पितृछाया का आशीर्वाद मेरे ऊपर बनाये रखा। धीरे धीरे वे ही मेरे लिए पितृछाया बन गए । वे मुझे 'आलोक बाबू' कहकर बुलाते थे । ससुर जी के मार्गदर्शन ने मेरी प्रगति के रथ को विस्तार दिया । उन्होंने हमेशा इस बात का ध्यान रखा कि मैं अपनी माताजी को समय दूँ, उनके पास बैठूँ और उन्हें धन आदि के उपहार दूँ । वे कहते थे पति की छाया से वंचित होने पर स्त्री असहाय हो जाती है। बहुत सूक्ष्म दृष्टि ही ऐसा देख सकती है। माँ के पास बैठने का अर्थ उनके न रहने पर अब ज़्यादा अच्छे से समझ आता है। एक बात जब मेरी माताजी ने पितृ देवताओं की स्मृति में भागवत कथा करवाने का सुझाव दिया तो मेरे पितातुल्य ससुर ने मुझे इस कथा को अविलंब प्रारंभ करने का सुझाव दिया।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

अलग **बात**



**आलोक तुलस्यान**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI.61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 ।प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)



# संकष्टी चतुर्थी पर आज करें विशेष पूजन, मिलेगा संकटों से मुक्ति

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रणम्य शिरसा देवं गौरी पुत्र विनायकं... भूत और गण आदि के देव और उमा के पुत्र भक्तों के शोक का न केवल नाश करते हैं बल्कि विघ्नबाधा को भी खत्म करते हैं। बाबा विश्वनाथ के दिए वरदान के अनुसार जो कोई भी सर्वप्रथम गजानन की पूजा करता है, उसे किसी तरह की समस्याओं या बाधाओं का सामना नहीं करना पड़ता। 14 जून को 'संकष्टी चतुर्थी' है। गौरी पुत्र को प्रसन्न करने के लिए विशेष पूजन और पाठ का महात्म्य है।

पंडित विनय त्रिपाठी ने बताया, "सर्वप्रथम गणपति को पंचामृत (जल, घी, दही, दूध, शहद) जल या गंगाजल से स्नान करवाना चाहिए। इसके बाद देसी घी और सिंदूर का उनके शरीर पर लेप करना चाहिए। इसके बाद क्रमशः रोली, मौली, अक्षत, इत्र, जनेऊ, अबीर-बुक्का चढ़ाने के साथ पान, सुपाड़ी, लौंग, इलाइची आदि भी चढ़ाना चाहिए। इसके साथ ही गेंदा या गुड़हल की माला के साथ 3, 11 या 21 दूब भी गजानन को चढ़ाना चाहिए।इसके बाद घी का दीपक प्रज्वलित कर मोदक, केला, हलवा आदि का भगवान को भोग लगाना चाहिए और संकट नाशक स्त्रोत के साथ-साथ अन्य श्लोक का पाठ करना चाहिए। नारद पुराण में वर्णित संकष्ट मंत्र का भी पाठ करना चाहिए। जो इस प्रकार है- प्रणम्य शिरसा देवं गौरीपुत्रं विनायकम्। भक्तावासं स्मरेन्नित्यमायुःकामार्थ सिद्धये। प्रथमं वक्रतुण्डं च एकदन्तं द्वितीयकम्।

### प्रणम्य शिरसा देवं...'संकष्टी चतुर्थी' पर गजानन की ऐसे करें पूजा, प्रसन्न होंगे गौरीपुत्र

हिंदू धर्म में हर माह की चतुर्थी तिथि पर संकष्टी चतुर्थी का व्रत रखा जाता है। यह दिन भगवान शंकर और माता पार्वती के पुत्र गणपति को समर्पित है। आषाढ़ मास की चतुर्थी का भी विशेष महत्व है। धर्म शास्त्रों के अनुसार संकष्टी चतुर्थी संकटों को हरने वाला है। दृग पंचांग के अनुसार, कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि 14 जून को दोपहर 3 बजकर 46 मिनट पर शुरू होकर 15 जून को दोपहर 3 बजकर 51 मिनट तक रहेगी। काशी के ज्योतिषाचार्य और धर्मशास्त्र के जानकार पंडित विनय त्रिपाठी बताते हैं कि संकष्टी चतुर्थी का व्रत कई समस्याओं का निवारण करता है। इस बार चतुर्थी तिथि 14 जून को है और इस दिन उत्तराषाढ़ा नक्षत्र और ब्रह्म योग का भी संयोग बन रहा है।

## फोटो भेजो और पाओ 500 रुपए का इनाम

### गंदगी फैलाने वालों की खैर नहीं, नगर निगम ने शुरू किया अभियान

**वाराणसी (आईएएनएस)**



वाराणसी में सड़क पर कूड़ा फेंकना लोगों को भारी पड़ने वाला है। स्वच्छता को लेकर वाराणसी नगर निगम ने बड़ा कदम उठाया है। अब गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई में आम जनता भी भागीदार बनेगी। इस दिशा में वाराणसी नगर निगम ने कार्यकारिणी की बैठक में एक प्रस्ताव पारित किया। नगर निगम ने तय किया कि अगर कोई व्यक्ति मोहल्ले या सार्वजनिक स्थानों पर किसी व्यक्ति की ओर से कचरा फेंकने, थूकने, खुले में शौच करने या अन्य किसी भी तरह की गंदगी फैलाने वाले की फोटो ऐप पर अपलोड करता है तो उसकी पहचान गोपनीय रखते हुए उसे 500 रुपए इनाम दिया जाएगा। इस योजना का उद्देश्य न सिर्फ शहर को स्वच्छ बनाना है, बल्कि लोगों में जागरूकता और जिम्मेदारी की भावना भी पैदा करना है। नगर निगम के पीआरओ संदीप श्रीवास्तव ने न्यूज एजेंसी आईएएनएस को बताया कि स्वच्छता को लेकर वाराणसी नगर निगम लगातार काम कर रहा है। सभी 100 वार्डों में घर-घर से कूड़ा उठाने की व्यवस्था की गई है। कूड़े का उठान हो रहा है और उसका निस्तारण भी किया जा रहा है। शहर में जितने भी कूड़ाघर हैं, उनको धीरे-धीरे समाप्त करने की प्रक्रिया चल रही है। 25 कूड़ाघर थे, जिसमें से 19 को समाप्त किया जा चुका है। जो बाकी बचे हुए हैं, उनके लिए काम किया जा रहा है।

उन्होंने कहा, "लगातार देखने को मिला है कि सफाई के तुरंत बाद लोग सड़कों पर कूड़ा फेंक जाते हैं। इसको देखकर नगर निगम ने कदम उठाया है कि कोई भी व्यक्ति सड़क पर कूड़ा फेंकता है और कोई दूसरा व्यक्ति उसकी फोटो खींचकर निगम के ऐप पर भेजता है तो उस व्यक्ति को इनाम के रूप में तत्काल 500 रुपए दिए जाएंगे। कार्यकारिणी की मीटिंग में फैसले को मंजूरी दी गई है और कार्यवाही पूरी होने के बाद इसको लागू कर दिया जाएगा।

## अमृतसर में अवैध हथियार तस्करी का पर्दाफाश, चार लोग गिरफ्तार

**अमृतसर (आईएएनएस)**



सीमा पार हथियार तस्करी अभियान को एक बड़ा झटका देते हुए, अमृतसर ग्रामीण पुलिस ने एक अवैध हथियार तस्करी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है और नौ हथियारों की बरामदगी के साथ चार गुर्गों को गिरफ्तार किया है। पंजाब डीजीपी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, "खुफिया जानकारी के आधार पर की गई कार्रवाई में अमृतसर ग्रामीण पुलिस ने इटली स्थित गुरप्रीत सिंह उर्फ गोपी से जुड़े एक अवैध हथियार तस्करी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है, जो पाकिस्तान स्थित तस्करों के साथ मिलकर काम कर रहा था। पुलिस ने चार गुर्गों को गिरफ्तार किया है और 9 हथियार बरामद किए हैं। आपूर्ति मार्गों का पता लगाने, अतिरिक्त सहयोगियों की पहचान करने और विदेशी संचालकों के साथ गहरे संबंध स्थापित करने के लिए आगे की जांच चल रही है। आर्म्स एक्ट और एनडीपीएस एक्ट, पीएस घरिंडा के तहत एक एफआईआर दर्ज की गई है।

## अमरनाथ यात्रा के लिए आधुनिक ट्रांजिट कैंप तैयार, एसी और सीसीटीवी की सुविधा

**सांबा (आईएएनएस)**

जम्मू-कश्मीर के सांबा जिले में प्रशासन ने 3 जुलाई से शुरू होने वाली श्री अमरनाथ यात्रा को लेकर पुख्ता इंतजाम किए हैं। पर्यटन विभाग ने बताया कि यात्रियों की सुविधा के लिए अज्ञानी गांव में एक आधुनिक ट्रांजिट कैंप तैयार किया है। इस कैंप में एयर-कंडीशंड हॉल, सीसीटीवी कैमरे और अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं, ताकि श्रद्धालुओं को सुरक्षित और आरामदायक अनुभव मिले। जम्मू टूरिज्म विभाग के निदेशक विकास गुप्ता ने शुक्रवार को कैंप का दौरा कर तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि 200-250 यात्रियों की क्षमता वाला एक नया हॉल बनाया गया है, जिसमें एसी की व्यवस्था है। पहले यहां केवल शेल्टर था। लेकिन अब मजबूत कंक्रीट दीवार और चेन-लिंक फेंसिंग की गई है। उन्होंने बताया कि निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए जनरेटर और हाई-मास्ट लाइट्स लगाए गए हैं। स्वच्छ पानी के लिए बोरवेल और साफ-सफाई के लिए अलग-अलग पुरुष और महिला बायो-टॉयलेट की व्यवस्था की गई है। लंगर के लिए भी पर्याप्त जगह बनाई गई है।

## पीएम ने सर्वाइवर रमेश का जाना हालचाल

# प्लेन क्रैश में जिंदा बचे एकमात्र यात्री से मिले प्रधानमंत्री मोदी

**अहमदाबाद (हि.स.)**



गुजरात के अहमदाबाद में हुई भीषण विमान दुर्घटना ने सिर्फ देश ही नहीं, सारी दुनिया को भी झकझोर दिया है। इस हादसे में 265 लोगों की मौत हो गई, लेकिन एक खुशनसीब यात्री हैं रमेश विश्वास कुमार। वह काल के मुंह से बाहर आ गए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज इस चमत्कारिक रूप से बचे यात्री से मुलाकात की और उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली।

**विश्वास की आपबीती :** अस्पताल के बेड पर लेटे रमेश विश्वास ने बताया, "रनवे पर विमान की रफ्तार बढ़ने के साथ ही मुझे कुछ अजीब सा महसूस हुआ। अचानक 5-10 सेकंड के लिए सब कुछ थम सा गया। फिर एकाएक हरी और सफेद लाइट्स जलीं। ऐसा लगा पायलट ने टेकऑफ के लिए पूरी ताकत लगा दी हो। और फिर विमान इमारत से टकरा गया।

**मेरी सीट वाला हिस्सा शायद नीचे गिरा :** विश्वास ने बताया कि जिस जगह पर वह बैठा था, वह हिस्सा शायद बिल्डिंग के नीचे के हिस्से से टकराया था। ऊपर आग लगी हुई थी और कई लोग उसमें फंस गए थे। शायद मैं सीट के साथ नीचे गिरा और किसी तरह बाहर निकलने में सफल रहा। दरवाजा टूटा हुआ था, सामने थोड़ी खुली जगह दिखी तो मैं निकलने की कोशिश की।

**दूसरी तरफ दीवार थी... :** रमेश ने कहा कि उसने दो एयर होस्टेस, एक अंकल-आंटी और अन्य लोगों को जलते देखा। इस हादसे में मेरा बायां हाथ बुरी तरह झुलस गया, लेकिन जान बच गई। वह कहता है, "जैसे ही मैं बाहर आया, आग तेजी से फैल गई। अगर कुछ सेकंड और रुक जाता, तो शायद...।"

**मेरा भाई भी मेरे साथ था :** रमेश और अजय दो भाई हैं जो यूके के लेस्टर शहर में रहते थे। दोनों साथ यात्रा कर रहे थे। तीसरे भाई नयन भी वहीं रहते हैं।

उन्होंने टेलीफोन पर बातचीत में कहा, "हमने रमेश से बात की, वह अस्पताल में है और ठीक है। लेकिन अजय की कोई खबर नहीं है। हम लगातार जानकारी का इंतजार कर रहे हैं। नयन ने कहा, "हम अगली फ्लाइट से भारत के लिए रवाना हो रहे हैं। उम्मीद है कि जैसे रमेश सुरक्षित है, वैसे ही अजय के बारे में भी कोई अच्छी खबर मिले।" जब रमेश से पूछा गया कि हादसा कैसे हुआ, तो उन्होंने कहा, "मुझे नहीं पता... मैं कैसे बचा, ये भी समझ नहीं आ रहा।

**परिवार में गम का माहौल :** रमेश की जान बचने से परिवार को थोड़ी राहत है, लेकिन अजय की जानकारी न मिलने से सभी परेशान हैं। माता-पिता और पत्नी गहरे सदमे में हैं। मोहल्ले में मातम पसरा है और पड़ोसी व रिश्तेदार भी इस घटना से बेहद दुखी हैं।

### ईंधन जलने से तापमान बहुत अधिक होने के कारण किसी को बचाने की गुंजाइश ही नहीं थी : अमित शाह



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को कहा कि अहमदाबाद में दुर्घटनाग्रस्त हुए एअर इंडिया के विमान का तापमान ईंधन जलने के कारण इतना अधिक था कि किसी को बचा पाने की कोई गुंजाइश ही नहीं थी।शाह ने संवाददाताओं से कहा, "विमान के अंदर 1.25 लाख लीटर ईंधन था। विमान गर्म हो गया था, इसलिए किसी को भी बचाने की गुंजाइश नहीं थी।" उन्होंने कहा कि इस त्रासदी के बाद पूरा देश गहरे सदमे में है। शाह ने दुर्घटना में मारे गए लोगों के परिजन के प्रति संवेदना व्यक्त की।

### पटना की एयर होस्टेस मनीषा थापा की भी हादसे में हुई मौत



**पटना/अहमदाबाद ।** भीषण विमान हादसे ने पूरे देश को तबाह कर दिया है. इस हादसे में 265 लोगों की जान चली गई, जिसमें बिहार की राजधानी पटना के होनहार एयर होस्टेस मनीषा थापा भी शामिल हैं। मनीषा एयर इंडिया की फ्लाइट AI-171 में अपना कर्तव्य निभा रही थी, जब ये हादसा हुआ। उनकी असामयिक मृत्यु से न केवल उनका परिवार, बल्कि पूरा जगदेव पथ के अशोभनीय शोक में डूब गया है। इज़राइल में गौतम अडानी का अरबों डॉलर का निवेश ख़तरा! कहाँ-कहाँ इस्तेमाल किया जाता है पैसा? गौतम गंभीर की मां को हार्ट अटैक आया, आईसीयू में भर्ती, इंग्लैंड से लौटेंगी टीम इंडिया के हेड कोच टी20 में ब्रेक लेने पर तुला पाकिस्तान, उधर बिग बैश की इस टीम ने बाबर आजम को साइन कर लिया

### अहमदाबाग विमान हादसे में मणिपुर की दो क्रू मेंबर्स की मौत

**इंफाल।** अहमदाबाद एयरपोर्ट से उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद दुर्घटनाग्रस्त होने वाले एयर इंडिया विमान में मणिपुर की दो केबिन क्रू मेंबर शामिल थीं। दोनों की इस हादसे में मौत हो गई। उनकी पहचान 20 वर्षीय कोंगबरीलात्पम नगंथोई शर्मा और 26 वर्षीय लमनुंथेम सिंगसन के रूप में की गई।

### रिक्शा चलाकर पढ़ाया, बेटी पहली बार जा रहीं थी लंदन



**अहमदाबाद ।** गुरुवार को अहमदाबाद में एक बड़ा विमान हादसा हो गया। अहमदाबाद से टेकऑफ करने वाली एअर इंडिया की AI 171 फ्लाइट कुछ देर बाद ही क्रैश हो गई। इस हादसे में विमान में वार 241 लोगों की जान चली गई। हालांकि, एक यात्री इस हादसे में बच गया। जिसका उपचार चल रहा है। इसी विमान में एक भारत की बेटी जो अपने सपनों को उड़ान देने के लिए लंदन जा रही थी, उसकी भी इस हादसे में दुखद मौत हो गई। राजस्थान के उदयपुर की रहने वाली पायल खटीक गुरुवार दोपहर अहमदाबाद से लंदन के गैटविक जाने वाली एअर इंडिया के विमान में सवार हुईं, लेकिन यह विमान उड़ान भरने के कुछ देर बाद ही दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

## कांग्रेस पार्टी गांधी परिवार की गुलाम, सच्चाई पचाने का सामर्थ्य नहीं

**भोपाल (आईएएनएस)**



भाजपा विधायक रामेश्वर शर्मा ने कांग्रेस नेता लक्ष्मण सिंह के खिलाफ पार्टी की अनुशासनात्मक कार्रवाई पर तीखा हमला बोला है। शर्मा ने कहा कि कांग्रेस में अब न तो 'राम' बचेगा और न ही 'लक्ष्मण', क्योंकि पार्टी पूरी तरह से सोनिया गांधी के परिवार की गुलाम हो चुकी है। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस में सत्य बोलने की हिम्मत अब किसी में नहीं बची, क्योंकि कड़वी सच्चाई को पचाने का सामर्थ्य पार्टी में नहीं है। रामेश्वर शर्मा ने मध्य प्रदेश कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि पार्टी में आंतरिक कलह चरम पर है। कांग्रेस नेता अपने बेटे-बेटियों को स्थापित करने में व्यस्त हैं, जिससे पार्टी में आपसी टकराव और बढ़ गया है। कांग्रेस में न तो एकता है और न ही कोई सिद्धांत। सभी अपने परिवार को आगे बढ़ाने की होड़ में लगे हुए हैं। बीजेपी के प्रशिक्षण कार्यक्रम पर कांग्रेस के बयानों का जवाब देते हुए रामेश्वर शर्मा ने तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी में कभी प्रशिक्षण होता ही नहीं है। प्रशिक्षण शिविर में हमें भारत की एकता, अखंडता, राष्ट्रवाद और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय सिद्धांतों के लिए काम करना सिखाया जाता है। हम सेना के यश और कीर्ति के लिए समर्पित हैं। कांग्रेस को भाजपा से कुछ सीख लेनी चाहिए।

रामेश्वर शर्मा ने जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री और नेशनल कॉन्फ्रेंस नेता फारूक अब्दुल्ला के हालिया बयान का हवाला देते हुए कहा कि अब तो कांग्रेस के गठबंधन सहयोगी भी प्रधानमंत्री मोदी की तारीफ कर रहे हैं। फारूक अब्दुल्ला भी पीएम मोदी की तारीफ कर रहे हैं।

## तेजस्वी यादव और मुकेश सहनी का सपना पूरा नहीं होगा : मदन

**पटना (आईएएनएस)**



बिहार में इस साल होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर इंडिया ब्लॉक की बैठक पर बिहार सरकार में मंत्री मदन सहनी ने कहा कि तेजस्वी यादव सीएम बनने का सपना देख रहे हैं और मुकेश सहनी डिप्टी सीएम बनने का। लेकिन, दुर्भाग्य की बात यह है कि दोनों का सपना कभी पूरा नहीं होगा। समाचार एजेंसी आईएएनएस के साथ बातचीत के दौरान मदन सहनी ने कहा कि बिहार में अगली सरकार एनडीए की बनेगी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बनेंगे। ऐसे में सपने देखने वाले सिर्फ सपने देखेंगे और जब हमारी सरकार बनेगी तो उनके सपने टूटकर बिखर जाएंगे। विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) प्रमुख और बिहार सरकार में पूर्व मंत्री रहे मुकेश सहनी ने सीएम के तौर पर तेजस्वी यादव को एकमात्र चेहरा बताया है। दूसरी ओर इंडिया ब्लॉक की लगातार हो रही बैठकों के बीच मुकेश सहनी को डिप्टी सीएम बताए जाने की खबरों को लेकर बिहार सरकार में मंत्री मदन सहनी ने कहा कि यह पहली बार नहीं है, जब वह खुद को डिप्टी सीएम के तौर पर प्रोजेक्ट कर रहे हैं।

## आज का राशिफल

**मेष :** दाम्पत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने में सफल होंगे। व्यापार में स्थिति ठीक रहेगी। माता पक्ष से विशेष लाभ।

**वृष :** संतोष से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा।

**मिथुन :** मनोरथ सिद्ध होंगे, पूरे मनोयोग से काम में लगे रहे। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा।

**कर्क :** स्वास्थ्य में ताजगी बनने से नई ऊर्जा का संचार होगा। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा।

**सिंह :** सुनियोजित तरीके से कार्य आरम्भ करें, सफल होंगे। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी।

**कन्या :** अध्ययन-अध्यापन में समय गुजरेगा। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी।

**तुला :** महत्त्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। रुकावटें आएंगी। कोष में कमी व व्यय की अधिकता से परेशान होंगे। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। जल्दबाजी में कोई भूल संभव है। कार्य भार बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। वैचारिक उत्तेजना पर नियंत्रण रखें।

**वृश्चिक :** परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। खान-पान में सावधानी रखें। अच्छे समय का इन्तजार करें। कर्म प्रधान विचार धारा बनाये रखें। नैतिक दायरे में रहें।

**धनु :** सामाजिक मान-सम्मान बढ़ेगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे ही निपटा लें। रुपए पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। राजकीय कार्यों से लाभ। मनोबल ऊंचा रखें।

**मकर :** अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे है। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। साक्षात्कार के लिए दिन शुभ रहेगा।

**कुंभ :** कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। निकट जनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु जोड़-तोड़ करना पड़ेगा। अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। बुरी संगति से बचें। सुविधाओं में शनैः-शनैः बाधा आएगी। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे।

**मीन :** पूर्व में किये कार्यों से लाभ मिलेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। शांतिपूर्वक कार्य करें।


**झारखण्ड सरकार**
**कार्यालयः जिला मत्स्य पदाधिकारी-सह-मुख्य कायपालक पदाधिकारी, लोहरदगा**

**शुद्धि पत्र**

PR 354203 Lohardaga(25-26)#D द्वारा प्रकाशित जाल/हापा की अति अल्पकालीन निविदा खोलने के अनुदेश (आवश्यक शर्तों) में आपूर्तिकर्त्ता को सरकारी क्षेत्र में मत्स्य बीज उत्पादकों को जाल/हापा आपूर्ति करने हेतु पूर्व में प्रकाशित है। (i) विक्रेता द्वारा अधिकृत प्रमाण पत्र (Authorization Cartificate) जमा करने होगें।(ii) काली सूची में नहीं दर्ज है, प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा। (iii) सभी दस्तावेज स्वअभिप्रमाणित संलग्न करना होगा। जाल/हापा की शेष कंडिका यथावत रहेगी। दिनांक 20.06.2025 को निविदा डालने का समय 10:30 बजे पूर्वा0 एवं निविदा खुलने का समय 11:00 बजे पूर्वा0 जिला परिषद लोहरदगा के सभागार में निर्धारित की गई है। इस सूचना को जिला Website-Lohardaga.nic.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर कार्यालय अवधि में देखा जा सकता है।

जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, लोहरदगा।

PR.NO.354945 Lohardaga(25-26):D



**झारखण्ड सरकार**
**कार्यालयः जिला मत्स्य पदाधिकारी-सह-मुख्य कायपालक पदाधिकारी, लोहरदगा**

**शुद्धिपत्र**

PR 354200 Lohardaga(25-26).D द्वारा प्रकाशित मैश फीड की अति अल्पकालीन निविदा खोलने के अनुदेश (आवश्यक शर्तों) में आपूर्तिकर्त्ता को सरकारी क्षेत्र में मत्स्य बीज उत्पादकों को मैश फीड आपूर्ति करने हेतु पूर्व में प्रकाशित है। (i) विक्रेता द्वारा अधिकृत प्रमाण पत्र (Authorization Cartificate) जमा करने होगें। (ii) काली सूची में नहीं दर्ज है, प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा। (iii) सभी दस्तावेज स्वअभिप्रमाणित संलग्न करना होगा। मैश फीड की शेष कंडिका यथावत रहेगी। दिनांक 20.06.2025 को निविदा डालने का समय 10:30 बजे पूर्वा0 एवं निविदा खुलने का समय 11:00 बजे पूर्वा0 जिला परिषद लोहरदगा के सभागार में निर्धारित की गई है। इस सूचना को जिला Website-Lohardaga.nic.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर कार्यालय अवधि में देखा जा सकता है।

जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, लोहरदगा

PR 354943 Lohardaga(25-26).D



**कार्यालय– समेकित जनजाति विकास अभिकरण (I.T.D.A) लातेहार**
**(अ0ज0जा0, अ0जा0, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग)**

**प्रेस विज्ञप्ति**

कार्यालय आदेश ज्ञापांक– 140/(ITDA), लातेहार दिनांक– 17.01.2025 के आलोक में प्रकाशित सूचना जिसके क्रम में लातेहार जिले में कल्याण विभाग के द्वारा संचालित किए जाने वाले एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, लातेहार, बरवाडीह एवं गारू में शिक्षकों की रिक्ति के विरूद्ध अतिथि शिक्षक की सेवा अधिप्राप्ति हेतु दिनांक– 10.02.2025 तक आवेदन आमंत्रित किया गया था, जिसके आलोक में प्राप्त आवेदनों का मेघा सूची तैयार कर इस कार्यालय के ज्ञापांक– 916, दिनांक–15.04.2025 के द्वारा आवेदकों से आपत्ति की मांग दिनांक– 23.04.2025 तक की गई थी, जिसमें क्रम में प्राप्त आपत्ति का निराकरण करते हुए मेघा सूची तैयार किया गया।

दिनांक– 25.04.2025 को आयोजित जिला स्तरीय एकलव्य विद्यालय समिति की बैठक में रिक्त पद के विरूद्ध तीन गुणा अभ्यर्थियों को साक्षात्कार हेतु बुलाने का निर्णय के आलोक में दिनांक– 29.05.2025, 30.05.2025 एवं 31.05.2025 को विषयवार साक्षात्कार हेतु आवेदकों को उपस्थित होने हेतु ज्ञापांक– 1092, दिनांक– 20.05.2025 द्वारा सूचना का प्रकाशन करते हुए मूल प्रमाण–पत्रों के साथ साक्षात्कार में उपिस्थत होने हेतु सूचित किया गया था।

उपायुक्त, लातेहार के आदेश ज्ञापांक– 1134, दिनांक– 27.05.2025 द्वारा अतिथि शिक्षकों के चयन के निमित साक्षात्कार हेतु गठित समिति द्वारा मेघा सूची एवं साक्षात्कार के आधार पर पूर्णतः अस्थायी तौर पर अतिथि शिक्षकों का चयन किया गया तथा कार्यालय ज्ञापांक– 1263, दिनांक– 11.06.2025 द्वारा नियुक्ति पत्र निर्गत करते हुए लातेहार जिला के वेबसाईट www.latehar.nic.in पर प्रकाशित किया जाता है। चयनित अभ्यर्थियों की अंतिम मेघा सूची एवं नियुक्ति पत्र वेबसाईट पर उपलब्ध है। इसे चयनित अभ्यर्थी प्राप्त कर सकते हैं।

परियोजना निदेशक, आई०टी०डी०ए०, लातेहार

PR 354888 Welfare(25-26)#D

# इजराइल का ईरान पर बड़ा हवाई हमला, परमाणु ठिकानों पर दागे बम

**तेहरान । एजेंसी**

इजराइल ने आज तड़के ईरान में कई स्थानों पर बम बरसाए। इस हमले से ईरान सकते में है। बम धमाकों से राजधानी तेहरान के बाशिंदे सहम गए। ईरान की मेहर न्यूज एजेंसी की खबर के अनुसार, इजराइल की सरकार ने शुक्रवार सुबह ईरान के रिहायशी इलाकों पर हमला किया। ईरान की राजधानी तेहरान में कई जोरदार धमाके सुने गए। इसके कुछ ही देरबाद इजराइली सरकार ने घोषणा की कि उसने ईरान के खिलाफ ऑपरेशन शुरू किया है।

**इजराइल में आपातकाल, तेल अवीव में बजे सायरन :** इस बीच अमेरिका के 'एबीसी न्यूज' चैनल की खबर में इजराइल के रक्षामंत्री



इजराइल कैट्ज के हवाले से कहा गया है कि इजराइल ने शुक्रवार सुबह स्थानीय समयानुसार ईरान के विरुद्ध दर्जनों हमले किए। साथ ही इजराइल में आपातकाल की घोषणा की।

## इजराइल और ईरान में रहने वाले भारतीयों के लिए दूतावासों ने जारी की सलाह

**तेल अवीव/तेहरान ।** इजराइल और ईरान के बीच बढ़ रहे टकराव से दोनों देशों में स्थित भारतीय दूतावास के अधिकारियों ने भारतीय नागिरकों के लिए सलाह जारी की है। भारतीय नागरिकों से सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करने का आग्रह किया गया है।इजराइल में भारतीय दूतावास ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर आज सुबह इजराइल में रहने वाले भारतीय नागरिकों के लिए सलाह जारी की है।

## होसैन सलामी की मौत से ईरान में गुस्सा, इजरायल पर हमले की आशंका बढ़ी

अमेरिका के सीबीएस न्यूज चैनल की खबर के अनुसार, इजराइल की सेना ने शुक्रवार सुबह ईरानी परमाणु सुविधा केंद्रों और शोध वैज्ञानिकों को निशाना बनाया। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने इसे ऑपरेशन राइजिंग लायन नाम दिया है। ईरानी राज्य टेलीविजन ने कहा कि इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स के प्रमुख होसैन सलामी हमलों में मारे गए।

# केवाईसी अपडेट अब किसी भी बैंक ब्रांच से किया जा सकेगा, चाहे होम ब्रांच हो या अन्य

**खाताधारक अपने लंबे समय से बंद पड़े खातों व बिना क्लेम किए गए डिपॉजिट को फिर से चालू कर सकेंगे**

**ब्यूरो**

नई दिल्ली। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने केवाईसी नियमों को और भी आसान करने के लिए नये निर्देश जारी कर दिये। ऐसे में अब बैंक खाताधारक अपने लंबे समय से बंद खातों और बिना क्लेम किए गए डिपॉजिट को फिर से चालू कर सकेंगे। इन नए नियम के अनुसार अब ग्राहक को अपना खाता चालू कराने के लिए जहां खाता खोला गया था उसी ब्रांच में जाने की जरूरत नहीं है।क्योंकि अब केवाईसी अपडेट किसी भी बैंक ब्रांच से किया जा सकेगा चाहे वो होम ब्रांच हो या उसी बैंक का कोई अन्य ब्रांच। इसी के साथ ग्राहक अब वीडियो काल से भी केवाईसी कर सकते हैं।इसे वीडियो- कस्टमर आइडेंटिफिकेशन प्रोसेस कहते हैं। ये सुविधा विशेषकर बुजुर्गों, एनआरआई व ग्रामीण इलाकों के लोगों के लिए बहुत फायदेमंद हो सकते हैं।लेकिन इसमें फ्राड नहीं हो इसकी भी सावधानी बरतनी पड़ेगी। बारह जून को जारी अधिसूचना में रिजर्व बैंक ने कहा कि अब बैंकिंग कॉरेस्पोंडेंट को केवाईसी का अपडेशन या पीरियोडिक अपडेशन करने की अनुमति है। रिजर्व बैंक ने यह भी कहा कि बैंकों को केवाईसी अपडेशन प्रक्रिया का अनुपालन करने के लिए ग्राहकों को कम से कम पत्र से एक बार सूचना देनी होगी और कम से कम तीन अग्रिम सूचनाएं देनी होंगी। रिजर्व बैंक ने बैंकों व एनबीएफसी को निर्देश दिया है कि वे तथाकथित कम जोखिम वाले ग्राहकों से सभी लेन-देन की अनुमति दें, भले ही उनका केवाईसी पेंडिंग हो। इन ग्राहकों के पास केवाईसी अपडेट के लिए 30 जून 2026 तक का समय है। केंद्रीय बैंक ने बैंकिंग कॉरेस्पोंडेंट को केवाईसी अपडेट का अधिकार दिया है। बैंकिंग कॉरेस्पोंडेंट गैर सरकारी संगठन, स्वयं सहायता समूह, माइक्रो फाइनेंस संस्थान जैसे संगठन हैं, जिन्हें बैंक अपने एजेंट के रूप में कार्य करने के लिए अनुबंधित करता है। आपका स्थानीय किराना दुकान मालिक भी बैंकिंग कॉरेस्पोंडेंट के रूप में पैनल में शामिल हो सकता है, यदि उसे बैंक से अनुमति मिल गई है।

## ईरान ने टॉप कमांडरों की मौत के बाद नए सैन्य प्रमुख नियुक्त किए

**तेहरान।** तेहरान पर इजरायली हवाई हमलों में टॉप सैन्य कमांडरों की मौत के बाद ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने शुक्रवार को नए सैन्य प्रमुखों की नियुक्ति की। हवाई हमलों में ईरान के सशस्त्र बलों के चीफ ऑफ स्टाफ मोहम्मद बाघेरी, इस्लामिक रिवोल्यूशन गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) के कमांडर हुसैन सलामी और खात्म अल-अंबिया सेंट्रल हेडक्वार्टर्स के प्रमुख गुलाम अली राशिद मारे गए।



## राम मंदिर के आसपास नहीं बनेंगी ऊंची इमारतें

**अयोध्या ।** राम मंदिर के आसपास ऊंची बिल्डिंगों के निर्माण पर रोक लगा दी गई है। अयोध्या विकास प्राधिकरण ने मास्टर प्लान-2031 के तहत यह कदम उठाया है। इसके तहत अयोध्या में मौजूद राम मंदिर के आसपास कम ऊंचाई के मकान ही बनाए जा सकेंगे। एडीए ने राम मंदिर की सौंदर्य और आध्यात्मिक पवित्रता को बनाए रखने के प्रयास के तहत यह आदेश जारी किया है। बता दें कि 22 जनवरी 2024 को पीएम मोदी के नेतृत्व में राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की गई थी। इसके बाद से मंदिर निर्माण के विस्तार सहित अन्य योजनाओं पर काम चल रहा है। वहीं, राम मंदिर के आसपास के मकानों की ऊंचाई को लेकर एक अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि अयोध्या विकास प्राधिकरण ने मास्टर प्लान-2031 के तहत राम मंदिर के आसपास प्रतिबंधित क्षेत्र घोषित कर दिया है। इसके तहत राम मंदिर के आसपास ऊंची इमारतों के निर्माण पर रोक लगा दी गई है।

# भारत और चीन का आपस में संपर्क बढ़ाने का फैसला



- भारत की चीन से फिर से सब कुछ शुरू करने की कोशिश
- सीधी हवाई यात्रा को जल्दी शुरू करने पर बनी सहमति

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** भारत व चीन, दोस्ती की गरज है तो दोनों को , लेकिन भारत को ज्यादा है। तमाम कारण हैं। रेसर अर्थ मेटल को ही ले लें , चीन ने अमेरिका सहित भारत को भी 4 अप्रैल से दुर्लभ मृदा तत्वों की सप्लाई रोक दिया है। भारत में कारों, ट्रकों , फ़ोन जैसे प्राडक्ट बनाने वाली कंपनियां त्राहिमाम करने लगी हैं। क्योंकि इनके पास चीन से आयात किये गये रेअर अर्थ मेटल का स्टाक लगभग खत्म होने के कगार पर है। इससे चुंबक,कम्प्यूटर चिप्स आदि बनते हैं जो गाड़ियों, कम्प्यूटर आदि में लगते हैं। सो भारत व इसकी कंपनियां चीन से अपने रिश्ते सुधारने की कोशिश तेज कर दिये हैं। इसके लिए विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने दो दिन के लिए भारत आए चीन के उप विदेश मंत्री सुन वेईडोंग से दिल्ली में मुलाकात की। दोनों देशों ने यह फैसला किया है कि वे लोगों के बीच संपर्क बढ़ाएंगे। इसमें कोरोना के समय से बंद दोनों देशों के बीच सीधी उड़ानें फिर से शुरू करना भी शामिल है। इस संबंध में पिछली बार दोनों देशों के बीच पांच माह पहले जनवरी में बीजिंग में बात हुई थी। इस बार की बातचीत में उस बैठक में हुई बात को ही और आगे बढ़ाया गया। विक्रम मिसरी ने कैलाश मानसरोवर यात्रा को फिर से शुरू करने में चीन के सहयोग की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह भारत के तीर्थयात्रियों के लिए बहुत अच्छी बात है। बीते वर्ष दोनों देशों ने इस बारे में 6 मामले में सहमति जताई थी। विदेश सचिव ने अप्रैल 2025 में हुई ट्रांस-बॉर्डर नदियों पर एक्सपर्ट लेवल मैकेनिज्म की बैठक का भी जिक्र किया। इस बैठक में दोनों देश हाइड्रोलॉजिकल डेटा व अन्य तरह के सहयोग को साझा करने पर राजी हुए थे। हाइड्रोलॉजिकल डेटा का मतलब है नदियों से जुड़ी जानकारी, जैसे पानी का स्तर व बहाव से जुड़े आंकड़े। बातचीत में सीधी हवाई यात्रा को जल्द से जल्द शुरू करने पर जोर दिया गया। दोनों देश एक नए एयर सर्विस एग्रीमेंट को अंतिम रूप देने की उम्मीद कर रहे हैं।

दोनों पक्षों ने वीजा आवेदन की प्रक्रिया को आसान बनाने और मीडिया, विद्वानों और थिंक टैंक के बीच आदान-प्रदान को बढ़ावा देने के लिए भी कदम उठाने पर सहमति जताई। भारत और चीन के बीच राजनयिक संबंधों की स्थापना के 75 साल पूरे होने पर कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। दोनों देशों ने व्यापार और अर्थव्यवस्था जैसे क्षेत्रों में बातचीत करने का भी फैसला किया है। इसका मकसद है कि अलग-अलग क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाया जा सके। भारत ने गुरुवार को कहा कि वह चीन के साथ संपर्क में है। दरअसल, चीन ने दुर्लभ मृदा तत्व से जुड़े सामानों के निर्यात पर कुछ नियंत्रण लगाए हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा, 'हम दिल्ली और बीजिंग दोनों जगह चीनी पक्ष के साथ संपर्क में हैं, ताकि अंतरराष्ट्रीय नियमों के अनुसार व्यापार के लिए सप्लाई चेन में स्थिरता लाई जा सके।' दुर्लभ मृदा तत्व ऐसे पदार्थ होते हैं जो इलेक्ट्रॉनिक्स और अन्य उद्योगों के लिए बहुत जरूरी होते हैं। अप्रैल में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी अपने चीनी समकक्षों, शी जिनपिंग और ली कियांग से मुलाकात की थी। यह मुलाकात दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर हुई थी। विक्रम मिसरी ने चीनी राजदूत शू फेइहोंग की ओर से आयोजित एक कार्यक्रम में भाग लिया था। मिसरी ने कहा था कि यह कार्यक्रम तब और भी अच्छा होगा, यदि दोनों देशों की ओर से लिए गए संकल्पों को ठोस कार्यों में बदला जाए।

# मेटा ने चुनौती से पार पाने के लिए अलेक्जेंडर वांग को किया नियुक्त

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** एआई के क्षेत्र में मेटा को गूगल, माइक्रोसॉफ्ट, ओपनएआई व परप्लेक्सिटी से बहुत चुनौती मिल रही है, उससे पार पाने के लिए मेटा ने अलेक्जेंडर वांग को नियुक्त किया है। व अलेक्जेंडर वांग जिनका जन्म न्यू मैक्सिको में एक चीनी अप्रवासी माता-पिता के यहां हुआ था। उनके माता-पिता वहां नेशनल लेबोरेटरी में परमाणु भौतिक विज्ञानी थे। अलेक्जेंडर वांग बचपन से ही टेक फ्रेंडली थे। कॉलेज जाने से पहले वह प्रसिद्ध वेबसाइट क्वोरा में काम करते थे। वांग ने मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमआईटी) की पढ़ाई छोड़ कर ओपनएआई के सीईओ सैम ऑल्टमैन के स्टार्टअप, वाई कॉम्बिनेटर में शामिल हो गए। वाई कॉम्बिनेटर में रहते हुए उन्होंने क्वोरा के अपने साथी लूसी गुओ के साथ मिलकर 2016 में स्केल एआई नामक एक नई कंपनी शुरू की। वांग फ़िलहाल अपनी कंपनी "स्केल एआई" के सीईओ व को-फाउंडर हैं। यह एक डेटा-लेबलिंग स्टार्टअप है। बड़े पैमाने पर डेटा को लेबल करता है और उन्हें एआई सिस्टम को ट्रेंड करने के लिए जरूरी डेटासेट में व्यवस्थित करता है। स्केल एआई ने कुछ ही साल में ट्रेंड डेटा मार्केट पर कब्जा कर लिया है। उदाहरण के लिए स्केल एआई जैसी कंपनियों की ट्रेनिंग और डेटा की बदौलत ही सेल्फ-ड्राइविंग कारें सड़क पर चीजों के बीच फर्क कर पाती हैं।मार्क जुकरबर्ग के नेतृत्व वाली मेटा आर्टिफिशियल सुपर इंटेलिजेंस सिस्टम बनाना चाहती है, जिसके लिए उसने अलेक्जेंडर वांग को चुना है। वांग ही मेटा की नई रिसर्च लैब को लीड करेंगे। इस रिसर्च लैब में 50 माहिर टेक एक्सपर्ट होंगे ।इस प्रोजेक्ट पर मेटा 15 अरब डॉलर निवेश कर रही है। मेटा वैश्विक प्रतिस्पर्धा में बने रहने तथा उनसे आगे कुछ करने के लिए अपने उत्पाद- स्मार्ट ग्लास, फेसबुक, इंस्टाग्राम व वॉट्सऐप में एआई का समेकीकरण या इंटीग्रेशन बढ़ा रही है।

वह अपने एआई मॉडल को विकसित करने पर तो काम कर ही रही है, वांग के सहयोग से एआई व आर्टिफिशियल सुपर इंटेलिजेंस के क्षेत्र में भी कुछ बड़ा करना चाहती है।क्योंकि यह भविष्य की बड़ी चीज है। क्योंकि आर्टिफिशियल सुपर इंटेलिजेंस (एएसआई) आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का एक उन्नत रूप है जो समस्या-समाधान, निर्णय लेने, रचनात्मकता और भावनात्मक समझ सहित सभी पहलुओं में मानव बुद्धि से आगे निकल जाता है। यह एआई विकास के उच्चतम चरण का प्रतिनिधित्व करता है, जो वर्तमान क्षमताओं से आगे है।



## सुपर माइंड वाला एलेक्जेंडर वांग हैं कौन जिसको मेटा ने इतनी बड़ी जिम्मेदारी दी है?

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** एलेक्जेंडर वांग स्केल एआई के सह-संस्थापक व सीईओ हैं ।स्केल एआई एक कृत्रिम बुद्धिमत्ता कंपनी है जो कृत्रिम बुद्धिमत्ता के लिए एप्लिकेशन विकसित करने के लिए डेटा लेबलिंग व माडल मूल्यांकन सेवाएं देती है।एलेक्जेंडर वांग 2021 में 24 साल की उम्र में, विश्व के सबसे कम उम्र के स्व-निर्मित अरबपति बन गए। फोर्ब्स ने अप्रैल 2025 तक उनकी कुल संपत्ति 3.6 बिलियन डॉलर होने का अनुमान लगाया है ।एलेक्जेंडर वांग का जन्म न्यू मैक्सिको के लास एलामोस में हुआ था। अलेक्जेंडर वांग जिनका जन्म न्यू मैक्सिको के लास एलामोस में एक चीनी अप्रवासी माता-पिता के यहां हुआ था। उनके माता-पिता वहां नेशनल लेबोरेटरी में परमाणु भौतिक विज्ञानी थे। वांग को बचपन से ही गणित व कंप्यूटर प्रोग्रामिंग का शौक था। उन्होंने 2013 में मैथ ओलंपियाड प्रोग्राम , 2014 में यब एस फिजिक्स टीम के लिए अर्हता प्राप्त की और 2012 व 2013 में यूएसएसीओ के फाइनलिस्ट थे। वांग की शिक्षा लास एलामोस हाई स्कूल में हुई ।उसके बाद वह वेल्थ मैनेजमेंट कंपनी, अडेपर में सॉफ्टवेयर इंजीनियर बनने के लिए सिलिकॉन वैली चले गए। वांग ने किशोरावस्था में क्वोरा में एक सॉफ्टवेयर प्रोग्रामर के तौर पर काम किया ।उन्होंने 2016 में मेसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट आफ टेक्नालाजी में एडमिशन लिया , लेकिन पढ़ाई पूरी नहीं कर, बीच में ही छोड़कर 2016 में स्केल एआई की सह-स्थापना की, जो एक कृत्रिम बुद्धिमत्ता कंपनी है जो कृत्रिम बुद्धिमत्ता के लिए एप्लिकेशन विकसित करने के लिए डेटा लेबलिंग व माडल मूल्यांकन सेवाएं प्रदान करती हैं। उस दौरान अमेजन के पूर्व कार्यकारी जेफ विल्के ने वांग के सलाहकार के रूप में काम किया।इस कंपनी की ग्रोथ की स्थिति यह रही कि 2021 में, कंपनी का मूल्यांकन 7.3 बिलियन डॉलर हो गया, जिससे वांग को 1 बिलियन डॉलर मिल गया, क्योंकि उनके पास कंपनी का 15% हिस्सा था। स्केल एआई को अमेरिका के रक्षा अनुबंध प्राप्त हुए । और इसे पेंटागन के मुख्य डिजिटल व कृत्रिम बुद्धिमत्ता कार्यालय द्वारा सैन्य योजना व निर्णय लेने के लिए बड़े भाषा माडल की सुरक्षा व विश्वसनीयता का परीक्षण व मूल्यांकन करने के लिए चुना गया है। वांग को 2023 में एक्सपीडिया ग्रुप के बोर्ड का सदस्य बनाया गया। वांग ने जुलाई 2023 में, हाउस आर्म्ड सर्विसेज उपसमिति की सुनवाई में गवाही दिया, जिसमें कृत्रिम बुद्धिमत्ता को अपनाने में अमेरिकी सरकार के सामने आने वाली चुनौतियों और संभावित समाधानों पर बात की गई। जून 2024 में, वांग ने घोषणा की कि स्केल एआई ने योग्यता , उत्कृष्टता व बुद्धिमत्ता (एमईआई) भर्ती नीति को औपचारिक रूप दिया है, जिसमें कहा गया है- "हमारा मानना है कि लोगों को उनके चरित्र की सामग्री से आंका जाना चाहिए - और, सहकर्मियों के रूप में, उनकी प्रतिभा, कौशल व कार्य नैतिकता से भी आंका जाना चाहिए।" एमईआई विविधता , समानता व समावेश (डीईआई) के समान लेकिन विपरीत अभ्यास है। वांग 2025 में डोनाल्ड ट्रम्प के दूसरे शपथ समारोह के समय तकनीक-आधारित संस्थापकों व मुख्य कार्यकारी अधिकारियों के समूह में शामिल थे । उन्होंने राष्ट्रपति ट्रम्प को सीधे संबोधित करते हुए एक पत्र भी लिखा, जिसमें घोषणा की गई कि "अमेरिका को एआई युद्ध जीतना चाहिए"। बाद में वांग ने विश्व आर्थिक मंच पर अमेरिका व चीन के बीच कृत्रिम बुद्धिमत्ता में होड़ के बारे में बोलते हुए डीपसीक की क्षमताओं के बारे में बात की। वांग ने फरवरी 2025 में इंग्लैंड के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर, भारत के पीएम मोदी, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल, अमेरिकी प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष माइक जानसन से भी मुलाक़ात की। माइक जानसन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर हाउस बिपार्टिसन टास्क फ़ोर्स को भी देखते हैं , उनसे वांग ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर वैश्विक सहयोग के बारे में बात की।

# अहमदाबाद विमान हादसा जांच में ज्यादा फोकस 'इंजीनियरिंग व मैनेजमेंट अकाउंटेबिलिटी' पर

**ब्यूरो**

- **लैंडिंग गियर नीचे रहने से पता चलता है कि पायलट किसी अन्य संकट से निपटने में व्यस्त थे**



**नई दिल्ली।** 12 जून को अहमदाबाद से लंदन जा रही एअर इंडिया के प्लेन क्रैश व उसमें 241 यात्रियों की मौत होने को डीजीसीए ने दुनिया का सबसे खराब विमान हादसा बताया। नागरिक उड्डयन मंत्रालय के अधिकारियों का कहना है कि इस हादसे के मुख्य रूप से तीन कारणों – मैकेनिकल फेलीयर, ह्यूमन यानी मानवीय विफलता या फिर रखरखाव विफलता के कारणों – की जांच होगी। उन्होंने बताया कि सबसे ज्यादा फोकस "इंजीनियरिंग और मैनेजमेंट अकाउंटेबिलिटी" पर रहेगा। प्रत्येक कारण की बारीकी से जांच की जाएगी। हादसे की तस्वीरों से साफ़ पता चलता है की दुर्घटना एक कारण से नहीं हुई थी। कई गलतियां साफ दिखाई दे रही है, जैसे कि उड़ान कैसे ऊपर उठी और कैसे यह जमीन पर गिर गई। उनके अनुसार, लैंडिंग गियर नीचे रहने से पता चलता है कि पायलट किसी अन्य संकट से निपटने में व्यस्त थे।एयर ट्रैफिक कंट्रोल ने कहा है कि विमान ने उड़ान भरने के तुरंत बाद ही आपातकाल का संकेत देते हुए "मेडे कॉल" किया। एक पूर्व विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो अधिकारी का सुझाव है कि प्रारंभिक जांच से ऐसा लगता है कि यह एक इंजन के फेल होने और दूसरे सक्रिय इंजन द्वारा पर्याप्त शक्ति उत्पन्न नहीं करने का मामला हो सकता है। उनके अनुसार, एअर इंडिया के हाल ही में हुए विस्तार पर भी विशेष रूप से इस दृष्टिकोण से विचार किया जाएगा कि क्या रखरखाव बेड़े के व्यापक उपयोग के साथ तालमेल बनाए रखता है।मालूम हो कि डीजीसीए पिछले तीन वर्षों से एयरलाइन को कॉकपिट अनुशासन, उड़ान संचालन और विमानों के रखरखाव में गंभीर चिंताओं का हवाला देते हुए कई चेतावनियां जारी कर रहा है। रिसोर्स मैनेजमेंट (उड़ान संचालन में टीम प्रबंधन अवधारणाएं) और स्विस मॉडल (जटिल प्रणालियों के भीतर कैसे घटनाएं या त्रुटियां होती हैं और उन्हें कैसे रोका जा सकता है, यह समझने के लिए एक रूपरेखा) के मानकों की भी विमानन मंत्रालय द्वारा जांच की जा रही है। 2022 में निजीकरण के समय से ही एअर इंडिया लगातार डीजीसीए की जांच के दायरे में है। वर्तमान में एअर इंडिया विभिन्न क्षेत्रों में लगभग 350 विमानों का संचालन कर रही है, जिनमें से 27 ड्रीमलाइनर हैं।इस दौरान गुजरात एटीएस ने दुर्घटनास्थल से डिजिटल वीडियो रिकॉर्डर बरामद किया है और इसे फोरेंसिक जांच के लिए भेज रही है। प्रारंभिक जांच डेटा से पता चलता है कि सिग्नल बंद होने से पहले उड़ान को 625 फीट या 190 मीटर से अधिक की ऊंचाई पर ट्रैक किया गया था। उस समय विमान 320 किलोमीटर प्रति घंटे से अधिक की गति से उड़ कर रहा था।

**कहानी फिल्म जगत की**

# 2025 की अपनी दोनों फिल्मों से आगे निकले अक्षय बॉक्स ऑफिस पर कमाई कर रही हाउसफुल 5



अक्षय कुमार के लिए साल 2025 अब तक अच्छा रहा है। साल के पहले छह महीनों में खिलाड़ी कुमार की तीन फिल्में सिनेमाघरों में पहुंचीं। स्काई फोर्स से शुरुआत करते हुए, अक्षय कुमार की एक्शन ड्रामा जनवरी में रिलीज़ हुई।

यह अक्षय कुमार की कोर्ट रूम ड्रामा केसरी 2 की पहले हफ्ते की कमाई से लगभग तीन गुना है। अक्षय, आर माधवन और अनन्या पांडे अभिनीत इस फिल्म ने पहले 7 दिनों के थिएटर रन के दौरान केवल 46 करोड़ रुपये कमाए और दिलचस्प बात यह है कि हाउसफुल 5 ने भारत में अपने नेट कलेक्शन के मामले में पहले ही फिल्म को पीछे छोड़ दिया है। अक्षय कुमार के लिए साल 2025 अब तक अच्छा रहा है। साल के पहले छह महीनों में खिलाड़ी कुमार की तीन फिल्में सिनेमाघरों में पहुंचीं। स्काई फोर्स से शुरुआत करते हुए, अक्षय कुमार की एक्शन ड्रामा जनवरी में रिलीज़ हुई। बाद में, उनकी ऐतिहासिक ड्रामा केसरी चैप्टर 2: द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ़ जलियाँवाला बाग सिनेमाघरों में रिलीज़ हुई।

अब, यह उनकी कॉमिक कैपर हाउसफुल 5 है जो लोगों का मनोरंजन कर रही है। तीनों में से, हाउसफुल 5 ने बॉक्स ऑफिस पर भारी कमाई की है। अक्षय कुमार ने अपना ही रिकॉर्ड तोड़ दिया है क्योंकि उनकी फिल्म हाउसफुल 5 ने स्काई फोर्स के आंकड़ों को पीछे छोड़ दिया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, अक्षय कुमार की हाउसफुल 5 ने पहले सात दिनों में लगभग 127.25 करोड़ रुपये कमाए हैं।




### केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री ने दिया निर्देश

## रातू रोड एलिवेटेड कॉरिडोर के नीचे बनेगा बैडमिंटन कोर्ट



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** रातू रोड में बनकर तैयार एलिवेटेड कॉरिडोर का केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने निरीक्षण किया। इस दौरान संजय सेठ ने अधिकारियों को एक खास निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि कॉरिडोर के नीचे खाली पड़ी जगह का सही इस्तेमाल किया जाएगा। वहां बैडमिंटन कोर्ट या खेल के अन्य मैदान बनाए जा सकते हैं ताकि स्थानीय लोगों को खेलने-कूदने का बेहतर माहौल मिल सके। उन्होंने अधिकारियों को इसके लिए जल्द योजना बनाने को कहा है। जानकारी हो कि इस कॉरिडोर का उद्घाटन 19 जून को किया जाएगा। इसके लिए केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है। हालांकि अभी तक श्री गडकरी की ओर से कोई आधिकारिक जवाब नहीं आया है। उद्घाटन समारोह की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। उद्घाटन के बाद एलिवेटेड कॉरिडोर पर आम लोगों के वाहन भी दौड़ने लगेंगे।

# वाहन पड़ाव स्थल से बाहर पार्किंग की वसूली की तो रद्द होगा लाइसेंस

- सीमा के बाहर खड़े वाहन से शुल्क की वसूली अनधिकृत होगी

### रांची नगर निगम क्षेत्र में बंदोबस्त 31 वाहन पड़ाव स्थलों पर दो दिन के अंदर सूचना पट्ट लगाने का निर्देश




नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** रांची नगर निगम क्षेत्र में बंदोबस्त 31 वाहन पड़ाव स्थलों पर दो दिन के अंदर सूचना पट्ट लगाने का निर्देश बंदोबस्त हासिल करने वाले ठेकेदार एवं एजेंसी को दी गई है। पड़ाव स्थल पर लगाए जाने वाले सूचना पट्ट पर वाहन पड़ाव स्थल का नाम, दो और चार पहिया वाहन के लिए तय शुल्क, पड़ाव क्षेत्र की सीमा के साथ संवेदक के नाम एवं मोबाइल फोन नंबर अंकित करना जरूरी है। ऐसा नहीं करने वाले संवेदकों पर कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में शुक्रवार को निगम की ओर से आदेश जारी किया गया है, जिसमें निगम की ओर से तय क्षेत्र में ही वाहन पड़ाव शुल्क लेना मान्य होगा।

सीमा के बाहर या फिर आसपास की सड़क, चौक-चौराहा के समीप खड़ा किए गए वाहन के चालक से शुल्क की वसूली अनाधिकृत होगा।

शुल्क लेने वालों के पास पहचान पत्र जरूरी निगम की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि बंदोबस्त सभी वाहन पड़ाव पर शुल्क की वसूली करने वाले कर्मी के पास पूरा ब्यौरा के साथ पहचान पत्र जरूरी है। ऐसे कर्मचारी अगर पड़ाव के मद में प्राप्त शुल्क के एवज में पार्किंग परचा वाहन चालकों को नहीं देंगे, जिसमें उस दिन की तारीख, शुल्क व समय अंकित रहेगा। कहा गया है कि अतिरिक्त राशि लेने वाले कर्मी से संबंधित पड़ाव स्थल की अनुज्ञप्ति रद्द कर दी जाएगी एवं जरूरी होने पर विधि सम्मत कार्रवाई भी होगी। परेशानी होने पर टॉल फ्री नंबर पर दें सूचना निगम की ओर से शहरवासियों से विभिन्न इलाकों में स्थित पड़ाव स्थल पर व्यवस्था को लेकर किसी तरह की परेशानी, मनमाना शुल्क लेने या फिर दुर्व्यवहार होता है तो टॉल फ्री नंबर 18005701235 या मोबाइल फोन नंबर 9431104429 पर तत्काल सूचना देने का आग्रह किया गया है। बताया गया है कि किसी तरह की गतिविधि की शिकायत निगम कार्यालय में भी दर्ज होगी और उस पर तुरंत कार्रवाई की जाएगी।

## न्यूज बॉक्स

### सिटी व ग्रामीण एसपी ने राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से की मुलाकात



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से शुक्रवार को सिटी एसपी अजीत कुमार और ग्रामीण एसपी प्रवीण पुष्कर ने राज भवन में शिष्टाचार मुलाकात की। मुलाकात के क्रम में राज्यपाल ने रांची जिले में विधि-व्यवस्था की स्थिति पर चर्चा करते हुए दोनों पदाधिकारियों को कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ और प्रभावी बनाए रखने के लिए निर्देशित किया।

### आजसू का प्रतिनिधिमंडल राज्यपाल से मिला राज्य की कानून- व्यवस्था से कराया अवगत



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से शुक्रवार को राज भवन में आजसू पार्टी का एक शिष्टमंडल संजय मेहता के नेतृत्व में मिला। वहीं राज्य में बिगड़ती कानून-व्यवस्था को लेकर एक ज्ञापन सौंपा। शिष्टमंडल ने राज्यपाल को अवगत कराया कि वर्ष 2025 में अब तक राज्य में लगभग 400 लोगों की हत्या हो चुकी है, जो विधि-व्यवस्था की अत्यंत चिंताजनक स्थिति को दर्शाता है। उन्होंने हाल के दिनों में घटित विभिन्न हत्या की घटनाओं की ओर राज्यपाल का ध्यान आकृष्ट कराते हुए राज्य में व्याप्त असुरक्षा के वातावरण पर गहरी चिंता व्यक्त की।

### महासभा का शिष्टमंडल राज्यपाल से मिला

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से शुक्रवार को अखिल भारतीय वाल्मीकि महासभा का एक शिष्टमंडल राज भवन में भेंट कर समाज से जुड़ी विभिन्न समस्याओं से उन्हें अवगत कराया।

### बिहार के मंत्री सीएम हेमंत सोरेन से मिले



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से शुक्रवार को कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में बिहार सरकार में भवन निर्माण विभाग के कैबिनेट मंत्री डॉ. अशोक चौधरी ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी।

### राजधानी की ट्रैफिक व विधि-व्यवस्था को लेकर आईजी ने की समीक्षा बैठक

# एसएसपी, सिटी एसपी, ग्रामीण एसपी सहित ट्रैफिक एसपी को दिए जरूरी दिशा निर्देश

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** आईजी मनोज कौशिक ने डीआईजी सह एसएसपी, सिटी एसपी, ग्रामीण एसपी और ट्रैफिक एसपी सहित सभी पुलिस उपाधीक्षकों के साथ रांची जिला के यातायात और विधि-व्यवस्था संधारण को लेकर बैठक की। इसमे रांची जिला अंतर्गत गुणवत्तापूर्ण यातायात संधारण और विधि-व्यवस्था से संबंधित कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए।

इसमें राजधानी रांची में ट्रैफिक हेल्पलाइन/व्हाट्सएप नंबर जारी किया जाएगा, जिसमें आम जनता की ट्रैफिक से संबंधित समस्या का त्वरित समाधान किया जाएगा। सड़क को अतिक्रमण मुक्त करने हेतु नगर निगम, संबंधित थाना और यातायात थाना के परस्पर समन्वय से अभियान चलाया जाएगा।

ट्रैफिक जाम की समस्या का निवारण के लिए संबंधित क्षेत्र के थाना प्रभारी एवं यातायात थाना पदाधिकारी की संयुक्त जिम्मेवारी तय की जाएगी। रोड इंजीनियरिंग से संबंधित समस्या को भी जिला प्रशासन के सहयोग से सुचारु रुप से चालू किया जाएगा।

बच्चों के स्कूल में आगमन और प्रस्थान के समय में भी ट्रैफिक संबंधित समस्या पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। अनावश्यक कट, जिससे यातायात नियमों के पालन करने में बाधाएं उत्पन्न कर रही है, को चिन्हित करते हुए बंद किया जाएगा। जनता से अपील की गई है कि अपने लंबित चालान शुल्क को यथाशीघ्र जमा करवाकर चालान का निष्पादन करें। ट्रैफिक वॉलेंटियर बनकर यातयात संधारण में सहभागिता के लिए आम जनता के लिए व्हाट्सएप नंबर जारी किया जाएगा। वहीं गूगल इंडिया के साथ जल्द ही मीटिंग कर गूगल मैप में रूट-लाइन (ब्लॉक रोड/डिस्टर्ब रूट) हेतु जानकारी अपडेट की जाएगी आदि शामिल है।

### पत्रकारों के रिम्स में प्रवेश पर लगे प्रतिबंद्ध का भाजपा का विरोध, कहा

## खामियां उजागर होने नहीं देना चाहती है राज्य सरकार

नवीन मेल संवाददाता




**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता बिजय चौरसिया ने स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी के द्वारा यू ट्यूबरों और पत्रकारों पर दिए आदेश पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि एक तरफ राज्य के स्वास्थ्य केंद्रों में मंत्री ने दलालों, बिचौलियों के हस्तक्षेप और प्रवेश पर खुली छूट दे रखी है। दूसरी ओर सच्चाई उजागर करते राज्य के यू ट्यूबरो और पत्रकारों पर प्रतिबंध लगाने का तुगलकी फरमान जारी किए हैं। कहा कि सरकार अपनी हीं नाकामियों से डरी हुई है और चीजों को सुधारने के बजाय उसे छिपाने के घृणित प्रयास में लगी है। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार ने अपने बड़बोले स्वास्थ्य मंत्री को आगे करते हुए सेंसरशिप की जनविरोधी कदम उठाया है। स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी का वह काला फरमान, जिसमें यूट्यूबर्स और तथाकथित "अनधिकृत" पत्रकारों के सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों में प्रवेश और समाचार संकलन पर प्रतिबंध लगाया गया है, प्रेस की स्वतंत्रता, लोकतंत्र और जनता के सूचना के अधिकार पर क्रूर प्रहार है। कहा कि यह सेंसरशिप का नंगा नाच न केवल हेमंत सरकार की नाकामियों और भ्रष्टाचार को छिपाने की साजिश है, बल्कि दलालों-बिचौलियों को संरक्षण देने की उसकी कुत्सित मंशा को भी उजागर करता है।

## राज्य के डिग्री कॉलेजों में इंटर के विद्यार्थियों का नहीं होगा नामांकन

- कॉलेज अब सिर्फ स्नातक स्तर की शिक्षा देंगे
- छात्रों के लिए वैकल्पिक व्यवस्था का निर्देश
- 10वीं पास छात्रों के लिए भी लागू होगा नया नियम

नवीन मेल संवाददाता




**रांची।** झारखंड सरकार ने राज्य के सभी अंगीभूत महाविद्यालयों में इंटरमीडिएट की पढ़ाई को पूरी तरह समाप्त करने का निर्णय लिया है। सरकार ने स्पष्ट निर्देश जारी किया है कि अब इन कॉलेजों में इंटर में नामांकन नहीं होगा। यह आदेश सुप्रीम कोर्ट व झारखंड हाईकोर्ट द्वारा पारित निर्णयों और नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रावधानों के अनुरूप लिया गया है। राज्य सरकार ने कहा है कि कॉलेज स्तर की शिक्षा अब केवल स्नातक से शुरू मानी जाएगी। ऐसे में कॉलेजों में इंटर की कक्षाएं नीति के प्रतिकूल हैं। राज्यपाल सचिवालय ने भी सभी विश्वविद्यालयों को निर्देशित किया है कि इंटर में नामांकन लेना नीति के प्रतिकूल है। इसलिए इस व्यवस्था को तत्काल समाप्त किया जाए।

सरकार ने यह सुनिश्चित करने को कहा है कि वर्तमान में 12वीं में अध्ययनरत छात्रों का नामांकन निकटवर्ती सरकारी या उत्क्रमित +2 स्कूलों या मान्यता प्राप्त इंटर कॉलेजों में कराया जाए। यदि छात्र की सुविधा के अनुसार 5 किमी के दायरे में कोई विकल्प नहीं है, तभी विशेष अनुमति के तहत कॉलेज में इंटर कक्षा संचालित की जा सकती है, बशर्ते उसके पास वैध मान्यता हो। जिला स्तर पर सभी अधिकारियों को यह निर्देश दिया गया है कि वे अपने क्षेत्र के अंगीभूत महाविद्यालयों से समन्वय स्थापित करें और सुनिश्चित करें कि सभी प्रभावित छात्रों का नामांकन वैकल्पिक संस्थानों में समय पर पूरा हो। शैक्षणिक सत्र 2025-26 से 10वीं पास छात्र भी अंगीभूत कॉलेजों में इंटर में नामांकन नहीं ले सकेंगे. उन्हें सिर्फ +2 उच्च विद्यालयों या वैध इंटर कॉलेजों में ही प्रवेश मिलेगा। उल्लेखनीय है कि पिछले सत्र में रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा ने अपने 14 अंगीभूत कॉलेजों में इंटरमीडिएट में नामांकन पर रोक लगा दी थी। इस मामले को झारखंड हाई कोर्ट से सुप्रीम कोर्ट तक चुनौती दी गई। सुप्रीम कोर्ट ने 17 जनवरी 2025 को रांची यूनिवर्सिटी के पक्ष में फैसला सुनाया।

### तंबाकू के दुष्प्रभाव से लोगों को किया जाएगा जागरुक, बोले डॉ असीम

## मादक पदार्थ मस्तिष्क के काम करने के तरीके को प्रभावित करता है

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** निषिद्ध मादक पदार्थों के दुरुपयोग को रोकने के लिए जागरूकता कार्यक्रम सह प्रशिक्षण का समापन सिविल सर्जन कार्यालय सभागार में हुआ। इसके साथ ही शुक्रवार से 26 जून तक जिला के शहरी क्षेत्र एवं सभी प्रखंड में जागरूकता कार्यक्रम चलाया जाएगा। इस जागरूकता अभियान के तहत सभी प्रखंडों के विभिन्न टोलों- मोहल्लों एवं चौक चौराहों में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को तंबाकू के दुष्प्रभाव एवं इसका सेवन नहीं करने के लिए जागरूक किया जाएगा। इस दौरान प्रशिक्षण प्राप्त ट्रेनर के द्वारा पंचायत ब्लॉक स्तर पर बैठक कर लोगों को नशा का सेवन नहीं करने को लेकर जागरूक किया जाएगा। साथ ही समुदाय के लोगों को नशे के खतरों और नशा मुक्ति अभियान के बारे में जानकारी दी जा रही है। नशा से ग्रसित लोगों को नशा छोड़ने के लेकर प्रेरित किया जाएगा। स्कूलों और कॉलेजों में जागरूकता कार्यक्रम चलाकर युवाओं को नशे के खतरों से अवगत कराया जा रहा है ताकि वे इसकी चपेट में नहीं आ सके। वहीं रांची जिला में पोस्टर, बैनर,पंपलेट के माध्यम से भी लोगों को जागरूक किया जा रहा है। सार्वजनिक स्थान में नशा करने वाले लोगों को दंडित किया जाएगा साथ ही उन पर जुर्माना भी लगाया जाएगा। कार्यक्रम के समापन पर डीआरसीएचओ डॉ असीम मांझी ने बताया कि नशा एवं अन्य मादक पदार्थों का सेवन हमारे मस्तिष्क के काम करने के तरीके को बहुत प्रभावित करता है। यह हमारी मानसिक क्षमता और मनोदशा पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है जिसका सीधा असर हमारे स्वास्थ्य पर पड़ता है।

### उद्योग निदेशक संग चैंबर के प्रतिनिधियों ने की बैठक

## व्यापार शुरू करने में आने वाली बाधाओं को दूर करने की मांग

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** होटल, बैंक्वेट, बार, लाउंज, रेस्तरां के व्यापार को शुरू करने में विभिन्न कानूनी प्रक्रियाओं के अनुपालन और लाईसेंसी जटिलताओं को लेकर चैंबर ने उद्योग निदेशक सुशांत गौरव के साथ बैठक की। चैंबर अध्यक्ष परेश गट्टानी के नेतृत्व में विभिन्न होटल, बैंक्वेट, बार, लाउंज के संचालक शामिल हुए। ज्ञात हो कि डी-रेगुलेशन और व्यापार करने में आसानी के लिए हाल ही में कैबिनेट सचिवालय, राष्ट्रपति भवन के विशेष सचिव केके पाठक के झारखंड प्रवास के दौरान औद्योगिक संघों के साथ हुई बैठक के आलोक में यह बात सामने आई थी कि होटल, बैंक्वेट, रेस्तरां के चालू करने और उन्हें संचालित करने के लिए कई तरह की कानूनी प्रक्रियाओं का अनुपालन करना पडता है। श्री पाठक के निर्देश पर इस बैठक का आयोजन किया गया था ताकि लाइसेंसी जटिलताओं की जानकारी लेकर केंद्र को अवगत कराया जा सके। विभिन्न विभागों से एनओसी, दस्तावेजों की अधिकता पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा गया कि विभागीय अनुमोदन की प्रक्रिया और उसमें होनेवाले विलंब से निवेशक हतोत्साहित होते हैं जिससे राज्य में हॉस्पिटैलिटी सेक्टर के विकास में बाधा उत्पन्न होती है। चैंबर अध्यक्ष ने इन प्रक्रियाओं को सरल बनाने की पहल का आग्रह किया। यह कहा कि इससे न केवल उद्यमियों का समय और संसाधनों की बचत होगी बल्कि राज्य में अधिक निवेश और रोजगार सृजन को भी बढ़ावा मिलेगा। सकारात्मक रूप से संपन्न हुई वार्ता में उद्योग निदेशक सुशांत गौरव ने इस मामले में जरूरी कार्रवाई का भरोसा दिलाया। यह आश्वस्त किया कि हॉस्पिटैलिटी सेक्टर के इन सुझावों को केंद्र सरकार से समन्वय बनाकर, कार्रवाई की जाएगी।

### छात्र मौत मामला : हाईकोर्ट में उपस्थित हुए डीजीपी और बीआईटी के वीसी

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट के गुरुवार के आदेश के आलोक में शुक्रवार को राज्य के डीजीपी हाईकोर्ट के समक्ष उपास्थित हुए। उनके साथ बीआईटी के वाइस चांसलर, डीन और रजिस्ट्रार भी कोर्ट में हाजिर हुए। जिसके बाद कोर्ट ने उक्त सभी को अगली सुनवाई में पेशी से छूट दी। शुक्रवार को सुनवाई के दौरान अदालत ने डीजीपी को निर्देश दिया कि शिक्षण संस्थानों में छात्रों की सुरक्षा के लिए एसओपी (स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर)तैयार कीजिए, ताकि ऐसी घटनाएं दोबारा ना हो। इसके साथ ही अदालत ने बीआईटी मेसरा प्रबंधन पर कड़ी नाराजगी जताई है। दरअसल बीआईटी मेसरा पॉलिटेक्निक कॉलेज के छात्र राजा पासवान की संदिग्ध मौत मामले में झारखंड हाई कोर्ट ने कड़ा रुख अपनाया है।

### जानकारी | 540 पदाधिकारियों व कर्मियों को दिया गया जियो फेंसिंग करने का प्रशिक्षण

# मतदान केंद्र के क्षेत्रों की करेंगें जियो फेंसिंग

- 11 से 13 तक चलने वाले 3 दिवसीय प्रशिक्षण के माध्यम से प्रशिक्षित किया

नवीन मेल संवाददाता



**मतदान केंद्र क्षेत्र की सीमा सुनिश्चित हो**

के. रवि कुमार ने कहा कि जियो फेंसिंग के माध्यम से प्रत्येक मतदान केंद्र क्षेत्र की सीमा सुनिश्चित की जा सकेगी जिससे बीएलओ द्वारा आसानी से अपने क्षेत्र के मतदाताओं तक पहुंच बनाई जा सकेगी। प्रशिक्षण के तीसरे एवं अंतिम दिन भी उपस्थित प्रतिभागियों को पीपीटी, प्रैक्टिकल एवं फील्ड विजिट कराया गया व उनके द्वारा किए गए कार्यों को मूल्यांकित भी किया गया।

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा कि राज्य के सभी 29,562 मतदान केंद्र के क्षेत्रों का जियो फेंसिंग कराने के लिए विभिन्न जिलों से आए 540 पदाधिकारियों एवं कर्मियों को 11 से 13 जून तक चलने वाले तीन दिवसीय प्रशिक्षण के माध्यम से प्रशिक्षित किया गया है। ये पदाधिकारी एवं कर्मी अपने जिलों में बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजर के साथ सामंजस्य स्थापित करते हुए उनके मतदान केंद्र के क्षेत्रों का जियो फेंसिंग करने का कार्य करेंगे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी शुक्रवार को निर्वाचन सदन में आयोजित मतदान केंद्र के क्षेत्रों का जियो फेंसिंग से संबंधित प्रशिक्षण सत्र को संबोधित कर रहे थे।

इस अवसर पर संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार, उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी देव दास दत्ता, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के पदाधिकारी एवं कर्मी, विभिन्न जिलों से आए उप निर्वाचन पदाधिकारी एवं संबंधित जिलों के कर्मी उपस्थित रहे।

## पृष्ठ एक के शेष

**टीएसपीसी के एरिया कमांडर समेत पांच...**

दौरान पांच उग्रवादियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार उग्रवादियों में प्रशांत जी उर्फ अवधेश कुमार सिंह के अलावा आदित्य गंझू, देवेन गंझू, धरम गंझू और रूपलाल गंझू शामिल हैं। इनके पास से एक अमेरिकी कारबाइन, एक मैगजीन, एक देसी पिस्टल (7.62 मिमी), तीन देसी कट्टा, 28 जिंदा कारतूस, 09 मोबाइल, टीएसपीसी के 10 पर्चे, एक मैगजीन पाउच और एक चितकबरे रंग का पिठ्ठू बैग बरामद किया गया है। मामले की जानकारी देते हुए हजारीबाग एसपी अंजनी अंजन ने बताया कि प्रशांत पर पहले से हत्या, फायरिंग, फिरौती और सीएलए एक्ट के तहत कई गंभीर मामले दर्ज हैं। विगत 01 जून 2025 को केरेडारी थाना क्षेत्र में बीजीआर माइनिंग कंपनी के दो वाहनों को जलाकर उड़ाने की घटना में भी इनकी संलिप्तता सामने आई है। उस घटना के बाद ही एक एसआईटी टीम का गठन किया गया था। फिलहाल, सभी गिरफ्तार उग्रवादियों को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन लोगों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस की इस कार्रवाई से बड़कागांव अनुमंडल क्षेत्र में संभावित बड़ी उग्रवादी घटना टल गई।

**अपील खारिज, हाईकोर्ट ने जेपीएससी...**

चार सप्ताह में प्रार्थी को नियुक्त करे। एकल पीठ के आदेश के खिलाफ जेपीएससी ने अपील दाखिल कर हाईकोर्ट की खंडपीठ में चुनौती दी थी। ज्ञात हो कि जुलाई 2018 में जेपीएससी ने नागपुरी भाषा के लिए एसटी उम्मीदवारों के लिए बैकलॉग वैकेंसी के तहत असिस्टेंट प्रोफेसर के चार पदों के लिए विज्ञापन संख्या 5/2018 निकला था। इसके बाद दस्तावेजों की जांच में प्रार्थी को 85 मार्क्स में से 72.10 मार्क्स दिया गया था। लेकिन, इंटरव्यू लिस्ट जारी होने पर मनोज कुमार कच्छप का नाम उसमें नहीं आया था। इसके बाद उनकी ओर से हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की गई थी। कोर्ट ने मनोज कुमार कच्छप को इंटरव्यू में शामिल कराने का निर्देश जेपीएससी को दिया था। साथ ही कहा था कि इनका रिजल्ट इस याचिका के अंतिम आदेश से प्रभावित होगा। इसके बाद प्रार्थी को इंटरव्यू में शामिल कराया गया था, जेपीएससी ने 23 दिसंबर, 2021 को रिजल्ट जारी किया, लेकिन कोर्ट के आदेश के आलोक में एक पद पर रिजल्ट को रोक दिया था। बाद में कोर्ट ने मनोज कुमार कच्छप का रिजल्ट मंगाया था। जेपीएससी ने सीलबंद रूप में प्रार्थी का मार्क्स कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत किया था। इसमें कोर्ट को पता चला कि मनोज कुमार कच्छप उस पूरी परीक्षा में सबसे अधिकतम नंबर लाने वाला अभ्यर्थी है।

**दिल दहला देने वाली मौत से हम...**

में हुए हवाई हादसे से हम सभी स्तब्ध हैं। इतने सारे लोगों की अचानक और दिल दहला देने वाली मौत को शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। हम उनके दर्द को समझते हैं और यह भी जानते हैं कि जाने वाले पीछे खालीपन छोड़ गए हैं। इस खालीपन को आने वाले कई सालों तक महसूस किया जाएगा। प्रधानमंत्री मोदी अहमदाबाद सिविल अस्पताल में भर्ती घायलों से मिलने गए और करीब 10 पीड़ितों व उनके परिवार के सदस्यों से बातचीत की। प्रधानमंत्री ने विमान हादसे में बचे इकलौते यात्री रमेश विश्वास कुमार से भी मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। विमान हादसे के शिकार हुए राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रुपाणी के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया। प्रधानमंत्री के साथ राज्य के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल और गृहराज्य मंत्री हर्ष संघवी भी रहे। प्रधानमंत्री ने अहमदाबाद में उच्चस्तरीय बैठक कर हादसे के बाद की परिस्थितियों और राहत कार्यों को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उधर, हादसा स्थल पर व्यापक रूप से राहत कार्य जारी रहा। इसके साथ ही हादसे में जान गंवाने वाले यात्रियों की पुख्ता पहचान के लिए बड़े स्तर पर परिजनों के डीएनए सैंपल लिए गए। विमान दुर्घटना में जान गंवाने वाले यात्रियों के अबतक 219 परिजनों के डीएनए टेस्टिंग और ब्लड सैंपल लिए गए हैं। बाकी परिजनों से भी संपर्क किया जा रहा है। एफएसएल की 10 टीमों के 36 विशेषज्ञ चौबीसों घंटे कार्यरत हैं। वहीं, गुजरात सरकार ने उन जिलों/शहरों के कलेक्टरों को परिजनों से संपर्क साधने और उन्हें जरूरी सहायता पहुंचाने का निर्देश दिया है, जहां विमान हादसे के शिकार होने वाले यात्री रहते थे। साथ ही, संचार योजना के तहत विशेष टीमों का गठन कर परिजनों की काउंसलिंग और मनोबल मजबूत करने को कहा है।



# श्रद्धांजलि विमान दुर्घटना पर इंग्लैंड टीम ने एक मिनट का मौन रखा

## इंग्लैंड क्रिकेट टीम ने अहमदाबाद विमान हादसे में जान गंवाने वालों को श्रद्धांजलि देते हुए मैच से पहले काली पट्टी बांधी और एक मिनट का मौन रखा

**लंदन (आईएएनएस)**

भारत, ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका की क्रिकेट टीमों ने इंग्लैंड के विभिन्न हिस्सों में काली पट्टी बांधी और अहमदाबाद में हुई दुखद एयर इंडिया विमान दुर्घटना में मारे गए पीड़ितों की याद में एक मिनट का मौन रखा। गुरुवार को, लंदन के गैटविक हवाई अड्डे की ओर जा रहे एयर इंडिया के एक विमान के अहमदाबाद के सरदार वल्लभभाई पटेल अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ान भरने के कुछ ही क्षणों बाद दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से 240 से अधिक लोगों की मौत हो गई। बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर विमान हवाई अड्डे के ठीक बाहर स्थित बीजे मेडिकल कॉलेज के छात्रावास में दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें केवल एक ही जीवित बचा। बेकेनहैम में, भारतीय टीम ने भी एक पल का मौन रखा और शुक्रवार दोपहर से शुरू होने वाले अपने इंट्रा-स्क्वाड गेम से पहले काली पट्टी बांधी। "बेकेनहैम में इंट्रा-स्क्वाड गेम में शामिल खिलाड़ी और सहयोगी स्टाफ के सदस्य काली पट्टी बांधे हुए हैं।" बीसीसीआई ने अपने 'एक्स' अकाउंट पर कहा, "अहमदाबाद विमान दुर्घटना के पीड़ितों को श्रद्धांजलि देने के लिए आज एक मिनट का मौन भी रखा गया, जो कि मारे गए लोगों के प्रति सम्मान और प्रभावित परिवारों के साथ एकजुटता का प्रतीक है।

इस बीच, लॉर्ड्स में आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के तीसरे दिन के प्रसारण दृश्यों के अनुसार, ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका की टीमों के खिलाड़ियों ने स्टेडियम में मौजूद अंपायरों और दर्शकों के साथ अहमदाबाद में विमान दुर्घटना से प्रभावित पीड़ितों और परिवारों के प्रति एकजुटता का संकेत दिया। दोनों टीमों ने काली बांह की पट्टियां पहन रखी थीं और तीसरे दिन के खेल में पहली गेंद फेंके जाने से ठीक पहले मैदान पर फील्डिंग पोजीशन में एक पल का मौन रखा और आईसीसी हॉल ऑफ फेम में शामिल ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज मैथ्यू हेडन ने लॉर्ड्स में प्रतिष्ठित घंटी बजाई। तीसरे दिन के खेल की शुरुआत में, ऑस्ट्रेलिया ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एकमात्र खिताबी मुकाबले में दूसरे दिन के अंत में 144/8 के स्कोर के बाद 218 रनों की बढ़त हासिल की थी।

- ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका की क्रिकेट टीमें मैच में भाग ले रही थीं।
- अहमदाबाद विमान दुर्घटना के पीड़ितों और उनके परिवारों के प्रति संवेदना प्रकट की गई।
- दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने काली बांह की पट्टियां पहन रखी थीं।
- पहली गेंद फेंके जाने से पहले खिलाड़ियों, अंपायरों और दर्शकों ने एक मिनट का मौन रखा।

## एमएलसी 2025 : टी20 मैच में फिन एलन ने रचा इतिहास




# 19 छक्कों के दम पर जड़े 151 रन

### तोड़ दिए कई रिकॉर्ड

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

मेजर लीग क्रिकेट-2025 (एमएलसी) की शुरुआत 13 जून (भारतीय समय के अनुसार) से हो चुकी है। सीजन के पहले ही मैच में सैन फ्रांसिस्को की ओर से खेलते हुए फिन एलन ने इतिहास रच दिया है। न्यूजीलैंड के इस स्टार ओपनर ने एमएलसी-2025 के ओपनिंग मैच में 51 गेंदों में 151 रन की तूफानी पारी खेली। इस दौरान फिन एलन ने 19 छक्के और पांच चौके जड़े। वाशिंगटन फ्रीडम के खिलाफ इस तूफानी पारी के साथ फिन एलन ने एमएलसी इतिहास का सबसे तेज शतक भी अपने नाम कर लिया है। उन्होंने महज 34 गेंदों में शतक पूरा कर लिया। इसी के साथ एलन ने निकोलस पूरन को पीछे छोड़ दिया, जिन्होंने 40 गेंदों में एमएलसी में अपना शतक पूरा किया था। इस पारी के साथ फिन एलन टी20 इतिहास में एक पारी के दौरान सर्वाधिक छक्के जड़ने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। एलन ने इस मामले में क्रिस गेल और साहिल चौहान को पीछे छोड़ दिया है, जिन्होंने टी20 पारी के दौरान 18-18 छक्के जड़े थे। क्रिस गेल ने साल 2017 में रंगपुर राइडर्स की ओर से खेलते हुए ढाका डायनामाइट्स के खिलाफ नाबाद 146 रन की पारी खेली थी, जबकि साल 2024 में इस्टोनिया के साहिल चौहान ने साइप्रस के खिलाफ नाबाद 144 रन की पारी के दौरान 18 छक्के जड़े थे। मुकाबले की बात करें, तो ऑकलैंड कोलेजियम में खेले जा रहे इस मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी के लिए उतरी सैन फ्रांसिस्को ने निर्धारित 20 ओवरों में 5 विकेट खोकर 269 रन बना दिए। ये एमएलसी इतिहास का सबसे बड़ा स्कोर है। 65 के स्कोर तक दो विकेट गंवाने के बाद फिन एलन और संजय कृष्णमूर्ति ने सैन फ्रांसिस्को को संभाला। दोनों के बीच तीसरे विकेट के लिए 88 रन की साझेदारी हुई, जिसने टीम को मजबूत स्थिति में ला दिया। फिन एलन ने 151 रन की पारी खेली, जबकि कृष्णमूर्ति ने टीम के खाते में 36 रन का योगदान दिया। इनके अलावा हसन खान ने 18 गेंदों में नाबाद 38 रन की पारी खेली।

## पिता के विश्वास ने निकहत जरीन को बनाया दुनिया का दिग्गज मुक्केबाज

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** भारत में हॉकी के बाद क्रिकेट सर्वाधिक लोकप्रिय खेल के रूप में उभरा है। बेशुमार पैसे की बदौलत आज भी क्रिकेट देश में युवाओं की पहली पसंद है। लेकिन, माहौल बदल रहा है। क्रिकेट को दूसरे खेलों से चुनौती मिल रही है। इसमें पुरुषों के अलावा कई महिलाओं ने भी अहम योगदान दिया है। इसी कड़ी में एक बड़ा नाम मुक्केबाज निकहत जरीन का है। मुक्केबाजी को देश में पुरुषों का खेल माना जाता रहा है।

## भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने बेल्जियम को 3-2 से हराया दर्ज की लगातार तीसरी जीत

**एंटवर्प (आईएएनएस)।** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने बेल्जियम को 3-2 से शिकस्त देकर यूरोप दौरे में अपना लगातार तीसरा गेम जीत लिया है। हॉकी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में खेले गए इस मुकाबले में भारत की ओर से सोनम (4'), लालथंतलुंगी (32') और कनिका सिवाच (51') ने गोल दागे, जबकि बेल्जियम के लिए मैरी गोएन्स (37') और मार्टे मैरी (40') ने गोल किए। भारत ने खेल में शुरुआती बढ़त हासिल कर ली थी।

## आरसीबी के वरिष्ठ अधिकारी सोसाले को कर्नाटक उच्च न्यायालय से मिली जमानत

**बेंगलुरु (आईएएनएस)।** चार जून को टीम के विजय जश्न के दौरान भगदड़ मचने से 11 लोगों की मौत हो जाने की घटना के मामले में गिरफ्तार रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के वरिष्ठ अधिकारी निखिल सोसले को कर्नाटक उच्च न्यायालय ने अंतरिम जमानत दे दी है। सोसाले के साथ आरसीबी से जुड़ी इवेंट मैनेजमेंट कंपनी डीएनए नेटवर्क के भी दो लोगों को विशिष्ट शर्तों पर जमानत मिली है। तीनों लोगों के पासपोर्ट को जब्त कर लिया गया है।

## श्रेयस अय्यर की मुंबई फाल्कंस फाइनल में हारी, मराठा रॉयल्स बने चैंपियन




**मुंबई (आईएएनएस)**

श्रेयस अय्यर की सोबो मुंबई फाल्कंस को गुरुवार को मुंबई टी20 लीग के फाइनल में शिकस्त का सामना करना पड़ा जहां पर उनकी टीम वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई साउथ सेंट्रल मराठा रॉयल्स से पांच विकेट से हार गई। यह अय्यर की बतौर कप्तान टी20 लीग में 10 दिन के अंदर लगातार दूसरी फाइनल में हार है। इससे पहले तीन जून को अहमदाबाद में पंजाब किंग्स को आईपीएल 2025 के फाइनल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) से हार का सामना करना पड़ा था। सोबो ने 157 रन बनाए, जिसमें अय्यर ने 17 गेंद में 12 रनों की पारी खेली। सिद्धेश लाड की कप्तानी वाली मराठा रॉयल्स ने चार गेंद और 5 विकेट शेष रहते लक्ष्य हासिल कर लिया। अय्यर ने पांच पारियों में 62 रन बनाए, जिसमें 25 रन उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर था। अय्यर ने फाइनल में हार के बाद कहा, "मैं किसी एक घटना पर टिप्पणी नहीं करना चाहता। कुल मिलाकर, लड़कों ने अपना प्रयास शानदार ढंग से किया। हमने फाइनल में पहुंचने के दौरान सिर्फ एक मैच हारा है। अगर आप किसी की आलोचना करते हैं तो यह मूल रूप से पीठ में छुरा घोंपने जैसा है और मुझे यह पसंद नहीं है।फाइनल में हार के बाद निराश होना आम बात है। इससे खिलाड़ियों को दुख होता होगा। लेकिन जब वे अगले साल वापस आएंगे, तो उनके पास अतिरिक्त प्रेरणा और आत्मविश्वास होगा। उन्हें अपने प्रयास पर गर्व होना चाहिए। अय्यर ने कप्तान के तौर पर बेहतरीन और बेहद सफल समय बिताया है।

## टोटेनहम हॉटस्पर के नए हेड कोच बने थॉमस फ्रैंक

**लंदन ।** टोटेनहम हॉटस्पर ने थॉमस फ्रैंक को टीम का नया हेड कोच नियुक्त किया है। थॉमस फ्रैंक के साथ यह कॉन्ट्रैक्ट साल 2028 तक के लिए रहेगा। थॉमस फ्रैंक के साथ जस्टिन कोचरन (असिस्टेंट कोच), क्रिस हसलम (हेड ऑफ परफॉर्मेंस और फर्स्ट टीम असिस्टेंट कोच) और जो न्यूटन (कोच विश्लेषक) टीम में शामिल होंगे। 2024/25 में एंज पोस्टेकोग्लू के नेतृत्व में टोटेनहम हॉटस्पर का लीग में प्रदर्शन निराशाजनक रहा था। टीम 38 में से 22 मैच गंवाकर 17वें स्थान पर रही थी। यह अब तक का उसका सबसे निचला स्थान है। हालांकि, टोटेनहम हॉटस्पर ने मई में मैनचेस्टर यूनाइटेड को हराकर यूईएफए यूरोपा लीग जीती और अगले सीजन में चैंपियंस लीग में अपनी जगह पक्की की। 51 वर्षीय थॉमस फ्रैंक ब्रेंटफोर्ड से आते हैं। उन्हें अप्रैल 2022 में प्रीमियर लीग मैनेजर ऑफ द मंथ अवॉर्ड के लिए नामित किया गया था।



## फैमिली इमरजेंसी के चलते इंग्लैंड सीरीज छोड़कर अचानक भारत लौटे गौतम गंभीर



**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

भारत-इंग्लैंड के बीच 20 जून से पांच मुकाबलों की टेस्ट सीरीज शुरू होने जा रही है। इस सीरीज के लिए भारतीय खेमा इस वक्त इंग्लैंड में है, लेकिन हेड कोच गौतम गंभीर को फैमिली इमरजेंसी के चलते अचानक भारत वापस लौटना पड़ा है। गौतम गंभीर बेकेनहैम में भारतीय टीम के साथ मौजूद थे, जहां शुक्रवार से इंट्रा-स्क्वॉड प्रैक्टिस मैच खेला जाएगा। इसकी शुरुआत से पहले ही गौतम गंभीर को अपनी मां से संबंधित एक महत्वपूर्ण जानकारी मिली, जिसके बाद उन्हें आनन-फानन में भारत लौटने का फैसला लेना पड़ा। इस मामले में शुक्रवार को एक सूत्र ने 'आईएएनएस' से कहा, "हां, कल यह बात सामने आई कि गंभीर अपनी मां से संबंधित एक महत्वपूर्ण फैमिली इमरजेंसी के चलते घर वापस लौट रहे हैं।

# व्यापार/लाइफ व साइंस

## अहमदाबाद विमान हादसे के पीड़ितों के लिए एलआईसी दावों के निपटान में लाएगा तेजी

**नई दिल्ली (आईएएनएस) ।** अहमदाबाद में एयर इंडिया की फ्लाइट एआई-171 की दुखद दुर्घटना के मद्देनजर, भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने शुक्रवार को पीड़ितों के परिवारों पर वित्तीय बोझ को कम करने के लिए तत्काल उपायों की घोषणा की। एलआईसी ने दुर्घटना में मारे गए यात्रियों, क्रू मेंबर्स सहित घटना के समय जमीन पर मौजूद लोगों की मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया। "भारतीय जीवन बीमा निगम अहमदाबाद में विमान दुर्घटना के कारण एयर इंडिया की फ्लाइट एआई-171 के यात्रियों और क्रू मेंबर्स और हादसे के समय जमीन पर मौजूद लोगों की मौत पर गहरा दुख व्यक्त करता है।



## भारत-ब्रिटेन एफटीए से 25.5 अरब पाउंड का अतिरिक्त व्यापार संभव: ब्रिटिश राजनयिक

**मुंबई (आईएएनएस)।** दक्षिण एशिया के लिए ब्रिटेन के व्यापार आयुक्त हरजिंदर कांग ने कहा कि भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते से 25.5 बिलियन पाउंड का अतिरिक्त व्यापार मूल्य संभव होगा। एक पैनल चर्चा में भाग लेते हुए उन्होंने कहा, "यह समझौता केवल एक व्यापार सौदा नहीं है; यह ब्रिटेन-भारत आर्थिक सहयोग के अगले अध्याय का ब्लूप्रिंट है। मौजूदा व्यापार में 43 बिलियन पाउंड और वृद्धिशील लाभ में 25.5 बिलियन पाउंड के साथ यह निर्माताओं और सेवा प्रदाताओं दोनों के लिए वास्तविक लाभ के द्वार खोलता है। उन्होंने पुष्टि की कि सेवाओं का उदारीकरण, ऑटो टैरिफ (कोटा के साथ) और फ्यूचर-रेडी टेक सिक्योरिटी कॉरिडोर को समझौते में शामिल किया गया है।



### अमेरिका में बिकने वाले 97% आईफोन भारत में बने

# ₹37 हजार करोड़ के फोन का निर्यात ट्रंप ने कहा था- अमेरिका में बनाओ आईफोन

### ट्रंप ने एपल पर 25% टैरिफ लगाने की धमकी दी थी

**नई दिल्ली । एजेंसी**

एपल को ट्रंप की धमकी के बावजूद अमेरिका में बिकने वाले लगभग सभी आईफोन भारत में बन रहे हैं। रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक एपल ने मार्च से मई 2025 के बीच भारत से जितने भी आईफोन एक्सपोर्ट किए, उनमें से 97% अमेरिका भेजे गए हैं। इनकी कीमत 3.2 बिलियन डॉलर (27,000 करोड़ रुपए) रही। सिर्फ मई में ही करीब 1 बिलियन डॉलर यानी 8,600 करोड़ के आईफोन भारत से अमेरिका भेजे गए हैं। यानी एपल अब भारत में आईफोन एक्सक्लूसिव तौर पर अमेरिकी बाजार के लिए बना रहा है। जनवरी से मई 2025 तक भारत से अमेरिका को 4.4 बिलियन डॉलर(37 हजार करोड़) के आईफोन एक्सपोर्ट हो चुके हैं। ये आंकड़ा 2024 के 3.7 बिलियन एक्सपोर्ट से भी ज्यादा है। 2024 तक अमेरिका में बेचे जाने वाले 50% आईफोन भारत में बनते थे।

डोनाल्ड ट्रंप ने 23 मई को कहा था कि अमेरिका में बेचे जाने वाले आईफोन की मैन्युफैक्चरिंग भारत या किसी अन्य देश में नहीं, बल्कि अमेरिका में ही होनी चाहिए। उन्होंने एपल के सीईओ टिम कुक को बता दिया है कि यदि एपल अमेरिका में आईफोन नहीं बनाएगा तो कंपनी पर कम से कम 25% का टैरिफ लगाया जाएगा। एपल सीईओ के साथ हुई इस बातचीत की जानकारी देते हुए ट्रंप ने 15 मई को कहा था कि एपल को अब अमेरिका में प्रोडक्शन बढ़ाना होगा। मुझे कल टिम कुक के साथ थोड़ी परेशानी हुई। मैंने उनसे कहा, टिम, तुम मेरे दोस्त हो, तुम 500 बिलियन डॉलर लेकर आ रहे हो, लेकिन अब मैं सुन रहा हूं कि तुम पूरे भारत में प्रोडक्शन कर



रहे हो। मैं नहीं चाहता कि तुम भारत में प्रोडक्शन करो। उन्होंने आगे कहा कि अगर तुम भारत का ख्याल रखना चाहते हो तो तुम भारत में निर्माण कर सकते हो, क्योंकि भारत दुनिया में सबसे ज्यादा टैरिफ वाले देशों में से एक है। भारत में बेचना बहुत मुश्किल है और उन्होंने हमें एक डील ऑफर की है। इसके तहत वे हमसे कोई टैरिफ नहीं वसूलने को तैयार हैं। मैंने टिम से कहा, देखो, हमने वर्षों तक चीन में तुम्हारे द्वारा बनाए गए सभी प्रोजेक्ट्स को सहन किया, अब तुम्हें अमेरिका में प्रोडक्शन करना होगा, हम नहीं चाहते कि तुम भारत में निर्माण करो। इंडिया अपना ख्याल खुद रख सकता है।

## इजरायल-ईरान में संघर्ष से वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतें बढ़ी



**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

ईरान के परमाणु संयंत्रों और मिसाइल फैक्ट्रियों पर इजरायल के हमले के बाद मध्य पूर्व में भू-राजनीतिक तनाव बढ़ने से शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में 9 प्रतिशत से अधिक की बढ़ोतरी हुई। बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड की कीमत 6 डॉलर से अधिक बढ़कर 78 डॉलर प्रति बैरल के पांच महीने के उच्चतम स्तर को पार कर गई। कार्रवाई के बाद इजरायल ने ईरान से जवाबी कार्रवाई की आशंका के चलते इमरजेंसी घोषित कर दी है। वहीं, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चेतावनी दी है कि इससे बड़े पैमाने पर संघर्ष हो सकता है।

### इजरायल-ईरान तनाव से सेंसेक्स 573 अंक लुढ़का

**मुंबई (आईएएनएस)।** भारतीय शेयर बाजार शुक्रवार के कारोबारी सत्र में लाल निशान में बंद हुआ। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 573.38 अंक या 0.70 प्रतिशत की गिरावट के साथ 81,118.60 और निफ्टी 169.60 अंक या 0.68 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 24,718.60 पर था। बाजार में गिरावट का नेतृत्व बैंकिंग शेयरों ने किया। निफ्टी बैंक 555.20 अंक या 0.99 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 55,527.35 पर था। इसके अलावा ऑटो, पीएसयू बैंक, फाइनेंशियल सर्विसेज, फार्मा, एफएमसीजी, मेटल और एनर्जी इंडेक्स लाल निशान में बंद हुए। आईटी, रियल्टी और मीडिया इंडेक्स हरे निशान में थे। लार्जकैप के साथ मिडकैप और स्मॉलकैप में भी बिकवाली देखने को मिली। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 213 अंक या 0.37 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 58,227.45 पर था।

## अदाणी सीमेंट और क्रेडाई ने की साझेदारी, सस्टेनेबल और हाई-क्वालिटी वाले शहरी निर्माण को बढ़ावा देंगे

**अहमदाबाद (आईएएनएस)**

अदाणी सीमेंट और कन्फेडरेशन ऑफ रियल एस्टेट डेवलपर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (क्रेडाई) ने शुक्रवार को देश में सस्टेनेबल और हाई-क्वालिटी वाले निर्माण को आगे बढ़ाने के लिए हाथ मिलाया। यह रणनीतिक साझेदारी अदाणी सीमेंट और देश के निजी रियल एस्टेट डेवलपर्स के शीर्ष निकाय को एक साथ लाती है, जिसका उद्देश्य दोनों संगठनों और निर्माण उद्योग को लाभ पहुंचाना है। इस साझेदारी के तहत अदाणी सीमेंट अपने बी2बी आउटरीच को मजबूत करने के लिए क्रेडाई के 13,000 से अधिक डेवलपर्स के राष्ट्रव्यापी नेटवर्क का लाभ उठाएगा, जबकि क्रेडाई के सदस्य अदाणी सीमेंट के उद्योग-अग्रणी समाधानों से लाभान्वित होंगे।

## गोल्ड लोन नियमों में ढील से ग्रोथ को रफ्तार




**मुंबई (आईएएनएस)**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की ओर से गोल्ड लोन के लिए लोन-टू-वैल्यू (एलटीवी) बढ़ाने से नॉन-बैंकिंग फाइनेंशियल कंपनियों (एनबीएफसी) की ग्रोथ को बढ़ावा मिल सकता है। क्रिसिल की ओर से शुक्रवार को जारी की गई रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई थी। आरबीआई की ओर से गोल्ड लोन एलटीवी पर जारी फाइनल डारेक्शन में बताया गया कि 2.5 लाख रुपए तक के गोल्ड लोन के लिए एलटीवी अब 85 प्रतिशत होगा, जो कि पहले 75 प्रतिशत था। क्रिसिल रेटिंग्स ने रिपोर्ट में बताया कि एनबीएफसी कंपनियों के गोल्ड लोन पोर्टफोलियो में 70 प्रतिशत से अधिक लोन 5 लाख रुपए से कम की टिकट साइज के है। क्रिसिल रेटिंग्स की निदेशक मालविका भोटिका ने कहा, "कम-टिकट लोन के लिए एलटीवी स्टैंडर्ड में संशोधन से गोल्ड लोन-केंद्रित एनबीएफसी को दो तरह से लाभ होने की उम्मीद है। सबसे पहले यह बुलेट रीमेंट लोन में अर्जित ब्याज को ध्यान में रखने के बाद भी एलटीवी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए अधिक कुशन प्रदान करेगा।